रविवारीय
लखनऊ, रविवार
20 जुलाई, 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष 10
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 328 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net

चौथे टेस्ट से पहले बोले ग्रेग चैपल, गिल की असली परीक्षा अब होगी



# यूपी में बड़े धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की आगरा पुलिस ने अवैध धर्मांतरण के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये देश के छह राज्यों से दस लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शनिवार को पत्रकारों को

- छह राज्यों से जुड़े नेटवर्क के 10 लोग गिरफ्तार
- विदेशी फंडिंग का भी खुलासा



बताया कि आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी छद्म नाम से गैर मुस्लिम युवतियों से दोस्ती कर उन्हे प्रेमजाल में फंसाते थे और बाद में उन्हे इस्लाम अपनाने पर मजबूर किया जाता था। उन्होने बताया कि पूरे मामले की शुरुआती जांच में इस गिरोह का संबंध पीएफआई, एसडीपीआई और पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से होने के संकेत मिले हैं। इस घटना के संबंध में बंगाल, गोवा, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 11 टीमों को लगाया गया था जिन्होने आयशा (एसबी कृष्णा) गोवा, अली हसन (शेखर राय) कोलकाता, ओसामा-कोलकाता, रहमान कुरैशी-आगरा, अब्बू तालिब-खालापार, मुजफ्फरनगर,अबुर रहमान-देहरादून, मोहम्मद अली-जयपुर,राजस्थान, जुनैद कुरैशी-जयपुर, मुस्तफा (मनोज)-दिल्ली, मोहम्मद अली-जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि आगरा पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में उत्तर प्रदेश की विशेष एजेंसी एटीएस और एसटीएफ भी शामिल थी। अब इस मामले की आगे की जांच के लिए अन्य राज्यों की पुलिस तथा केंद्रीय जांच एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। उन्होने बताया कि आगरा जिले में पिछली मार्च में दो सगी बहनों जिनकी उम्र 33 वर्ष और 18 वर्ष की थी गुमशुदगी का मामला उनके परिवार में दर्ज कराया था। जिसमें धारा 87, 111(3), 111(4) और 3/5 उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म सा परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की जांच के दौरान सदर बाजार पुलिस और साइबर पुलिस को रेडिकलाइजेशन लव जिहाद में शामिल लोगों के बारे में पता चला, जिनकी फंडिंग कनाडा और अमेरिका से हो रही थी। आगरा पुलिस ने इसकी जानकारी डीजीपी मुख्यालय और अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था को दी, जिसके बाद इस पूरे मामले की गहनता से जांच शुरू हुई।

गौरतलब है कि पुलिस ने एक नया मिशन अस्मिता लॉन्च किया था। इसके तहत पूर्व में अवैध धर्म परिवर्तन के सिंडिकेट के दो लोगों गौतम और मुफ्ती जहांगीर आलम को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया था। अभी हाल ही में बलरामपुर के उतरौला में धर्म परिवर्तन करने वाले जमालुद्दीन उर्फ ठाकुर के सिंडिकेट को एटीएस और एसटीएफ ने पर्दाफाश किया था।

## नेटवर्क में लव जिहाद का उपयोग, विदेशी फंडिंग

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने बताया कि इस नेटवर्क में लव जिहाद का उपयोग कर तथा विदेश से प्राप्त धन से धन परिवर्तन व रेडिकलाइजेशन के सबूत मिले हैं। गिरफ्तार अभियुक्त पूरे नेटवर्क में अलग-अलग रोल निभाते थे। जैसे फंड प्राप्त करना, फंड को चैनेलाइज करना, सेफ हाउस बनाना, लीगल एडवाइस देना, नए फोन व सिम प्रदान करना, प्रेम जाल में फसना, धर्म परिवर्तन के लिए सब्जबाग दिखाकर प्रेरित करना, धर्म परिवर्तन के लिए कागज तैयार करना व रेडीकलाइजेशन करना आदि शामिल है।

## पीएम मोदी अगले हफ्ते जाएंगे ब्रिटेन और मालदीव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर चार दिवसीय विदेश यात्रा पर जाएंगे। वे अगले सप्ताह ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा करेंगे। इस दौरान व्यापार समझौते और रिश्तों को बढ़ावा देने पर फोकस किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का पहला चरण 23-24 जुलाई को ब्रिटेन होगा, जहां वह ऐतिहासिक भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। यह समझौता टैरिफ में कमी करके ब्रिटेन को होने वाले 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर असर पड़ेगा। इससे भारत को भी फायदा होगा और व्हिस्की और कारों जैसे ब्रिटिश निर्यात सुगम होंगे। इसके बाद मोदी 25-26 जुलाई को मालदीव की यात्रा करेंगे, जहां वे 60वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। मोहम्मद मुइज्जू सरकार के कार्यकाल में यह यात्रा इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह मालदीव में कुछ नेताओं की ओर से भारत विरोधी बयानबाजी और अभियानों के कारण हाल ही में दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बाद पहली बार हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी की पिछली मालदीव यात्रा जून 2019 में हुई थी। चीन के तियानजिन शहर में 25वां शिखर सम्मेलन होना है।

# पायलट फेडरेशन का विदेशी मीडिया संस्थानों को कानूनी नोटिस

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून को हुए विमान हादसे को लेकर विदेशी मीडिया की भ्रामक रिपोर्टिंग पर भारतीय पायलट संघ

- कहा भ्रामक खबरों पर माफी मांगें

(एफआईपी) ने आपत्ति जताई है। एफआईपी ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में दोनों संस्थानों से गलत रिपोर्टिंग के लिए माफी मांगने की मांग की गई है। भारतीय पायलट संघ (एफआईपी) के अध्यक्ष सीएस रंधावा ने बताया कि हमने कानूनी कार्रवाई शुरू की है। हमने द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को उनकी



रिपोर्टों पर एक नोटिस भेजा है। हमने उनसे माफी मांगने के लिए कहा है। रॉयटर्स और द वॉल स्ट्रीट जर्नल को भेजे एक ईमेल में, एफआईपी ने कहा कि हमें पता चला है कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया के कुछ वर्ग बार-बार चुनिंदा और असत्यापित रिपोर्टिंग के माध्यम से विमान हादसे का निष्कर्ष निकालने का प्रयास कर रहे हैं। इस हादसे ने जनता को बड़ा सदमा पहुंचाया है। यह भारतीय विमानन उद्योग की सुरक्षा को लेकर, खासकर निराधार तथ्यों के आधार पर जनता में चिंता या आक्रोश पैदा करने का समय नहीं है। एफआईपी ने कहा कि मीडिया संस्थान आधिकारिक पुष्टि और अंतिम रिपोर्ट के बिना ऐसी कोई भी सामग्री प्रकाशित या प्रसारित न करें जिसमें दुर्घटना के कारणों पर अटकलें लगाई गईं हों और मृत पायलटों को दोषी ठहराती हों। इस तरह की अटकलें लगाने वाली सूचनाओ का प्रकाशन बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। इससे मृत पायलटों की प्रतिष्ठा को गंभीर और अपूरणीय क्षति हुई है। रॉयटर्स ने शोक संतप्त परिवारों को अनावश्यक संकट में डाला है और पायलट वर्ग का मनोबल गिराया है, जो भारी दबाव और सार्वजनिक जिम्मेदारी के तहत काम करता है।

## मीडिया रिपोर्ट्स सिर्फ अटकलें : अमेरिकी एजेंसी

अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर सामने आई मीडिया रिपोर्ट्स को लेकर अमेरिकी एजेंसी ने सावधान रहने की सलाह दी है। यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) की अध्यक्ष जेनिफर होमेंडी ने कहा, जो बातें सामने आई हैं वो सिर्फ अटकलें लगाने वाली हैं। भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने अभी अपनी शुरुआती रिपोर्ट जारी की है। इस तरह की जांच में समय लगता है। होमेंडी की यह टिप्पणी अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की रिपोर्ट को लेकर है। तीन दिन पहले जारी इस रिपोर्ट में दावा किया गया कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी।

## भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 5 जेट गिरे : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष

- 24वीं बार कहा- जंग मैंने रुकवाई



रुकवाने का दावा किया। साथ ही उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में पांच जेट गिरे थे। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान कही। ट्रम्प अब तक 24 बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने की बात कह चुके हैं। पहली बार ऐसा दावा उन्होंने 10 मई को सोशल मीडिया पर किया था। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने लड़ाई में 5 भारतीय विमान मार गिराए थे। वहीं, भारत ने भी कहा था कि पाकिस्तान के कुछ विमान गिराए गए हैं। पाकिस्तान ने अपने किसी भी विमान के नुकसान से इनकार किया, लेकिन हवाई ठिकानों को निशाना बनाने की बात मानी थी।

## पंजाब में आप विधायक का इस्तीफा

**चंडीगढ़।** खरड़ की विधायक अनमोल गगन मान ने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। मान ने एक ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। विधायक पद से स्पीकर को दिया गया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए। अनमोल गगन मान पंजाब सरकार में पर्यटन मंत्री रह चुकी हैं। अनमोल गगन मान का पंजाबी गायिका से मंत्री तक का सफर काफी दिलचस्प है। उन्होंने साल 2020 में आम आदमी पार्टी ज्वाइन की थी। उन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव में शिरोमणि अकाली दल के प्रत्यशी रणजीत सिंह गिल को करीब 37718 मतों से हराया था।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की शिष्टाचार भेंट

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर हादसे में छह की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर मथुरा के बलदेव क्षेत्र में कार सवार कैटरिंग कारीगर के परिवार पर मौत ने झपट्टा मारा।

अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कैटरिंग कारीगर के साथ उसके दो बेटे, दो भांजे और एक दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

हादसा इतना भीषण था कि दो लोगों की लाश कार में फंस गई। पुलिस ने उनकी लाशों को बमुश्किल बाहर निकाला। एक के बाद एक कर छह लाशें मार्ग पर रखी गईं। कार में सवार बासौनी के हरलालपुरा गांव के रहने वाले धर्मवीर (48) समेत घर के दोनों चिराग बुझ गए। मृतकों में धर्मवीर के बढ़पुरा हुसैद महोबा के दो भांजे दलवीर उर्फ छुल्ले, पारस सिंह, बेटे रोहित का दिल्ली का रहने वाला दोस्त दुष्यंत शामिल है। मृतक की पत्नी सोनी, बेटी पायल अस्पताल में जिंदगी के लिए जूझ रही हैं। सभी अखंड रामायण पाठ और भंडारा करने के लिए दिल्ली से बटेश्वर के लिए निकले थे।

## बेंगलुरु एयरपोर्ट पर यात्री से मिली 40 करोड़ की कोकीन

**बेंगलुरु।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने 18 जुलाई को दोहा से बंगलूरू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आए एक भारतीय पुरुष यात्री को रोका। इस दौरान उसके पास से 4006 ग्राम (चार किलोग्राम से अधिक) कोकीन बरामद की गई। इसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 40 करोड़ रुपये आंकी गई है। कोकीन मैगजीन के कवर में छिपाकर रखी गई थी। इसे एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया है। यात्री को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पिछले महीने मुंबई में डीआरआई ने एक नाइजीरियाई महिला को प्रतिबंधित पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई गई थी।

## शारदा यूनिवर्सिटी की छात्रा ने दी जान

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित शारदा यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल में शनिवार देर रात बीडीएस सेकंड ईयर की छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची नॉलेज पार्क कोतवाली



- सुसाइड नोट में दो शिक्षकों पर प्रताड़ना का आरोप

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छात्रा के कमरे से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उसने विश्वविद्यालय के डेंटल डिपार्टमेंट की एक महिला और एक पुरुष शिक्षक पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। मृतका विश्वविद्यालय में बीडीएस सेकंड ईयर की छात्रा थी और हाल ही में वह मानसिक दबाव में नजर आ रही थी। छात्रा की आत्महत्या की खबर फैलते ही हॉस्टल में हड़कंप मच गया। नाराज छात्रों ने देर रात हॉस्टल परिसर में जोरदार हंगामा किया और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस ने मामले में परिजन की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। दो प्रोफेसर को हिरासत में लिया है। छात्रों की मांग है कि प्रोफेसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## राज्य का दर्जा हमारा अधिकार : फारूक

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी मांग तेज़ कर दी है। पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जहाँ राज्य का दर्जा लोगों का वाजिब हक बताया है। वहीं, कांग्रेस केंद्र पर इस माँग को पूरा करने का दबाव बनाने के लिए श्रीनगर, जम्मू और दिल्ली में विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि मैं कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाने के लिए बधाई देना चाहता हूँ। वह खड़गे और राहुल द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे गए उस पत्र का जिक्र कर रहे थे जिसमें संसद के आगामी मानसून सत्र के दौरान जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की गई थी। एक सवाल के जवाब में, अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा क्यों नहीं बहाल किया जा सकता। यह हमारा अधिकार है।

# पीएम मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष का हमला

**मैसूर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 42 देशों का दौरा किया, लेकिन मणिपुर नहीं पहुंचे।

- वह 42 देशों में गए पर मणिपुर नहीं पहुंचे : खड़गे



खड़गे ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को लेकर भी केंद्र सरकार को घेरा। मैसूर में एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश की जनता भाजपा और आरएसएस को संविधान बदलने की इजाजत नहीं देगी। कांग्रेस पार्टी में लोग काम करते हैं, जबकि मोदी की भाजपा में लोग केवल बोलते हैं।

उन्होंने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की ओर से आरोपपत्र दाखिल करना केवल उनका और गांधी परिवार का नाम खराब करने की कोशिश है। केंद्र सरकार कांग्रेस पार्टी को निशाना बना रही है। खड़गे ने कहा कि वाड्रा के साथ जो कुछ किया गया है, वह एक व्यक्ति से बदला लेने और एक पार्टी को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। यह सब वाड्रा और गांधी परिवार को बदनाम करने की कोशिश के तहत किया जा रहा है। वे इसमें कभी सफल नहीं होंगे। अदालतें हैं। वाड्रा को जो परेशानी दी जा रही है, वह ठीक नहीं है। हम सभी उनके अच्छे काम का समर्थन करते हैं। कांग्रेस पर भूमि जिहाद का समर्थन करने के आरोप पर खड़गे ने कहा कि मुझे नहीं पता कि भूमि जिहाद क्या है? अगर वे मेरे खिलाफ कोई कार्रवाई करना चाहते हैं, तो स्वागत है, उन्हें करने दीजिए। जब भी वे कार्रवाई करेंगे, मैं उसका जवाब दूंगा।

## बिहार में अब डॉक्टर को मारी गोली

**पटना।** बिहार के गया में शनिवार सुबह एक चौंकाने वाली घटना में, स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. तपेश्वर प्रसाद को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना उस समय हुई

- गंभीर रूप से घायल

जब वह अपने खेत से लौट रहे थे, तभी अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार तीन अपराधियों ने घात लगाकर उन पर गोलियां चला दीं। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, डॉ. प्रसाद के जबड़े में गोली लगी है। स्थानीय अस्पताल में आपातकालीन उपचार के बाद, उन्हें आगे की देखभाल के लिए गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित के बेटे ने कहा, आज सुबह करीब 8 बजे, जब वह अपने खेतों से लौट रहा था, तभी बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोककर गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गए।

## चिंताजनक : सीवर से नदियों में घुल रही कृत्रिम मिठास

**नई दिल्ली।** शुगर-फ्री उत्पादों में इस्तेमाल होने वाली कृत्रिम मिठास अब केवल स्वाद तक सीमित नहीं रही, बल्कि पृथ्वी के लिए धीमा जहर बनता जा रहा है। एक वैश्विक अध्ययन के मुताबिक, सुक्रालोज और एसेसल्फेम

- आने वाली पीढ़ियों के लिए अदृश्य तबाही



जैसी मिठास दुनिया के कई देशों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को पार करते हुए सीधे नदियों, झीलों और समुद्री पर्यावरण में पहुंच रही हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अदृश्य संकट खड़ा कर रही है। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी सिडनी (यूटीएस) के वैज्ञानिकों द्वारा जर्नल ऑफ हैजर्डस मैटेरियल्स में प्रकाशित इस अध्ययन के मुताबिक भारत, अमेरिका, स्पेन और जर्मनी जैसे देशों में इन स्वीटनर्स की मौजूदगी बेहद चिंताजनक स्तर तक दर्ज की गई है।

ये कृत्रिम केमिकल इतने स्थिर हैं कि उन्नततम शोधन प्रणालियां भी इन्हें पूरी तरह साफ करने में विफल रहती हैं। भारत सहित 24 देशों में किए गए इस अध्ययन ने यह भी उजागर किया है कि गर्मियों के मौसम में इनकी मात्रा 30 प्रति. तक अधिक हो जाती है जो जल संसाधनों पर मौसमी दबाव के साथ मिलकर खतरे को कई गुना बढ़ा देती है।

**मूत्र या मल के जरिए बाहर निकल जाती है और सीवेज प्रणाली में जा रहे स्वीटनर्स**

इन स्वीटनर्स की रासायनिक संरचना ऐसी होती है कि यह शरीर में पचती नहीं। खाने या पीने के बाद यह सीधे मूत्र या मल के जरिए बाहर निकल जाती है और सीवेज प्रणाली में पहुंचती है। इनका असर अब जलीय जीवन, जल गुणवत्ता और यहां तक कि इंसानी डीएनए तक को प्रभावित कर रहा है।

# यूपी में अब बाजरा बढ़ाएगा किसानों की आमदनी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बाजरा श्रीअन्न की प्रमुख फसल है। यूपी में धान, गेहूं एवं मक्का के पश्चात लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बाजरा की खेती की जाती है। बाजरा

- सरकार दे रही अनुदान और एमएसपी

के दानो में भरपूर पौष्टिकता होती है। विशेष रूप से फाइबर, प्रोटीन, विटामिन बीकॉम्पलेक्स, कैल्शियम, फास्फोरस एवं मैगनीज तत्वों के साथ एन्टीआक्सीडेंट भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करती है। इससे बाजार में इसकी मांग है। बाजरा के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ में औषधीय गुण भी पाये जाते हैं। बाजरा के उत्पाद मधुमेह के नियंत्रण, हृदय के स्वास्थ्य सुधार हेतु उपयुक्त, ग्लुटेन मात्रा कम पाये जाने के कारण पेट के रोगों से राहत दिलाने में सहयोग के साथ ही वर्तमान समय में मोटापा कम करने और वजन सुधार में भी लाभदायक है। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक शोध एवं तकनीकी विकास के कारण बाजरे के दानों से कई प्रकार की औषधियों का भी निर्माण किया जा रहा है। योगी सरकार इन्हीं गुणों को देखते हुए बाजरा किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। बाजरा की खेती अपेक्षाकृत कम वर्षा (400-500 मिमी0) में भी की जा सकती है। वर्तमान में लगभग प्रदेश के 29 जनपदों में औसत से कम वर्षा पायी गयी है। जहां कम वर्षा के कारण धान की खेती नहीं की जा सकती, किसानों



के लिए उन क्षेत्रों में बाजरा की फसल लेना लाभदायक सिद्ध होगा। बाजरा की फसल लगभग धान की असफल बुवाई की स्थिति में अगस्त माह के मध्य तक कर सकते हैं। फसल की अवधि अधिकतम 80-85 दिन होने के कारण 10 नवम्बर के पूर्व कटाई कर रबी की फसल की बुवाई समय से की जा सकती है। बाजरा की फसल से 25-30 कुन्तल प्रति हेक्टेयर उत्पादन मिल जाती है, तो दूसरी तरफ धान की अपेक्षा लागत कम होने एवं बाजरा का बाजार मूल्य अधिक होने के कारण प्रति इकाई किसानों को अपेक्षाकृत अधिक लाभ की संभावना हो सकती है। बाजरा की संकर प्रजाति 86एम84, बायो-8145, एनबीएच-5929 के साथ संकुल प्रजाति धनशक्ति की उत्पादन क्षमता 35-40 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तक है।उत्तर प्रदेश में बहुत से क्षेत्रफल असमतल एवं वर्षा आधारित होने के कारण धान की खेती हेतु उपयुक्त नहीं होते हैं। ऐसी भूमि में भी बाजरा की खेती कर किसान अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते हैं परंतु बुवाई से पूर्व भूमि जनित रोगों से बचाने के लिए ट्राइकोडरमा, हारजीएनम 2 प्रतिशत पाउडर का 2.50 किग्रा0 की मात्रा से भूमि शोधन करना आवश्यक होता है।

# डीएम ने पशु चिकित्सक को फटकारा, निलंबित करने की चेतावनी

## महोलिया वीरान गौशाला पहुंचकर डीएम ने किया निरीक्षण, गायों की मौत पर जताई नाराजगी

**खुटार।** ग्राम पंचायत महोलिया वीरान की गौशाला सिमरा वीरान में 24 घंटे के अंदर से गायों की मौत होने और दो गायों की हालत गंभीर होने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को जिला अधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह अचानक गौशाला पहुंचे और उन्होंने गायों की मौत के लिए पशु चिकित्सक को जिम्मेदार मानते हुए फटकार लगाई और समय से बीमार गायों का उपचार करने के निर्देश दिए। लापरवाही पर रखने पर पशु चिकित्सक को निलंबित करने की चेतावनी दी।

क्षेत्र की ग्राम पंचायत महोलिया वीरान की अस्थाई गौशाला सिमरा वीरान में 16/17 जुलाई को 6 गायों की मौत हो गई थी। जबकि दो गए गंभीर रूप से बीमार पड़ी थी। जिनकी आंखें कौवा ने फोड़ दी थी। इसकी जानकारी होने पर हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने गायों की मौत की सूचना जिला अधिकारी को दी थी। इसके साथ ही समाचार पत्रो ने भी इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिससे पशुपालन विभाग के साथ ही जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया था। जिसके बाद शुक्रवार को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ ही खंड विकास अधिकारी ने गौशाला पहुंचकर स्थित का जायजा लिया था और व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए थे। गायों की मौत से जुडा होने की वजह से शनिवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह अचानक गौशाला पहुंचे और उन्होंने गौशाला की देखरेख करने वाले ग्राम प्रधान गुरमेज सिंह के साथ ही खुटार के पशु चिकित्सक डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद से गायों की मौत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सक डा. राजेंद्र प्रसाद को जिम्मेदार मानते हुए उन्हें जमकर फटकार लगाई और गौशाला में पल रही गायों की बेहतर देखरेख के साथ गौशाला में बीमार गायो का प्रतिदिन उपचार करने के निर्देश दिए। इसमे लापरवाही बरतने पर निलंबन की चेतावनी दी। जिला अधिकारी ने गौशाला में लगाए गए कंट्रोल रूम से अटैच सीसीटीवी कैमरे का रुख दूसरी ओर किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और गौशाला में लगाए गए पैरामेड को हटाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तुरंत उसे पुनः लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गौशाला में पल रहे गोवंश के 80 प्रतिशत टैगिंग मिलने पर उन्होंने सभी गोवंशों के टैग लगाने के निर्देश दिए। साथ ही गौशाला में आने जाने वाले ग्वाला और अन्य लोगों की उपस्थिति के लिए उपस्थिति रजिस्टर भी बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी राजेंद्र प्रताप, एसडीएम पुवाया चित्रा निर्वाल, पशु चिकित्सक डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, खंड विकास अधिकारी डॉक्टर आशीष सिंह, ग्राम प्रधान गुरमेज सिंह, सचिव अनुज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### गायों के शवों का पीएम न कराने पर बिफरे डीएम

**खुटार।** शनिवार को गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने गाड़ी से उतरते ही गौशाला में पहुंचकर सबसे पहले पशु चिकित्सा डॉ राजेंद्र प्रसाद से सवाल किया कि गौशाला में कितनी गायों की मौत हुई। जिस पर डॉक्टर ने जवाब दिया कि साहब तीन गायों की मौत हुई। डीएम साहब ने मृत गायो के शवो का पोस्टमार्टम कराने की बात पूछी, तब डॉक्टर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। बगैर पोस्टमार्टम कराए गायों के शवों को दफन करने पर डीएम नाराज हो गए और उन्होंने पशु चिकित्सा के साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी जमकर फटकार लगाई और भविष्य में बिना पोस्टमार्टम के गायों के शवो को दफन न करने की हिदायत दी।

### हिंयुस उत्तर प्रदेश ने की गौशाला शुरु कराने की मांग

**खुटार।** शनिवार को महोलिया वीरान गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्रा ने मिलकर ग्राम पंचायत रसवां कला व नगर पंचायत खुटार में काफी समय से बनकर तैयार हुई गौशाला को शुरू करने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि यह दोनों गौशाला जल्द ही शुरू कर दी जाएगी और इनमें निराश्रित गोवंशों को रखा जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री जितिन का ब्राह्मण समाज ने किया स्वागत

## जलालाबाद का नाम परशुराम पुरी किए जाने पर जताया आभार



**शाहजहांपुर।** जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर परशुरामपुरी किये जाने पर ब्राह्मण समाज ने जितिन प्रसाद का आभार जताया। केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयास के फलस्वरूप सरकार ने जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर भगवान परशुराम की जन्मस्थली के आधार पर परशुराम पुरी करने की हरी झण्डी दे दी है। तथा भगवान परशुराम जन्मस्थली के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य की प्रगति के लिए उनके इस अनुकरणीय योगदान का आभार व्यक्त करने के लिए ब्राहमण समाज के समस्त प्रतिनिधियों नें प्रसाद भवन जाकर केन्द्रीय मंत्री जितीन प्रसाद को फूल-मालाए पहनाकर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर केन्द्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया तथा ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक ने कहाँ कि सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज इस कार्य के लिए आभारी रहेगा और भविष्य में उपरोक्त स्थान की समृ?द्धि के लिए यह जनपद ही नही उत्तर प्रदेश के समस्त परशुराम वंशज मंत्री के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर नजर आयेगा। ब्राह्मण समाज के संरक्षक केशव मिश्रा सहित के.के. शुक्ला, डॉ. सत्यप्रकाश मिश्रा, विजय पाठक, अवधेश कुमार दीक्षित, हरिशरण बाजपेयी, श्रीदत्त शुक्ला, विनोद अवस्थी, विनय शर्मा, बृजेश त्रिपाठी, अनिल मिश्रा, विनीत मिश्रा, आलोक मिश्रा, ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, मनुज दीक्षित, संजय मिश्रा, विश्वदीप अवस्थी, सुशील दीक्षित, अशोक मिश्रा, महेश मिश्रा, कौशल मिश्रा, आलोक शुक्ला, दिनेश दीक्षित, रामेन्द्र मिश्रा, आलोक दिवेदी सहित सैकडों ब्राह्मण समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# स्पेशल ट्रेनों का किराया हो अन्य ट्रेनों के समान

**शाहजहांपुर।** मुरादाबाद डिविजन में समय-समय पर स्पेशल ट्रेन चलाई जाती हैं यात्रियों की सुविधा के लिए मगर यहां पर यात्रियों को सुविधा तो मिलती नहीं है और परेशानी ज्यादा स्पेशल ट्रेन को नंबर के आगे जीरो लगाकर रेल प्रशासन चलता है और अधिक किराया वसूलत है यही नहीं समय भी अधिक लगता है जिससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है ट्रेन भी समय से नहीं पहुंचती है तीन से चार घंटे देरी से चलती है 3 से 4 घंटे देरी से पहुंचती है यहा बताते चलें शाहजहांपुर से हरिद्वार का किराया मेल एक्सप्रेस ट्रेन का 220 रुपए स्लीपर क्लास का है लेकिन स्पेशल ट्रेन में यही किराया ?390 रुपए यात्री से लिया जाता है और ट्रेन भी काफी लेट पहुंची है यात्रियों का कहना है यदि सरकार समय-समय पर भीड़ से बचने के लिए स्पेशल ट्रेन चलती है तो अधिक किराया नहीं लेना चाहिए जो किराया और ट्रेन में है वही किराया लिया जाना चाहिए दिवाली पर स्पेशल ट्रेन चलती है होली पर स्पेशल ट्रेन चलती है छठ पूजा पर स्पेशल ट्रेन चलती है वर्तमान समय में कावड़ियों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है लेकिन किराया बहुत अधिक है जहां एक और सरकार कावरियो के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम खानपान सेवा और ठहरने की व्यवस्था कर रही है वहीं रेल प्रशासन यात्रियों से दुगना किराया वसूल रहा है रेल प्रशासन जितना किराया है ट्रेनों में है उतना ही किराया लिया जाना चाहिए जिससे यात्रियों पर अधिक भोज ना पड़े प्रतिभा मिश्रा आनंदपुरम कॉलोनी शाहजहांपुर रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन चलता है लेकिन किराया अधिक लिया जाता है जितना अन्य ट्रेनों में किराया है उतना ही किराया यात्रियों से लेना चाहिए रितेश कुमार पांडे हथोड़ा बुजुर्ग रोजा शाहजहांपुर रेल प्रशासन को साधारण ट्रेन के सहित किराया लिया जाना चाहिए लेकिन रेल प्रशासन स्पेशल ट्रेन के नाम पर अधिक किराया लेती है जिससे यात्रियों को परेशानी होती है प्रतिमा जलालाबाद इस संबंध में मुख्य वनिज निरीक्षक से बात की तो उन्होंने बताया रेल प्रशासन को दोहरी नीति नहीं अपना नहीं चाहिए जो किराया है वही किराया लिया जाना चाहिए स्क ठाकुर मुख्य वनिज निरीक्षक शाहजहांपुर

# रेलवे ट्रैक पर मिले शव की हुई शिनाख्त

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा और राम प्रसाद बिस्मिल स्टेशन के बीच में गुरुवार को रेलवे ट्रैक पर मिले शव की शिनाख्त हो गई हैं । मृतक ईरिक्शा



चालक था । पुलिस ने शिनाख्त के बाद उसके शव को परिजनों को दे दिया । ज्ञात रहे कि रोजा और बिलन्दापुर रेलवे क्रासिंग के पास रेलवे ट्रैक पर गुरूवार की दोपहर किसी ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई थी। जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था । उसके बाद शव की शिनाख्त के प्रयास में लग गई थी। जीआरपी और सिविल पुलिस ने आसपास के गांव वालो से उसके बारे में जानकारी की, लेकिन शाम तक शव के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली थी। वही शिनाख्त के पुलिस ने कई ग्रुपों में तस्वीरें साझा की थी । दूसरी ओर थाना रामचंद्र मिशन के रौसरकोठी निवासी पातीराम का पुत्र स्वामी दयाल (45) ई रिक्शा चालक था । रोज की तरह रिक्शा चलाकर जब देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई। शुक्रवार को परिजनों को जिंदीनगर के प्रधान के घर के पास पर लावरिस ई रिक्शा खड़े होने की सूचना मिली तो मृतक के बड़े भाई धीरेन्द्र राठौर ने रोजा जीआरपी पहुंचे और शव की शिनाख्त स्वामी दयाल के रूप में की। पुलिस ने शिनाख्त होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# चीनी मिल बोर्ड की बैठक संपन्न, कई प्रस्ताव पास

**तिलहर।** शनिवार को चीनी मिल संचालक मंडल की बैठक में अपर जिला अधिकारी वित्त अरविंद कुमार ने चीनी मिल के अधिकारियों को इस वर्ष मिल् की उपभोग क्षमता एवं रिकवरी बढ़ाने के निर्देश दिए।



तिलहर चीनी मिल के अतिथि गृह में आयोजित संचालक मंडल की बोर्ड बैठक में सर्वप्रथम गत वर्ष हुई बोर्ड बैठक के प्रस्ताव पर चर्चा की गई जिसमें सर्वसम्मत से एक मीटिंग हॉल बनाए जाने के प्रस्ताव को कार्य रूप प्रदान करने के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी ने दिए। चीनी मिल प्लांट की उपभोग क्षमता 92त्न से बढ़ाकर 95त्न कर दें तथा रिकवरी 9.66 प्रतिशत से बढ़ाकर 10त्न किए जाने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने दूसरी चीनी मिलों को अवैधानिक रूप से जा रहे गंन्ने को रोके जाने का अभियान चलाने का निर्देश दिया। बोर्ड बैठक में चीनी मिल की बाउंड्री बाल के पास बाईपास तथा निगोही रोड पर दुकान बनाए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मत से पारित किया गया। नगद कैश को बढ़ाने पर जोर दिया। किसानो के बैठने के लिए भवन बनाने को कहा। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र मिश्रा, उपसभापति दोदराम राम कुशवाहा, प्रधान प्रबंधक शैलेन्द्र अस्थाना, मुख्य गन्ना अधिकारी दमिनेश राय, मुख्य अभियंता महेंद्र यादव, सुरेश पाल सिंह आशुतोष सिंह एडवोकेट, चंद्रभान सिंह अन्ना, श्याम बहादुर सिंह, धरम वीर, रविंद्र सिंह, सुरेश पाल सिंह, आशीष अवस्थी सहित सभी संचालक मौजूद रहे।

# प्रदर्शनी का महापौर अर्चना वर्मा ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**कलान।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ईश्वरीय अनुभूति राजयोग प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि शाहजहांपुर की महापौर अर्चना वर्मा ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। पलक ने स्वागत गीत कोमल ने भजन प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। महापौर अर्चना वर्मा ने भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। अनुभूति राजयोग प्रदर्शनी लगाई गयी है।इस प्रदर्शनी में भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों के एक ही स्थान पर भक्तों को निशुल्क दर्शन कराये जा रहे हैं। अर्चना वर्मा ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जो युवाओं, परिवार और समाज की ज?ों को खोखला बना रही है। नशे की जद में



आकर कई परिवार उज? जाते हैं।नशा नाश की ज? है,जो न केवल स्वास्थ्य को खत्म करता है बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी छिन्न-भिन्न करता है।उन्होंने युवाओं से अपील की कि नशे से दूरी बनायें।बहन बीके रीना ने कहा परमपिता परमात्मा एक है। परमात्मा से प्रेम करना समस्त मानव जाति से प्रेम करना है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर अर्चना वर्मा,मुख्य संचालिका कलान बीके रीना,बीके अरुणा,बीके अनीता,बीके किरन,बीके सौम्या, बीके शालू,बीके पारू, ब्लॉक प्रमुख रुचि वर्मा के ससुर पूर्व प्रधान रामगोपाल वर्मा,चेयरमैन हरनारायण ागुप्ता, राघवेंद ्पाण्डेय, रामकिशोर, गुप्ता, हंसराज, मदनलाल, उपस्थित रहे।

# जल संरक्षित तो कल सुरक्षित पर हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज में भू-जल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत जल



संरक्षित तो कल सुरक्षित विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने कहा कि जल और वन दोनों को संरक्षित करना हमारे जीवन के लिए आवश्यक है,क्योंकि जिस प्रकार ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान में वृद्धि हो रही है और जल वाष्प बनकर उड़ रहा है इससे जन-जीवन के लिए घोर संकट है,इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि अनावश्यक जल का बहाव ना करें और वर्षा के जल का संरक्षण करें तथा पेड़ लगाएं,जिससे जल का संग्रह भी होगा और तापमान में कमी भी आएगी।कार्यक्रम संचालक डॉ रईस अहमद ने कहा कि जल-संरक्षण हमारे जीवन के लिए बहुत ?रूरी है।इस अवसर पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में एमए के छात्र समर यादव ने प्रथम स्थान,बीए फाइनल ईयर की कोमल पांडे ने द्वितीय एवं साक्षी शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।निर्णायक मंडल में डॉ कहकशा बेगम और डॉ तनवीर हुसैन रहे।छात्र-छात्राओं में वरुण कुमार, हर्ष पांडेय,श्रेया,अंजलि शर्मा,आलिया अदीब आदि उपस्थित रहे।

# सुधीर और आकांक्षा बने मिस्टर एवं मिस फेयरवेल

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग में एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रसन्नता एवं दुःख दोनो तरह के संवेगों का समावेश है। उन्होंने कहा कि स्नातकोत्तर के उपरांत विद्यार्थी उस स्तर पर पहुंच जाते हैं जहां उनको विभिन्न परिस्थितियों का सामना स्वविवेक से करना प?ता है। विभाग के शिक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि प?ाई की तो एक सीमा हो सकती है किन्तु सीखने की प्रक्रिया जीवनपर्यंत चलती रहती है। विभाग के शिक्षकों राजनंदन सिंह राजपूत एवं हर्ष पाराशरी ने कहा कि



विद्यार्थी केवल महाविद्यालय परिसर को छो? रहे हैं। भौतिकी के क्षेत्र में उनकी किसी भी तरह की सहायता हेतु पूरा विभाग सदैव तत्पर रहेगा। कार्यक्रम में जूनियर एवं सीनियर विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं जिनके आधार पर सुधीर कुशवाहा को मिस्टर फेयरवेल एवं आकांक्षा मिश्रा को मिस फेयरवेल घोषित किया गया। इस अवसर पर जूनियर विद्यार्थियों के द्वारा सीनियर विद्यार्थियों को विभिन्न उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सौम्या सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रशांत शर्मा, देवेंद्र कुमार, रजनीश दीक्षित, मोनिका वर्मा, पूर्णिमा शर्मा, ऋचा शुक्ला, अपूर्वी शर्मा, वैष्णवी रस्तोगी आदि का सहयोग रहा।

# जेबकतरे ने 65 हजार रुपए उड़ाये

**कलान।** शनिवार को कलान के गांव अमिदापुर का पशु बाजार लगता है।जिसमें भैंस खरीदने के लिए थाना क्षेत्र के ग्राम जल्लापुर निवासी अजयवीर सिंह यादव गए हुए थे।जब उन्हें भैंस न मिली तो वह दोपहर ई रिक्शा पर बैठकर घर जाने लगे।ई रिक्शा पर तीन लोग और बैठ गए।उसने बताया है कि स्टेट हाईवे मुरादाबाद फर्रुखाबाद से जब रिक्शा गांव की मोड पर पहुंचा। तभी ई रिक्शा पर सवार एक ने उसकी पैंट की जेब से 65 हजार रुपए काट लिए और दौड़कर आगे चल रही बाइकों पर सवार होकर तीनों भाग गए।दो बाइकें अपाचे सफेद व काली बताई जा रही हैं।उधर जब रुपए काटने के बाद पीड़ति ने शोर शराबा किया तो खासी भीड़ लग गई।उसने पीआरबी पुलिस को सूचित किया लेकिन उनका कहीं अता-पता पता नहीं चल सका। वह मिर्जापुर की तरफ बाइकों से भाग गए।उसने थाने पर तहरीर देकर जेबकतरों को पकड़कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# किसान यूनियन की मांग मंजूर, मार्ग की मरम्मत शुरू

**तिलहर।** तिलहर में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के कारण रेलवे गेट नंबर 334 को बंद कर दिया गया था। इससे क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को ज्ञापन देकर वैकल्पिक मार्ग गेट संख्या 335 की मरम्मत की मांग की थी। प्रशासन ने इस मांग को स्वीकार करते हुए मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन युवक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह लोधी ने बताया कि निगोही क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जरूरतों के लिए तिलहर आना पड़ता है।बरसात के मौसम में वैकल्पिक मार्ग की आवश्यकता थी। संगठन ने मरम्मत कार्य में सहयोग के लिए दो ट्रैक्टर-ट्राली भी उपलब्ध कराए हैं। लोधी ने एसडीएम और स्थानीय प्रशासन का मरम्मत कार्य शुरू करने के लिए आभार व्यक्त किया है।

# शिक्षकों की कार्य क्षमता में हो वृद्धि : प्राचार्य

**शाहजहांपुर।** नव चयनित अकादमिक रिसोर्स पर्सन का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल,में संपन्न हुआ । उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए जिला एवं शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य श्रीमती सोनिया गुप्ता ने कहा कि एआरपी का कार्य निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है । उन्होंने कहा कि एआरपी अपने कार्य को इस प्रकार संपन्न करें कि वह शिक्षक की क्षमताओं में वृद्धि कर सके कार्यक्रम की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए प्रवक्ता श्री बी.एल. मौर्य ने कहा कि अच्छे शिक्षण कार्य से ही बेसिक विद्यालयों का गौरव पुनः लौटाया जा सकता है । सरकारी विद्यालयों में तेजी से कम होती जा रही छात्र संख्या को रोकने के लिए रोचक ढंग से शिक्षण कार्य करने के साथ हमें अभिभावकों और बच्चों के साथ आत्मीय संबंध भी विकसित करने की आवश्यकता है। संचालन राज्य संदर्भ समूह के सदस्य डॉ अरुण कुमार गुप्ता , ममता शुक्ला तथा अश्विनी कुमार अवस्थी ने किया । उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रवक्ता अतुल शुक्ला तथा एआरपी बृजेश गुप्ता धर्मेंद्र प्रताप सिंह अरुण त्रिपाठी अनीता यादव स्नेह लता सुनील कुमार आदित्य कुमार सतवीर सिंह ओम प्रकाश राजपूत पृथ्वीराज हरीकिशोर दीक्षित जितेंद्र शर्मा नवनीत तिवारी नितेंद्र शर्मा अतुल शुक्ला शुभम तिवारी आदि एआरपी उपस्थित रहे ।

# हियुवा ने दिया ज्ञापन महोलिया वीरान गौशाला में गायों की मौत की हो जांच

## रसवा कलां व नगर पंचायत खुटार की गौशाला शुरु कराने को भी दिया मांग पत्र

**खुटार।** ग्राम पंचायत महोलिया वीरान की अस्थाई गौशाला सिमरा वीरान मे गोवंश की मौत होने पर हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के कार्यकर्ताओ ने ब्लाक मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और व्यवस्थाओ मे सुधार कराने की मांग की।

शुक्रवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के संस्थापक/अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व मे ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचे कार्यकर्ताओ ने एडीओ पंचायत देवेंद्र अवस्थी को दिए गए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन मे बताया कि खुटार ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत महोलिया वीरान एवं ग्राम पंचायत सिहुरा खुर्द कला की गौशाला में गोवंश के चारा पानी आदि की उचित व्यवस्था और बीमार गोवंश का समय से इलाज ना हो पाने की वजह से आएदिन गोवंश की मौते होती रहती हैं। बुधवार से लेकर गुरुवार तक महोलिया वीरान ग्राम पंचायत की सिमरा वीरान स्थित गौशाला में आधा दर्जन गोवंश की मौत हो गई और कई गोवंश के बीमार है। लेकिन बीमार गोवंश का उपचार नहीं किया जा रहा है। इन दोनों गौशाला में गोवंश के लिए हरे चारे और पानी की उचित व्यवस्था कराई जाए और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई कराई जाए। ग्राम पंचायत रसवा कलां मे गोला बायपास रोड पर गौशाला का निर्माण हुए कई माह बीत चुके हैं। लेकिन अभी तक उसे गौशाला में एक भी गोवंश नहीं रखा गया है। जिससे हाईवे के किनारे गोवंश घूम रहे हैं, उन्हें पकड़वाकर रसवां कला गौशाला में रखवाया जाए। नगर पंचायत खुटार की गौशाला डंपिंग ग्राउंड के पास गोला बायपास रोड पर बनाई गई है। उसमें भी अभी तक गोवंश नहीं रखे गए हैं। जिससे नगर में सैकड़ो आवारा गोवंश घूम रहे हैं। उन सभी निराश्रित गोवंशों को पकड़वाकर नगर पंचायत की गौशाला में रखवाया जाए। संगठन के कार्यकर्ताओ ने उक्त मांगो को तत्काल पूरा कराने की मांग की। मांगो के पूरा ना होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। इस मौके पर संगठन मंत्री कमल दीक्षित, उपाध्यक्ष साहिल गर्ग, शोभित तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष राज शुक्ला, नगर महामंत्री राज सक्सेना, उपाध्यक्ष हर्ष गुप्ता, तरुण वर्मा, शैलेश कटियार, शिवा, सुमित अर्कवंशी, हिमांशु कुमार, अंकित कुमार, अनुज वर्मा, आयुष वर्मा, अनमोल कुमार आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# चेतना मंच ने किया पौधरोपण

**शाहजहांपुर।** अपनी धरती को हरा भरा स्वच्छ प्रदूषण मुक्त करने की मुहिम में भारतीय युवा चेतना मंच द्वारा रोजा क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया गया संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने अमरूद जामुन पीपल यूकेलिपटिश आम नीम गुलमोहर आदि के पौधे रोपित कर पौधारोपण कार्यक्रम चलाया पौधारोपण करते हुए संस्था के संस्थापक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार त्यागी ने कहा कि वृक्ष से ही हमें जल अन्न वायु मिलती है हमें जीवन मिलता है वृक्ष हमें सबकुछ निशुल्क देते है भारतीय युवा चेतना मंच बरसात के मौसम में उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश करने के लिए प्रयासरत है पौधारोपण का कार्य पूरे प्रदेश में बृहद स्तर पर किया जाएगा संस्था 1000 से अधिक पौधे रोपित करेगी जिस में समाज के सभी लोगों का योगदान लिया जा रहा है कोषाध्यक्ष योगेंद्र किशन त्यागी ने कहा कि जिस तरीके से पेड़ काटे जा रहे हैं उस तरीके से यदि पौधा रोपण नहीं हुआ तो फिर एक बड़ी समस्या पैदा हो जाएगी । इसलिए जहां पर बहुत ही आवश्यक हो ,बड़ी मजबूरी हो तभी पेड़ काटा जाए ,लेकिन उसके बदले एक पेड़ काटने पर कम से कम 10 पौधे अवश्य ही रोपित कर उनका पालन किया जाएं नीरा त्यागी ने कहा कि पौधारोपण समय की मांग है आज हमें पेड़ो की अधिक आवश्यकता है हमें इस मुहिम में जन जन से जोड़ने की आवश्यकता है मुख्य रूप से नीरा त्यागी हरिशंकर, चिन्मय किशन, प्रणव किशन,मयंक मिश्रा देवकिशन, विष्णु, वासुदेव प्रशंसा, श्रीजा, सर्वज्ञ प्रकाश ,प्रशंसा त्यागी शेखर त्यागी, रविन्द्र सर, लेखराज, मुनेजर ,आशु त्यागी, महेंद्र,सुमन , प्रवीण, दीक्षा , सुगन्धा , प्रज्ञा , सृष्टि , अनामिका , सुरुचि , सुरभी , राखी , प्रिया, प्रियंका त्यागी, मुनमुन त्यागी, लालाराम आदि का योगदान रहा

# पुलिस ने चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कलान।** पुलिस ने दुकान से चोरी के मामले में 12 घंटे के अंदर आरोपी आस मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 18 जुलाई की है।जब अनिल कुमार की मैन रोड परौर तिराहे के पास स्थित किराना दुकान से रात में चोरी हुई थी। दुकान से बीड़ी के गत्ते और गुल्लक में रखे 3,000 रुपये चोरी हो गए थे।घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकान स्वामी ने अभियुक्त की पहचान कर नामदर्ज तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी आस मोहम्मद को अरिल नदी के पुल के पास से सुबह 11¬28 बजे गिरफ्तार किया।आरोपी जलालाबाद के कोला गांव का रहने वाला है और उसकी उम्र 18 वर्ष है।उसके पास से चोरी किए गए दो बीड़ी के गत्ते और 2,000 रुपये बरामद हुए हैं।पुलिस ने उसे जेल भेज दिया

# मिस काल से हुआ प्यार

## शादी का दबाव बनाने पर मामला कोतवाली पहुंचा

**पुवायां-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित महिला ने कोतवाली में शिकायत कर एक युवक पर नाबालिक पुत्री को भगाने और उसके साथ दुष्कर्म और बंधक बना मारपीट का आरोप लगाया।पुलिस ने नाबालिका किशोरी को मेडिकल के लिए भेजा। पुवायां थाना क्षेत्र के एक गांव रहने वाली महिला ने शिकायत में बताया कि नाबालिग पुत्री के फोन पर एक नंबर से मिस कॉल लग गई। वह मिस कॉल क्षेत्र के गांव जारमानो रहने वाले युवक की थी।सिलसिला यू नहीं रुका। मिस कॉल के वाद प्यार की बातें होना शुरू हो गई। कुछ महीनो बाद बातें प्यार में तब्दील हो गई। युवक शादी का झांसा देखकर अपने साथ शाहजहांपुर स्थित अपने बहन के घर ले गया और बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।जब किशोरी ने शादी का दवाब बनाया तो उसके साथ आये दिन मारपीट करने लगा। किशोरी किसी तरह उसके चुंगल से छूटकर अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। परिजन किशोरी को अपने साथ कोतवाली पहुंचे और नाम जद तहरीर दी। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। कोतवाल रवि शंकर सिंह प्रभारी ने बताया कि तहरीर आई है जिसकई जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# निराश्रित नंदी की कुएं में गिरकर मौत

## हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर शव को कुएं से निकालकर कराया अंतिम संस्कार



**खुटार।** शुक्रवार की रात एक निराश्रित नंदी गहरे कुएं में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह पास पड़ोस में रहने वाले लोगों ने कुएं में नंदी का शव पड़ा देखा, तो उन्होंने इसकी जानकारी ग्राम प्रधान हिंदू युवा संगठन उ.प्र.(अ) के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र को दी। खबर लगते ही वह मौके पर पहुंचे और 20 फीट गहरे कुएं से शव बाहर निकलवा कर उसका अंतिम संस्कार कराया।क्षेत्र के गांव चांदपुर में रहने वाले हरीश त्रिवेदी के मकान के पास में ही एक कुआं है। बीती रात दो नंदी लड़ते हुए कुएं के पास आ गए। जिससे एक नंदी कुएं के अंदर गिर गया और उसकी मौत हो गई। रात में नंदी के कुएं के अंदर गिरकर मौत होने की जानकारी सुबह जब हरीश त्रिवेदी को हुई, तो उन्होंने इसकी जानकारी ग्राम प्रधान पंकज मिश्रा को दी। जिसके बाद प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की जानकारी हिंदू युवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र को देते हुए नंदी के शव को गहरे कुएं के अंदर से निकलवाने में सहयोग करने का अनुरोध किया। जिस पर शनिवार सुबह अध्यक्ष अवनीश मिश्र अपने कार्यकर्ता तरुण वर्मा, हर्ष गुप्ता, रितेश तिवारी, अवतार अर्कबंसी, अजीत कुमार, अनमोल कुमार, आलोक बाजपेई, गौरव कुमार आदि के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने कुएं के अंदर सीढ़ी लगाकर नदी को रस्सी से बांधकर जेसीबी मशीन के सहारे से बाहर निकाला। इसके बाद ग्राम प्रधान पंकज मिश्र और चांदपुर चौकी इंचार्ज मोहसिन, सिपाही विद्यासागर के सहयोग से नंदी के शव को गांव के किनारे ले जाकर सुरक्षित गड्ढे में दबवा दिया।

# नगर पंचायत के एडीएम बने प्रशासक, लिया चार्ज



**कांट शाहजहांपुर (स्वतंत्र भारत)।** अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने नगर पंचायत काट में कार्यभार ग्रहण करने के बाद वार्ड सभासदों की बैठक में कावड़ यात्रा मार्ग में 48 घंटे के अंदर प्रकाश व्यवस्था एवं नगर में अधूरे कार्यो को तत्काल पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। नगर पंचायत की अध्यक्ष मुनारा बेगम के वित्तीय पावर सीज होने के बाद शनिवार को अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार ने चार्ज ग्रहण कर लिया इस दौरान उन्होंने वार्ड सभासदों एवं अधिशासी अधिकारी की उपस्थिति में निर्देशित करते हुए कहा की 48 घंटा के अंदर नगर पंचायत की सीमा में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया जाए ताकि कावड़ यात्रियों को रात के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े वार्ड संख्या 10 के सभासद मोहम्मद इरफान अली ने उनके वार्ड में विद्युत तारों के जर्जर होने की शिकायत की वही नगर पंचायत के सभासदों द्वारा अपने-अपने वार्डों की स्थिति से अवगत कराया जिसे श्री सिंह नेअधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा व्यवस्था तत्काल ठीक कराई जाए इस दौरान विधायक अरविंद सिंह ने कहा नगर में किसी प्रकार की कोई समस्या न रहे इसके लिए हर संभव शासन स्तर पर कार्य कराए जाएंगे अपर जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने सभी पंद्रह सभासदों से उनके वार्डो की समस्याओं को एक एक कर सुना। । विधायक अरविंद कुमार सिंह ने शिविर के अन्दर विद्युत व्यवस्था के लिये रखे जनरेटर को शिविर के वाहर रखने का निर्देश दिया इस दौरान अधिशासी अधिकारी नूरजहां , विधायक अरविंद सिंह के निजी सहायक हरजीत सिंह चौहान सभासद अमीर हसन मोहम्मद इरफान अली के अलावा सभी वार्ड सभासद मीटिंग में शामिल रहे।

# उपनिवेश-विरोधी प्रतिरोध के प्रतीक थे मंगल पांडे : राजू

## पंजाबी सिक्ख समाज ने मनाई मंगल पांडे की जयंती




**शाहजहांपुर।** पंजाबी सिक्ख समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष सरदार राजू बग्गा के नेतृत्व में मंगल पांडे की जयंती मनाई। अध्यक्ष सरदार राजू बग्गा ने कहा मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई, 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगवा गांव में हुआ था। वह ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी में 34वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री में एक सिपाही थे। 1857 में, मंगल पांडे ने ब्रिटिश अधिकारियों पर हमला किया, जो भारतीय सैनिकों के बीच असंतोष का कारण बना, खासकर गाय और सुअर की चर्बी से बने कारतूसों के उपयोग के कारण, जिन्हें मुंह से खोलना पड़ता था। 29 मार्च, 1857 को, मंगल पांडे ने अपने अधिकारियों पर हमला किया और उन्हें रोकने की कोशिश करने वाले साथियों का विरोध किया। इस घटना के कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और 8 अप्रैल, 1857 को फांसी दे दी गई। मंगल पांडे को भारत में उपनिवेश-विरोधी प्रतिरोध का प्रतीक माना जाता है और उन्हें 1857 के विद्रोह में उनके योगदान के लिए याद किया जाता है। इस मौके यश,अगम, प्रखर शर्मा, रूपेश तिवारी, सर्वेश मिश्रा आदि मौजूद थे ।

# कलान में डीडीओ की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

## समाधान दिवस में आयीं 50 शिकायतें, 6 शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण

**कलान।** तहसील में जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जहां क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की जन शिकायतों को जिला विकास अधिकारी द्वारा गंभीरता से सुना गया।उन्होंने ने जन शिकायतों अति शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 50 जन शिकायतें प्राप्त हुयीं। प्राप्त जन शिकायतों में राजस्व विभाग की 10,पुलिस विभाग की 6,आपूर्ति विभाग की 7, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त,15, चकबंदी विभाग की 4, स्वास्थ्य विभाग की 1, शिक्षा विभाग की 1 शिकायत प्राप्त हुयीं।प्राप्त शिकायत में से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।निस्तारित शिकायतें राजस्व एवं आपूर्ति विभाग से संबंधित थी।इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भावरे दीक्षा अरुण,एसडीएम कलान अभिषेक प्रताप सिंह,प्रभारी तहसीलदार सृजित कुमार, प्रभारी निरीक्षक कलान प्रभाष चंद,थाना प्रभारी मिर्जापुर सोनी शुक्ला,प्रभारी निरीक्षक परौर अशोक कुमार सिंह,राजस्व निरीक्षक गण,लेखपाल गण एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में 46 में से 6 शिकायतों का निस्तारण



**तिलहर/शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत)।** एसडीम रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ फरियादियों की 46 शिकायतों में 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीम रवींद्र कुमार पुरानी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों से निस्तारण करने के निर्देश दिए !क्षेत्रीय विधायक सलोना कुशवाहा ने पहुंचकर फरियादियों की शिकायतों को सुना फरियादियों जमीनी विवाद,चक रोड पर अवैध कब्जा, राशन कार्ड, विद्युत कटौती विकलांग पेंशन फरियादियों की शिकायत आई एसडीम ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर पहुंच कर फरियादियों की शिकायतों को निस्तारण करने के निर्देश दिए! इस दौरान नायब तहसीलदार मनु माथुर, खंड विकास अधिकारी बृजेश मिश्र ,क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव, आपूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे!

# वांछित अभियुक्त को भेजा जेल

**शाहजहांपुर।** थाना कलान पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई । जिसमें लड़की को भगा ले जाने वाले अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। थाना कलान के शिवनगर कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के 8 जुलाई की रात्रि में घर से गायब हो जाने के सम्बन्ध में प्राप्त दिया था । उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कलान पर मु0अ0स0 229/25 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । मुकदमा उपरोक्त में अपहृता को बरामद कर पीडिता के बयानों के आधार पर प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त साजिक पुत्र आबिद हुसैन उम्र करीब 21 वर्ष निवासी बिजली घर के पीछे मोहल्ला शिवनगर कस्बा व थाना कलान जनपद को मुखबिर खास की सूचना पर उसे प्रातः समय करीब 07.50 बजे गुन्दौरा मोड़ से नौगंवा की तरफ करीब 100 मीटर आगे थाना कलान की पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त साजिक उपरोक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# तालाब पर हो रहा अवैध कब्जा

**शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के हथोड़ा बुजुर्ग गांव में ग्राम समाज के तालाब के ऊपर अवैध कब्जा करके दुकान और मकान बनवा लिए प्रशासन ने कई बार नोटिस देकर खाली करने के लिए कहा लेकिन न दुकानदार माने ना मकान स्वामी माने कई बार नोटिस देने के बाद भी दुकानदार मकान मालिकों ने नहीं खाली किया आज दोपहर 12ः00 बजे नया तहसीलदार जे अंकित तिवारी रोज पुलिस फोर्स शाहिद तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे और दुकानदारों और मकान स्वामियों के विद्युत कनेक्शन काट दिए।

# एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**पुवायां(स्वतंत्र भारत)।** तहसील सभागार में एडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम ने संबंधित विभाग अधिकारियों को शिकायत के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।शनिवार को एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान एडीएम ने जन समस्याओं का निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को पहली प्राथमिकता देने के निर्देश दिये।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 107 शिकायत आयीं।जिनमें राजस्व विभाग की 62,पुलिस विभाग की 16, विकास 5, शिक्षा 5, व अन्य विभाग 19 रही और 2 शिकायतों का मौके निस्तारण कर दिया गया। लंबित शिकायतों को एडीएम ने संबंधित विभाग अधिकारियों को समय से निस्तारण करने के निर्देश दियें।इस दौरान एसडीएम चित्रा निर्वाल व सोओ प्रवीण मलिक सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# बीओबी ने मनाया 118 वां स्थापना दिवस



**मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत)** शनिवार को बैंक ऑफ बड़ौदा में केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक सुशील कुमार शुक्ला ने बैंक ग्राहकों की बैठक आयोजित की और केक काटकर बैंक का 118 वा स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक श्री शुक्ला ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा की स्थापना 20 जुलाई सन् 1908 को बड़ौदा महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय द्वारा की गई थी।यह सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है। जिसका मुख्यालय बड़ोदरा गुजरात में है। और कहा कि आप सबके सहयोग से बैंक चलती है।हम आप सबके सहयोग के लिए चौबीस घंटे तत्पर रहते हैं।हमारा केविन हर समय आप सबकी सेवा के लिए खुला रहता है। सभी ग्राहकों को अपना मोबाइल नंबर दे दिया है। चौबीस घंटे बैंक सम्बन्धी कोई समस्या हो। मुझे बतायें। हर समस्या का समाधान करने को तैयार रहते हैं। बैठक में दिलीप कुमार शुक्ला, बीरेंद्र कुमार सिंह कुशवाहा व ओमनारायण गुप्ता ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर विनय सिंह, राघवेंद्र गौतम,मुनेश कुमार, वीरेंद्र पाल सिंह, प्रियांशू सिंह रघुवंशी ब्लाक प्रमुख, विजय प्रताप सिंह ( रिंकू सिंह) रघुवंशी प्रधान, धर्मवीर सिंह चंदेल, रमेश वर्मा, शैलेश कुमार गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता,राजू गुप्ता, शतीश वैश्य, प्रेमनारायण गुप्ता (छुट्टन गुप्ता) ,राम पाण्डेय, धर्मेन्द्र कुमार वर्मा आदि सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।अन्त में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# ग्राम प्रधान भी निकली अंत्योदय कार्ड धारक

**भावलखेड़ा।** विकासखंड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत गुआरी की प्रधान गौरा देवी पर अन्त्योदय राशन कार्ड धारक होने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्राम पंचायत की निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य आरती वर्मा के पति मनोज वर्मा ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत की वर्तमान प्रधान गौरा देवी अंत्योदय कार्ड धारक है। जो सरासर सरकारी नियमों का उल्लंघन है। गौरा देवी वर्ष 2021 में प्रधान पद पर निर्वाचित होने के बाद से ही अंत्योदय कार्ड के ज़रिए सरकारी राशन ले रही हैं। अंत्योदय कार्ड प्रदेश सरकार द्वारा उन गरीब परिवारों को जारी किया जाता है जो अत्यंत निर्धन और असहाय माने जाते हैं। लेकिन ग्राम पंचायत की प्रधान का इस सूची में बने रहना भ्रष्टाचार को उजागर करता है। पूर्व जिला पंचायत के पति मनोज वर्मा ने अंत्योदय कार्ड होने के साक्ष्य भी उपलब्ध कराए है।

# स्मार्ट सिटी में तालाब को स्वच्छ और सुन्दर बनाने का दावा फेल

## तालाब के चारों ओर गंदगी का साम्राज्य, तालाब पाटकर हो रहा है कब्जा



पूर्व चेयरमैन ने कई बार निगम के अधिकारियों से लगाई है गुहार

**(अमरदीप रस्तोगी)**

**रोजा।** जहां योगी सरकार से लेकर नगर निगम पुराने तालाबों के रखरखाव पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है वहीं नगर निगम अंतर्गत वार्ड नंबर एक के चर्च कालोनी के बस्ती में घनी आबादी के बीच स्थित पुराना बड़ा तालाब उचित रख-रखाव व उदासीनता के कारण अस्तित्व विहीन होता जा रहा है। तालाब की स्थिति बद से बदतर हो गई है। चारों ओर कूड़ा-कचड़ा ने अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। तालाब के आसपास रहने वाले तालाब को पाटकर अवैध रूप से कब्जा कर रहे है 7 लोगों का कहना है कि तालाब में गहराई अधिक होने के कारण पानी पानी भी अधिक है। गंदगी होने के कारण पानी है तो वह विषैला बन गया है। गंदगी से पूरा तालाब अटा हुआ है। दुर्गंध से क्षेत्रवासियों का जीना मुहाल हो गया है। इस तालाब की दुर्दशा देख मोहल्ले वालों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई है। क्षेत्रवासी एकबार फिर तालाब को पुराने स्वरूप में देखना चाहते हैं। हालांकि जैसे-जैसे इस क्षेत्र की आबादी बढ़ी, लोगों ने तालाब के अलग-बगल मकानों का निर्माण करा लिया। इसके बाद तालाब के दुर्दिन शुरू हो गए। लोगों ने तालाब में कू?ा-कचरा मलबा फेंकना शुरू कर दिया। जिससे तालाब की स्थिति और खराब हो गई। यूं तो सरकार से लेकर नगर निगम तालाबों के रखरखाव और अमृत सरोवर पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है, लेकिन क्षेत्र के तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं।

### कई माह पूर्व नगर निगम करा चुका है नाप

चर्च कालोनी में रहने वाले संजीव जौहरी का कहना है जब नगर पंचायत निगम में तब्दील हुआ था तो नगर निगम के अधिकारियों ने तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए की नाप जोख की थी, लेकिन नगर निगम द्वारा कोई कार्रवाई न होने से क्षेत्रवासियों में रोष है। उन्होंने कहा कि इस तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जाये।



### अनदेखी से बदहाल है तालाब

वार्ड के रहने वाले कपड़ा व्यापारी राहुल कश्यप का कहना है कि तालाब काफी वर्ग में फैला हुआ है। एक समय था जब तालाब के पानी में लोग घरेलू काम के लिए पानी ले जाया करते थे। यानी पानी इतना साफ था। मगर अधिकारियों की अनदेखी की वजह से तालाब दूषित हो चुका है। दूषित होने की वजह कालोनी का गंदा पानी तालाब में छोड़ा जाना है। जगह-जगह तालाब में कचरा डाला जा रहा है।

### कई बार अधिकारियों के समक्ष रखी बात

नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन अजय गुप्ता उर्फ पोता ने कहा कि नगर निगम बनने तक कई तालाब को लेकर अन्य समस्याओं को उठाता रहा हूं, लेकिन सदैव आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। तालाब का सौंदर्यीकरण हो ये क्षेत्रवासियों की मांग हैं। जनहित को देखते हुए नगर निगम के अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए, लेकिन आज तक केवल आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला

# कावड़ियों के रास्ते में खुलती है मदिरा की दुकानें

**शाहजहांपुर।** सावन माह में कावड़ियों के रोड पर जहां एक और देसी का विदेशी मदिरा की दुकानों पर पर्दा डाल दिया गया मांस की दुकान बंद कर दी गई वहीं दूसरी ओर एक होमगार्ड 24 घंटे देसी शराब बिक्री करता है कुछ महा पहले रोज पुलिस ने पदकर बंद किया था दो पेटी दारू नहीं मिली थी लेकिन बंद होने के कुछ दिनों बाद बिक्री बंद रही उसके बाद पुनः बिक्री चालू हो गई जिससे कि राहगीरों को और कांवरियों को परेशानी होती है वही आए दिन दुकान पर जमघट लगा रहता है जिससे पास पड़ोस की महिलाओं को शर्मसार होना पड़ता है इस संबंध में कोतवाल प्रभारी राजीव कुमार से बात की तो उन्होंने बताया सीख रही कार्रवाई की जाएगी शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी

# छिदकुरी में हो रही चकबंदी में बड़ी अनियमिततायें

## दोषी चकबंदी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग



**कलान।** तहसील की ग्राम पंचायत छिदकुरी में चकबंदी प्रक्रिया में गंभीर अनियमिततायें सामने आई हैं।जिसके चलते किसानों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया है। ग्रामीणों का आरोप है कि चकबंदी लेखपाल और अधिकारी गलत तरीके से चक काट रहे हैं।यहां प्रक्रिया 2016 में शुरू हुई थी।ग्राम प्रधान धर्मवीर सिंह के मुताबिक 2018 से 2022 तक भूमानचित्र प्रपत्र 23,ष्ट॥1 और 2क अभिलेख तैयार किए गए।चकबंदीकर्ताओं ने 30 अप्रैल 2023 को पैमाइश की।किसानों की उपजाऊ जमीन को गंगा के पास उड़ान चक में स्थानांतरित कर दिया गया।कुछ किसानों के एक ही सेक्टर में 7-7 चक बना दिए गए जबकि नियमानुसार एक सेक्टर में एक किसान का एक ही चक होना चाहिए।अधिकारियों ने बिना अभिलेख वाले लोगों के नाम भी मानचित्र में जोड़ दिए। कुछ किसानों को मृत दर्शाकर उनकी जमीन का दुरुपयोग किया गया।तत्कालीन लेखपाल बारू सिंह के रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के बाद चकबंदीकर्ताओं और लेखपाल को निलंबित कर दिया गया।गांव की पैमाइश रद्द कर दी गई। 21 अप्रैल 2025 को नई पैमाइश शुरू की गई लेकिन इस बार भी एक किसान के 5 से 7 चक बनाए गए।प्रभावशाली लोगों को लाभ पहुंचाया गया। गरीब किसानों की जमीन को उड़ान चक में डाल दिया गया। सहायक चकबंदी अधिकारी फर्जी पैमाइश कर भूमिहीन लोगों को जमीन दे रहे हैं।भू-माफिया और चकबंदीकर्ताओं ने पुराने और नए अभिलेखों को गायब करवा दिया है।ऐसे में सवाल यह उठता है यदि अभिलेख गायब हैं तो चकबंदी कर्ता किन अभिलेखों के हिसाब से कृषकों को चक आवंटित कर रहे हैं।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और चकबंदी आयुक्त लखनऊ से शिकायत की है।उन्होंने चकों की सही माप और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।प्रदर्शन करने वालों में जितेंद्र सिंह,अभिषेक,श्यामवीर सिंह,छविराम सिंह,नक्षत्रपाल सिंह,सुरजीत सिंह,वीरेन्द्र सिंह कलब सिंह,नरेंद्र सिंह समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

### लेखपाल का रिश्वत लेने संबंधी बातचीत का ऑडियो वायरल

**कलान।** तहसील कलान की ग्राम पंचायत छिदकुरी में चल रही चकबंदी के दौरान चकबंदी लेखपाल रविन्द्र का रिश्वत लेने संबंधी बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।जिसमें कृषक छविराम?10000 देने की बात कह रहा है।छविराम कह रहा है कि मेरे ?10000 भी चले गए और खेत भी इक्ठा नहीं हो पाया।जिसमें लेखपाल कह रहा है यदि तुम्हारा काम नहीं होगा तो पैसे वापस करवा देंगे।वहीं जब इस संबंध में कृषक छविराम से बात की गई तो उसने बताया मैंने ?10000 लेखपाल के जरिए सीओ चकबंदी को दिए थे।उधर जब इस संबंध में सीओ चकबंदी जलालाबाद जगदीश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मैंने किसी से रुपए नहीं लिए हैं।

# खुलेआम असलहा प्रदर्शन कर धमकी देने के मामले में तीन पर रिपोर्ट

**जलालाबाद(स्वतंत्र भारत)।** क्षेत्र में अपना रसूख कायम करने व दहशत फैलाने एवं पत्नी की बंदूक लेकर सरेआम घूमने वाला सोशल मीडिया पर युवक का वीडियो वायरल होने मामले के बाद विपक्षी ने अपनी हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तफतीश शुरू कर दी है।

थाना मिर्जापुर के गांव गाजीपुर चिकटिया हाल निवासी मोहल्ला बाबू नगर थाना जलालाबाद निवासी अमन मिश्रा पुत्र सुभाष चंद्र मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कस्बे के मोहल्ला नवीन नगर निवासी कृष्णेन्द्र उर्फ करन उर्फ छोटू व जिवेन्द्र पुत्रगण शिव ओम की उसके परिवार से मुकदमेबाजी के चलते पूरे परिवार से रंजिश मानते हैं आए दिन परिवार वालों को जान माल की ऐलानियां धमकी देते रहते हैं क्षेत्र में भय व आतंक बनाने के लिए कृष्णेन्द्र अपनी पत्नी संध्या की लाइसेंसी बंदूक लेकर खुलेआम घूमते हैं जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल है ऐसी स्थिति में पीड़ित व उसके परिवार की सुरक्षा का प्रश्न खड़ा हो गया है पुलिस से पीड़ित परिवार ने सुरक्षा की मांग की है। इस मामले में शस्त्र धारक द्वारा शस्त्र लाइसेंस का दुरुपयोग करने मामले में विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है यह भी बताया कि उक्त कृष्णेन्द्र पर आधा दर्जन मुकदमें पंजीकृत हैं व जिवेन्द्र थाना जलालाबाद में हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं वे लोग कभी भी उसकी हत्या कर सकते हैं। पुलिस ने मामले का गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए उपरोक्त दोनों भाई व भौजाई महित तीन लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की तफतीश शुरू कर दी है।

## खेत देखने गया किशोर नदी में डूबा, मौत



**भावलखेड़ा।** खेत देखने गया किशोर नदी के गहरे पानी में डूब गया पिता भी नदी के पास ही मौजूद था पुत्र को डूबते हुए देखने पर पिता ने शोर मचाया लेकिन तब तक किशोर नदी में डूब गया था। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के दनियापुर गांव में हादसा हो गया। दनियापुर गांव निवासी सचिन उम्र लगभग 15 वर्ष खत्रौत नदी के पास अपने खेतों को देखने गया था सचिन के साथ उसके पिता रामनरेश भी मौजूद थे। सचिन नदी पर कर रहा था इस दौरान गहरे पानी में वह डूबने लगा। पिता ने बचाने का प्रयास किया लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी और सचिन गहरे पानी में डूब गया। सूचना पर पहुंची थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय गोताखोरों ने नदी में सचिन के शव को बरामद कर लिया। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई है। सचिन के परिवार में बड़ा भाई सुधीर,अक्षय और एक बहन काजल और मां उषा है।

# राजकीय महाविद्यालय पहुंचे विधायक अरविंद,देखी व्यवस्थाएं

**कांट शाहजहांपुर।** विधायक अरविंद कुमार सिंह ने राजकीय महाविद्यालय में व्यवस्थाएं ठीक करने खेलकूद का मैदान एवं बिजली घर में पहुंचकर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने के विद्युत अधिकारी को निर्देशित किया । क्षेत्रीय विधायक अरविंद सिंह नगर पंचायत की बैठक में शामिल होने के बाद अभयान रोड स्थित राजकीय महाविद्यालय पहुंचे जहां उन्होंने एक पौधारोपित किया उसके बाद कॉलेज की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि यहां की समस्याओं को दो-तीन माह के अंदर ठीक कर दिया जाएगा उन्होंने बालिकाओं के लिए खेलकूद की



विशेष व्यवस्था की बात कही इसके बाद श्री सिंह ने स्थानीय बिजली घर पहुंच कर विद्युत अधिकारी अजीत कुमार से कहा की जितनी क्षमता का ट्रांसफार्मर रखा है उतनी व्यवस्था तत्काल लागू की जाए उन्होंने 5 एम बी ए के ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाकर 10 का ट्रांसफार्मर भी रखवाने का आश्वासन दिया इस दौरान अयाज अली क शिबू मंडल अध्यक्ष राजदीप शर्मा, प्रतिनिधि हरजीत सिंह चौहान सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मूर्ति तोड़ने वाले आरोपी को भेजा जेल

**निगोही।** डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तोड़े जाने के मामले में पुलिस ने नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है गांव में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात कर दिया गया है किसी तरह की अफवाह या उपद्रव के लिए पुलिस को कड़े निर्देश दिए गए हैं। ज्ञात रहे थाना क्षेत्र के गाँव परसौना खलीलपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा करीब 30 वर्षों से स्थापित हैए शुक्रवार को शाम करीब 8 बजे गाँव का राहुल पुत्र प्रतिपाल का साला शिवम सिंह चौहान पुत्र राघवेन्द्र सिंह चौहान निवासी ग्राम बसखेडा बुजुर्ग थाना पुवाया जिला शाहजहाँपुर मेहमानी में आया था जिसने डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा का हाथ तोड दिया है जिस पर गाँव के लोगो ने विरोध किया तभी शियम सिंह सभी लोगो को जातिसूचक गालिया देने लगा। जिसकी सूचना लोगो ने 112 पर दी। पुलिस से यातियतन गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया था कई थानों की पुलिस गांव में लगा दी गई थी क्योंकि मामला दो जातियों के बीच का था इसलिए संघर्ष की स्थिति ना हो पुलिस ने काफी सतर्कता दिखाई और रात में ही आरोपी शिवम को गिरफ्तार कर लिया गया था जिस पर शनिवार को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया गांव में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात कर दी गई जो सभी पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। है उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करे। प्रार्थी रामचन्द्र पुत्र नल्यूराम निवासी ग्राम परसौना खलीलपुर थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर मो0 नं.8172996994 नोट में का0 780 आलोक खोबर पीएनओ 152670771 प्रमाणित करता हूं कि नकल तहरीर मेरे द्वारा शब्द व शब्द अंकित की गई है।

## तहसील दिवस में आयीं १३ शिकायतों में १ का निस्तारण

**जलालाबाद।** तहसील संपूर्ण समाधान दिवस तहसीलदार पैगाम हैदर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया शेष 12 शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपा गया है गुणवत्तायुक्त निस्तारण के निर्देश दिए हैं। आज जलालाबाद में तहसील दिवस उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न होना था लेकिन किसी कारणवश उनकी अनुपस्थिति में तहसीलदार पैगाम हैदर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान फरियादियों को ध्यानपूर्वक सुना गया व उसके गुणवत्ता परक निस्तारण के निर्देश दिए। राशन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई, वृद्धावस्था पेंशन को लेकर भी कई बुजुर्ग तहसील पर इधर-उधर पेंशन ना आने की बात कहते दिखाई दिए और उन्होंने तहसीलदार को



प्रार्थना पत्र सौंप कर रुकी हुई पेंशन शुरू कराने की मांग की। बिजली के खराब प्रदर्शन को लेकर क्षेत्रवासियों ने शिकायत की है। आरोप था कि विद्युत विभाग अघोषित विद्युत कटौती करता है, कई-कई घंटे बिजली सप्लाई बाधित रहती है, जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। तहसील दिवस में नायब तहसीलदार रोहित कटियार व अनुराग दुबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय, एडीओ आईएसबी ज्ञानेंद्र सिंह, अजय वीर सिंह, अश्वनी कुमार पांडे, विजय राज सिंह, पूर्ति निरीक्षक रामनाथ मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी एवं थाना अल्हागंज, मदनापुर व जलालाबाद के थाना अध्यक्ष मौजूद रहे। अंत में तहसील समाधान दिवस प्रभारी ने शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बरतने व सही निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## डाक कांवड़ यात्रियों के सौ सदस्यीय जत्थे का हुआ भव्य स्वागत

**तिलहर।** हरिद्वार से जल भरकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ का रहे डाक कांवड़ के जत्थे का हाइवे से स्वागत करते हुए नगर से गुजरने पर उन्हें जलपान कराया गया । इस दौरान पुलिस बल साथ चलते हुए रास्ता सुचारू कराते नजर आया । शनिवार शाम साढ़े छह बजे हाइवे स्थित अग्रवाल ढाबा पर सभी कांवड़ यात्री एकत्र हुए । यह उनका फूल माला पहनकर स्वागत किया गया । यहां से जत्थे के फतेहगंज पूर्वी निवासी महंत प्रेमपाल मिश्रा को एक बग्गी पर बैठाकर डाक कांवड़ लेकर चल रहे भोले जयघोष करते चल रहे थे । मुख्य बाजार होते हुए अस्पताल रोड स्थित श्री वंशी वाले मंदिर पर सभी कांवड़ यात्रियों को जलपान कराया गया । इस दौरान बिना रुके कांवड़िए थिरकते नजर आए । यहां पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत सत्कार करते हुए पुलिस की मौजूदगी में हाइवे से कोतवाली सीमा तक पहुंचाया गया । स्वागत करने वालों में आशीष अग्रवाल पप्पी , विनीत अग्रवाल , चुन्नू अग्रवाल , अरविंद शर्मा , मनोज गुप्ता , आकाश गुप्ता समेत तमामपुरुष और महिलाएं शामिल रहीं ।

## गोबर डालने से मना करने पर मारपीट, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**खुटार।** क्षेत्र के गांव लड़ती निवासी रामबहोरन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शुक्रवार की सुबह वह अपनी जगह पर गोबर डाल रहा था। कि पड़ोस के ही रहने वाले मातादीन व पुरुषोत्तम ने गोबर न डालने की बात करते हुए कहा कि यह जगह हमारी है। जबकि रामबहोरन ने कहा कि यह हमारी पुश्तैनी जमीन है और नीव भरी हुई है। जिस पर मातादीन व पुरुषोत्तम गाली गलौज करने लगे, जिस पर उसने विरोध किया। विरोध करने पर मातादीन, पुरुषोत्तम व पुरुषोत्तम की पत्नी गीता देवी, छोटे व सुभाष के साथ मिलकर लाठी डंडा से उसे जमकर मारा पीटा। पुलिस ने रामबहोरन की तहरीर के आधार पर सभी पांचो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## फर्जी डाक्टरों के अस्पतालों में छापा, मचा हड़कंप

**मिर्जापुर-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** जिलाधिकारी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरियनपुर (मिर्जापुर) के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ० आदेश रस्तोगी ने क्षेत्र में संचालित बिना रजिस्ट्रेशन के क्लीनिक और हॉस्पिटल के संचालकों को तीन दिन में चिकित्सा करने की डिग्री और रजिस्ट्रेशन प्रस्तुत करने के नोटिस जारी किए हैं।सीएचसी प्रभारी डाक्टर रस्तोगी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को ढाईघाट रोड पर ग्राम गुटेटी चौराहे पर मेडिकल स्टोर पर संचालित राजीव के चिकित्सालय,ढाई रोड पर शबनम चिकित्सालय के संचालक आलोक वर्मा, जरियनपुर तिराहे पर संचालित चंद्रकांता हॉस्पिटल और जरियनपुर के डॉ० महेश वर्मा को नोटिस देकर तीन दिन में चिकित्सा सम्बन्धी डिग्री और क्लीनिक/हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। सीएचसी प्रभारी ने यह भी बताया कि पूर्व में भी क्षेत्र के चार क्लीनिक/हॉस्पिटल के संचालकों को नोटिस दिए गए थे। किंतु कोई भी समय सीमा के अंदर अपने डाक्टरी करने के दस्तावेज और क्लीनिक/हॉस्पिटल के रजिस्ट्रेशन प्रस्तुत नहीं कर सके हैं। उन्होंने कहा कि नोटिस का जवाब नहीं देने वाले क्लीनिक/हॉस्पिटल संचालकों के विरुद्ध डीएम के आदेशानुसार एफआईआर दर्ज करवाने के साथ ही विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# नगर पालिका ने युद्ध स्तर पर आरम्भ किया फॉगिंग का कार्य

### अधिशासी अधिकारी ने रोस्टर के अनुसार फॉगिंगकरने के दिये निर्देश

**जलालाबाद।** स्वच्छता और संक्रमण को लेकर उसकी रोकथाम के डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका जलालाबाद द्वारा 25 वार्डों में रोस्टर के अनुसार फॉगिंग का काम कराया जा रहा है। जिसके तहत प्रतिदिन लगभग दो वार्ड लिए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र में मच्छर जनित व संक्रमण वाले रोगों से नगर वासियों को मुक्ति दिलाई जा सके।

आज वार्ड अब्बास नगर में फॉगिंग करती हुई टीम के हेड से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि अधिशासी अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में प्रत्येक वार्ड में फॉगिंग का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। ताकि कचरे से निकलने वाली विषैली गैसों से उत्पन्न कीड़े मकोड़े और मच्छरों के



प्रकोप को शांत किया जा सके और संक्रामक रोगों को फैलने से रोका जा सके।

इधर अधिशासी अधिकारी एच एन उपाध्याय से पूछने पर उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में संचारी रोग अभियान के तहत वार्ड वार फॉगिंग करने का काम सौंपा गया है जिसके लिए फॉगिंग हेड को रोस्टर बनाकर दिया है रोस्टर के अनुसार प्रत्येक वार्ड में जाकर फॉगिंग करने का काम नियमित रूप से प्रतिदिन किया जा रहा है।

## धर्मांतरण के विरोध में चले ईंट पत्थर कई घायल

**भावलखेड़ा।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के रेती मोहल्ले में बंद हो चुके शराब के ठेके के पास धर्मांतरण का गंदा खेल काफी समय से चल रहा था। आज स्थानीय नागरिकों को जानकारी हुई तो बवाल हो गया। सभा में हिंदू देवी देवताओं की निंदा की जाती थी और ईसाई धर्म को सर्वश्रेष्ठ बताया जाता था। हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने वालों को लगभग 3 लाख रुपए की पेशकश इसाई धर्मचारियों के द्वारा की जा रही थी। और जीवन में कभी बीमारी न होने का आश्वासन भी दिया जा रहा था।जानकारी होने पर हिंदू संगठनों के कई लोग उस स्थान पर इकट्ठे हो गए और विरोध करने लगे। इसी दौरान ईसाई धर्म की ओर से एक महिला ने सभा की भीड़ से कहा कि इन पर पत्थरों से हमला कर दो जिसके चलते पत्थरों के हमले में कई लोग घायल हो गए। थाना रामचंद्र मिशन में लखन पुत्र रामेश्वर निवासी तहबरगंज शिवम पुत्र पवन निवासी अहमदपुर रेती ने संयुक्त रूप से प्रार्थना पत्र दिया है। उधर प्रभारी निरीक्षक ने बताया अभी तक कोई भी प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है जानकारी मिली है कि एक युवक के सर पर किसी ने हेलमेट मार दिया था जिसके चलते युवक घायल हो गया था। मौके पर पुलिस को भेजा गया है जानकारी जुटाई जा रही है।

## महिला कर्मचारी ने प्रधान पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

**पुवायां,शाहजहांपुर(स्वतंत्र भारत)।** तहसील क्षेत्र के बंडा ब्लाक की महिला कर्मचारी ने ग्राम प्रधान पर रिश्वत मांगने आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग की है। तहसील सभागार में चल रहे तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस पहुंची क्षेत्र के गांव मरेना की रहने वाली राधा देवी ने दी शिकायत में बताया कि वह ब्लाक बंडा में केयर टेकर के पद पर दो साल से कार्य कर रही है।जिसका मानदेय ग्राम प्रधान व सचिव की सहमति निकाला जाता है।अभी तक किसी प्रकार का कोई मनदेय नहीं दिया गया है।महिला द्वारा कहने पर सचिव ने स्वीकृत कर ग्राम प्रधान के पास भेज दिया।ग्राम प्रधान ने महिला राधा देवी से रिश्वत के बतौर दो हजार रुपये मांगे।उनके द्वारा न दिए जाने पर ग्राम प्रधान ने मानदेय की स्वीकृत देने से माना कर दिया।महिला ने अधिकारी से प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## ई रिक्शा एवं विक्की की टक्कर में पिता-पुत्री घायल

**तिलहर।** थाना अंतर्गत गांव जोगीपुर निवासी नंदराम ने बताया कि वह अपनी विक्की से 3 वर्षीय पुत्री के साथ सरेली गांव को गेहूं से आटा बदलने जा रहे थी। वह सरेली पहुंचे वाले थे।उसी समय तिलहर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ई रिक्शा से टक्कर हो गई। जिससे नंदराम उसकी पुत्री गम्भीर रूप से घायल हो गई।घायल अवस्था में एंबुलेंस द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहा डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# लेट चल रही बरौनी को रोका चेनपुलिंग से

**शाहजहांपुर।** 14618 अमृतसर से चलकर बरौनी जाने वाली जनसेवा एक्सप्रेस निर्धारित समय से एक घंटा की देरी से चल रही थी शुक्रवार शाम मैगलगंज 8ः00 बजे पहुंचने का टाइम था लेकिन यह ट्रेन लेट होने के कारण रात्रि 9ः00 बजे पहुंची 2 मिनट रुकने के बाद जैसे ही ट्रेन चली किसी ने चेन पुलिंग कर दी चैन कुली की सूचना मिलने पर सहायक लोको पायलट ट्रेन मैनेजर स्टेशन मास्टर राज की रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और चेन पुलिंग सही करने की कोशिश की गई लेकिन सेफ्टी कार्ड विपरीत दिशा में होने के कारण टॉकिंग पोर्टल में ट्रेन के अंदर जाकर सेफ्टी का को ठीक किया उसके बाद 9ः30 पर ट्रेन रवाना भी यहां बताते चलें इस ट्रेन में वेंडर बहुत अधिक चलते हैं जो कि माइकल गंज में उतरने और चढ़ते हैं जिस कारण आए दिन चेन पुलिंग होती है वहीं दूसरी ओर 15211 दरभंगा से चलकर अमृतसर जाने वाली जननायक एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 2 घंटा की देरी से सीतापुर से चली थी लेकिन रोजा जंक्शन के पास रेल पटरिया के मरम्मत के चलते बरतारा रेलवे स्टेशन पर काफी देर खड़ी रही ब्लॉक पूरा होने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया जिस कारण शाम 4ः30 बजे शाहजहांपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पहुंची जिससे कि ट्रेन का इंतजार कर रहा है यात्रियों को धूप में परेशान होना पड़ा स्टेशन अधीक्षक सुभाष चंद्र ने बताया आगे लाइन क्लियर ना मिलने के कारण बरतारा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोकना पड़ा।

# डिजिटल अरेस्ट से भी सावधान रहे छात्र व छात्रायें : एसपी

### छात्र अपने राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका का निर्वहन करें : अंशु पाण्डेय

**शाहजहांपुर।** शनिवार को जनराज्य फंट इंडिया की ओर से निरंतर संपूर्ण जिला में चलाए जा रहे यूथ फॉर इंडिया अभियान के तहत एक भव्य व ऐतिहासिक कार्यक्रम जनपद स्थित राजकीय इंटर कॉलेज जीआईसी में संपन्न हुआ जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा संपूर्ण जिले में जन राज्य फंट इंडिया संगठन की ओर से यातायात सड़क सुरक्षा मिशन शक्ति डिजिटल अरेस्ट वृहद वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण रूपी मुहिम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की वह संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजय मीरा पांडे अंशु को वह उनकी समस्त टीम को हृदय से धन्यवाद व बधाई प्रेषित की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा की आधुनिक युग में आप सभी अपनी शैक्षिक गतिविधियों को संचालित करने के साथ-साथ यातायात सड़क सुरक्षा के नियमों का स्वयं व अपने परिवार जनों के अतिरिक्त संबंधियों को भी नियमों का अनुपालन करने हेतु जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाएं । डिजिटल अरेस्ट संबंधी



समस्या से सावधान रहने के महत्वपूर्ण नियमों की वह उससे बचाव की जानकारी अपने उद्बोधन के माध्यम से प्रदान की। छात्रों से कहा की डिजिटल अरेस्ट से बहुत गंभीर समस्याएं उत्पन्न हुई हैं अतः आप सभी छात्रों को समस्त डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सतर्क रहने की आवश्यकता है। यातायात के नियमों का अनुपालन करने की कड़ी में छात्रों से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय ने सीट बेल्ट वह सदैव हेलमेट के साथ वाहन चलाए जाने की शपथ दिलाई। वरिष्ठ एसपी ने कहा ने जनराज्य फंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मीरा पांडे अंशु वह उनकी समस्त टीम का मंच से आभार व्यक्त किया वह उन्हें आश्वस्त किया कि जब तक अभियान जिले के प्रत्येक विद्यालयों में अनवरत चलता रहेगा जनराज्य फंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संयोजक अजय मीरा पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक का हृदय से आभार व्यक्त किया वह उनसे कहा कि आप अपने अति व्यस्ततम समय में से समय निकालकर हमारे इस मुहिम को जो बल एवं गतिशीलता प्रदान कर रहे हैं उसके लिए जन राज्य फंट इंडिया संगठन आपका हृदय से आभार व्यक्त करता है वह आगे भी इसी प्रकार के छात्र-छात्रा जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित करते रहने की कोशिश करेगा। यातायात प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पांडेय वह समस्त टीम का हौसला अफजाई की और अभियान को और मजबूत करने के निर्देश भी दिए कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण कॉलेज परिसर में किया वह उपस्थित छात्रों शिक्षकों व शिक्षिकाओं से निरंतर वृक्षारोपण करने की अपील की कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय का जन राज्य फंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मीरा पांडे ने बैच लगाकर वह बुके देकर हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया इसके अतिरिक्त जन राज्य फंट के यूथ फॉर इंडिया अभियान के जिला कार्यक्रम प्रभारी वह मंच संचालन कर रहे। जगार खान ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के संदर्भ में कविता सुनकर खूब तालियां बटोरी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के स्वागत में जीआईसी के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का स्वागत व अभिनंदन किया उनके साथ जन राज्य फंट इंडिया के जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप अवस्थी ने भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय का वह यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री विनय पांडे जी का बैच लगाकर व पुष्प कुछ देकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार जैन राज्य फंट इंडिया के जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप अवस्थी यूथ फॉर इंडिया अभियान के जिला कार्यक्रम प्रभारी व महानगर उपाध्यक्ष जलाल खान का विशेष सहयोग रहा । जन राज्य फंट इंडिया टीम की ओर से वरिष्ठ पदाधिकारीगणों में संजय सक्सेना एडवोकेट धीरेंद्र मिश्रा एडवोकेट आशु दीक्षित अजीत यादव संत रामपाल दीपांशु वर्मा हरप्रीत सिंह टीटू सहित विभिन्न वरिष्ठ जिला व महानगर पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को मिले मुक्ति : दुआ

**शाहजहांपुर।** व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता को ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने कहा कि प्रदेश द्वारा विद्युत दरों में वृद्धि किए जाने व स्मार्ट मीटर का विरोध किया है । क्योंकि चेक मीटर के द्वारा जांच किए जाने पर स्मार्ट मीटर लगभग 40% अधिक यूनिट दर्शाता है जो उपभोक्ता के साथ अन्याय है इसलिए स्मार्ट मीटर लगाना बंद कराए जाने चाहिए। इस संबंध में एक ज्ञापन भी दिया गया। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश मे विद्युत दरो में वृद्धि का जो प्रस्ताव लागू किया जा रहा है वह उपभोक्ताओं के लिए चिंता का विषय है इसके लागू होने से 1 किलोवाट पर आधारित 100 यूनिट पर जो ?6,60 पैसे वर्तमान में है वह 8 रुपए 40 पैसे हो जाएगा एवं 2 किलोवाट पर जो ?6,73 पैसे है वह ?9,15 पैसे हो जाएगा एवं 5 किलोवाट पर 200 यूनिट पर जो ?8,80 पैसे है वह 12 रु लागू हो जाएगा इसके मुताबिक 40 से 45% यथास्थिति से दरे बढ़ जाएंगे यह आम आदमी की पहुंच से बाहर होगी। शहरी फिक्स चार्ज 110 से बढ़कर 190 रुपए प्रति किलो वाट और ग्रामीण क्षेत्रों में ?90 से 150 रुपए प्रति किलो वाट प्रस्तावित दरों के हिसाब से हो जाएगी। जबकि फिक्स चार्ज के माध्यम से उपभोक्ता के साथ अन्याय किया जा रहा है क्योंकि उपभोक्ता निर्धारित अपने द्वारा उपभोग की गई विद्युत मुल्य को पूर्णतया अदा कर रहा है तो फिक्स का चार्ज क्यों लिया जा रहा है। प्रदेश में दो कंपनियों को स्मार्ट मीटर लगाए जाने के लिए अनुबंधित किया गया है जिसमें दक्षिणांचल की जीनस कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जो बिजली उपयोग से 4-50 गुना अधिक रीडिंग दे रहे हैं जिसे चेक मीटर ने भी गलत ठहराया है। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को मुक्ति दिलाई जाए एवं कंपनियों का अनुबंध समाप्त किया जाए एवं विद्युत दरों में प्रस्तावित वृद्धि को रोका जाए। इस कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री धर्मपाल , जिला महामंत्री नाजिम खान नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता महामंत्री अतुल गुप्ता कोषाध्यक्ष सतनाम चावला युवा जिला अध्यक्ष रोहित अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता जितेंद्र वर्मा सुरेंद्र सेठी राजेश जायसवाल गौरव वल्लभ गुप्ता मोहम्मद रफी युवा नगर अध्यक्ष शकील अहमद मोहम्मद नबी हसन अमोल ग्रोवर शरद, बंटी, तनवीर, संजय सेठी राकेश शर्मा आदि कई पदाधिकारी शामिल हुए।




स्वतंत्र भारत

लखनऊ, रविवार, 20 जुलाई 2025






## श्रावण मास की छठा में सराबोर हुआ सरस्वती विद्या मंदिर



स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में श्रावण मास के अवसर पर प्राथमिक विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा 'तीज स्पेशल-सावन' थीम पर एक विशेष बैगलेस एक्टिविटी दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रावण मास की पारंपरिक व सांस्कृतिक महत्ता से विद्यार्थियों को परिचित कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सीमा साहनी एवं विशिष्ट अतिथि प्रमिला के साथ उप प्रधानाचार्य आलोक ने कार्यक्रम की शुरुआत की। मंच संचालन की जिम्मेदारी आचार्या निधि ने निभाई जबकि प्राची द्वारा टीका व बैज वितरण किया गया। श्रावण माह की शिव महिमा का मार्मिक वर्णन भी आचार्या निधि द्वारा किया गया। आचार्य अभिषेक एवं स्वस्ति वाचन टोली ने स्वागत पूजन एवं आरती कार्यक्रम को भक्ति भाव से सम्पन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने शिव स्तुति पर मधुर भजन प्रस्तुति से सभी को भाव-विभोर कर दिया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिनमें क्ले आर्ट, मेहंदी आर्ट, सलाद डेकोरेशन, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं रैंप वॉक शामिल थे। समस्त अतिथिओं द्वारा सभी प्रतियोगिताओं का गहन अवलोकन किया गया तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की गई। कार्यक्रम के समापन पर आचार्या प्राची ने उपस्थित सभी अतिथियों, आचार्यगण एवं विद्यार्थियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## डीएम ने उर्वरक वितरण केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

- कृषकों से सीधे संवाद कर जानी हकीकत
- डीएम ने अफसरों संग की कस्ता, बेहजम में टोकन व्यवस्था, दस्तावेज, वितरण प्रक्रिया की गहन जांच

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** खरीफ सीजन में किसानों को समय पर व पारदर्शी ढंग से उर्वरक उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शनिवार को तहसील मितौली क्षेत्र के दो प्रमुख उर्वरक वितरण केंद्रों पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानी, वहीं वितरण से संबंधित दस्तावेज, टोकन प्रणाली और अभिलेखों की गहन जांच की। इस दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, एआर कॉपरेटिव रजनीश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

डीएम सबसे पहले बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड (बी-पैक्स), कस्ता पहुंचीं। यहां खाद लेने पहुंचे किसानों से उन्होंने संवाद किया और टोकन वितरण प्रणाली की पड़ताल की। उन्होंने वितरण काउंटर पर मैन्युअल और डिजिटल एंट्री को देखा और कृषकों द्वारा प्रस्तुत किए गए खसरा, खतौनी सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की। समिति के कार्य से किसान संतुष्ट नजर आए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर किसान को उसकी भूमि के अनुसार ही उर्वरक मिले, और वितरण प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और दस्तावेजों पर आधारित हो।



इसके बाद डीएम गिरी फर्टिलाइजर विक्रय केंद्र, बेहजम पहुंचीं। यहां भी उन्होंने उर्वरक प्राप्त कर रहे किसानों से बातचीत की और विक्रेता द्वारा संधारित स्टॉक रजिस्टर, वितरण रसीद और खरीदारों की प्रविष्टियों का मिलान किया। डीएम ने किसानों से संतुलित मात्रा में ही उर्वरक खरीदने और फसल की जरूरत के अनुसार उपयोग करने की सलाह दी, जिससे उत्पादकता बढ़े और मृदा की उर्वरता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि सरकार की मंशा स्पष्ट है कि किसान को समय पर, सही मात्रा में और उचित मूल्य पर खाद मिले। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता सामने आई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समिति में निगरानी के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जा रहे हैं, जहां वितरण से पूर्व गाटा संख्या व रजिस्टर प्रविष्टि का मिलान अनिवार्य होगा। कोई भी लापरवाही या अनियमितता सामने आने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की एक नई पहल के तहत अब किसानों को यह जानने में सुविधा होगी कि उनके क्षेत्र में किस निजी दुकान पर उर्वरक उपलब्ध है। इसके लिए प्रत्येक पैक्स समिति परिसर में उन निजी विक्रेताओं की सूची चस्पा की गई है, जहां खाद की उपलब्धता बनी हुई है। किसान इस सूची को देखकर अपनी आवश्यकता के अनुसार सीधे संबंधित दुकान से उर्वरक प्राप्त कर सकेंगे। इस व्यवस्था से समितियों पर अनावश्यक भीड़ नहीं जुटेगी और वितरण प्रणाली अधिक व्यवस्थित व पारदर्शी हो सकेगी। किसानों को राहत देने और वितरण में संतुलन लाने की दिशा में यह कदम सराहनीय माना जा रहा है।

## बाघ के हमले में पिता-पुत्र घायल

**लखीमपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम परसेहरा निवासी 55 वर्षीय रामशंकर वर्मा व उनका पुत्र 23 वर्षीय पंकज वर्मा दो अन्य साथियों के साथ गन्ने के खेतों में बौंकी उखाड़ने के लिए शनिवार की सुबह नौ बजे गए थे।

तभी वहां मौजूद बाघ ने अचानक उन पर हमला कर दिया। दोनों पिता-पुत्र शोर-शराबा करने लगे। जिससे आस-पास खेतों में मौजूद किसान भी दौड़ लिए। इससे बाघ वापस भाग गया। हमले में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया जहां हालत नाजुक देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाघ की आमद से क्षेत्र के कृषि कार्य रुक गए हैं। वन कर्मियों नें घायलों को नगद के तौर पर आंशिक धनराशि दी है।

## खबर एक नजर

### निष्कासित आउटसोर्स कर्मियों ने मांगा न्याय

**सिंगाही-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय और नौकरी सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं, वहीं उनकी सरकार का बिजली विभाग उनकी मंशा पर पानी फेरता दिख रहा है। इसका खामियाजा स्थानीय बिजली विभाग के कई कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है, जो बेरोजगार होकर अब अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के दरवाजे खटखटा रहे हैं। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के सिंगाही पावर हाउस से निकाले गए पूर्व कर्मचारी कृ राहुल कुमार, सूरज कुमार, रामस्वरूप, भोजपाल और मोहम्मद सैफ कृ शनिवार को तहसील दिवस में पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। इनका आरोप है कि पावर हाउस में पहले 19 कर्मचारी कार्यरत थे, लेकिन 1 मई से इनमें से पांच कर्मचारियों को यह कहकर बाहर कर दिया गया कि पावर हाउस अब ग्रामीण ग्रेड से संचालित होगा। हैरानी की बात यह है कि निकाले गए कर्मचारियों की हाजिरी अभी भी लगाई जा रही है। पूर्व कर्मचारियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग एसडीएम निघासन से की, जिस पर एसडीएम ने जांच की जिम्मेदारी बिजली विभाग के एसडीओ को सौंपी है।

### तेंदुए के बढ़ते हमलों से ग्रामीणों में दहशत

**बिजुआ खीरी।** भीरा वनरेंज क्षेत्र के इमलिया फार्म में तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग ने ग्रामीणों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में वन विभाग के अधिकारियों ने जंगली जानवरों से बचाव के उपाय साझा किए। बैठक में वन विभाग ने ग्रामीणों को घरों के आसपास सफाई रखने और रात में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने की सलाह दी। साथ ही, सुबह-शाम अकेले खेतों या जंगल में न जाने की हिदायत दी गई। विभाग ने लोगों को आपातकालीन स्थिति के लिए वन विभाग के कर्मचारियों के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए। पिछले कुछ दिनों से इमलिया फार्म में तेंदुए की लगातार गतिविधियां देखी जा रही हैं। तेंदुए ने क्षेत्र में कुछ कुत्तों का शिकार भी किया है। इस गोष्ठी में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी अखिलेश कुमार शर्मा, वनरक्षक शरद कुमार, बीट वाकर महेश कुमार, गया प्रसाद, सूरजपाल और बबलू सहित अन्य वन कर्मी मौजूद रहे। वन विभाग ने जागरूकता बढ़ाने के लिए पंपलेट भी वितरित किए। ग्रामीणों को निर्देश दिया गया कि किसी भी हिंसक वन्य जीव के दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग के कर्मचारियों को सूचित करें।

### खीरी सांसद ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं



**पड़रिया तुला-खीरी।** खीरी के सांसद उत्कर्ष वर्मा ने शनिवार को बिजुआ विकास खंड के ग्राम पंचायत पड़रिया तुला और रामदीन पुरवा में चैपाल लगाई। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। पड़रिया तुला सपा कार्यालय पर जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने स्कूल और बिजली की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सांसद ने कहा कि अगले पांच साल में इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह ऐसा कोई काम नहीं करेंगे, जिससे उनकी पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचे। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सदर अशोक वर्मा और गोला अशोक वर्मा मौजूद रहे। साथ ही सपा नेत्री और जिला पंचायत सदस्य आर पी चैधरी भी उपस्थित थीं। सेंटर प्रभारी पड़रिया तुला अंतू यादव, कार्यालय प्रभारी भीम निवास गौतम और बिजुआ सपा ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कश्यप भी शामिल हुए। एडवोकेट एहसन अंसारी, राजेंद्र राज, अमरनाथ और बब्लू अंसारी समेत सैकड़ों सपा कार्यकर्ता और आम नागरिक मौजूद रहे।

### पीड़ित परिवार से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष



**फरधान-खीरी।** खाद लेने गए किसान पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग पर भड़के भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ ग्राम मनवापुर थाना फरधान निवासी पीड़ित राज किशोर एवं उसके परिजनों से मिले तथा उसकी मां से पूरी जानकारी ली तथा कहा कि जाम हटाने के नाम पर की गई कार्रवाई से वह पूरी तरह क्षुब्ध है तथा उन्होंने असंतोष जताते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी तथा पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा ऐसा भरोसा दिया उन्होंने कहा कि मामले को लेकर उन्होंने उच्च अधिकारियों से भी बात की है प्रतिनिधि मंडल ने गांव वालों से भी मुलाकात की एवम न्याय दिलाने का भरोसा दिया उक्तजानकारी देते हुए भाजपा के जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्र ने बताया की जिला अध्यक्ष सुनील सिंह के साथ जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह अनुराग मिश्रा फरधान मंडल अध्यक्ष रंजीत वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष वर्मा बृजनंदन मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्र भाल मिश्रा बाल मुकुंद दीक्षित संयोजक तथा अध्यक्ष साधन सहकारी समिति मौजूद रहे।

## नशा मुक्त भारत अभियान में लखीमपुर की पहल

- काशी के युवा आध्यात्मिक समिट में श्री हरि चरण सेवा संस्थान ने की भागीदारी

स्वतंत्र भारत




**बिजुआ खीरी।** काशी के रुद्राक्ष इंटरनेशनल कोऑपरेशन एंड कन्वेंशन सेंटर में ष्नशा मुक्त युवा, विकसित भारतष् के संकल्प के साथ युवा आध्यात्मिक समिट का आयोजन किया गया। इस समिट में देशभर से 113 संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। लखीमपुर की संस्था श्री हरि चरण सेवा संस्थान ने पहली बार काशी के इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज की। संस्था की ओर से अंकित श्रीवास्तव, शिवम जयसवाल, विशेष पाण्डेय, प्रथम बाजपेई और संस्थापक मनीष मिश्र ने प्रतिनिधित्व किया। समिट में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय ने युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री हरि चरण सेवा संस्थान ने गांव, गली और मोहल्लों में नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया है। संस्था का लक्ष्य युवाओं को नशा मुक्त कर समर्थ भारत का निर्माण करना है। नशा मुक्त भारत अभियान अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है,

## हादसे को दावत दे रहा माचिस गोदाम

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के सबसे व्यस्त इलाके कपूरथला चैराहा पर स्थित एक माचिस से भरा गोदाम किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण दे रहा है। यह गोदाम चैराहे के बाएं हाथ पर स्थित है और पूरी तरह मानक विहीन स्थिति में संचालित हो रहा है।

स्थानीय सूत्रों केअनुसार एक बड़े मसाला व्यवसाय का बताया जा रहा है। आश्चर्यजनक रूप से इस अत्यंत ज्वलनशील सामग्री से भरे गोदाम में अग्निशमन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। न तो अग्निशमन यंत्र मौजूद हैं और न ही कोई आपातकालीन निकासी व्यवस्था। इस मामले को लेकर जब जिला अग्निशमन अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमें इस गोदाम की जानकारी प्राप्त हुई है, शीघ्र ही जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि घनी आबादी और बाजार क्षेत्र में स्थित इस प्रकार के खतरनाक गोदामों की तत्काल जांच कर कड़े कदम उठाए जाएं, ताकि किसी अप्रिय घटना से पहले सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



## स्वच्छ सर्वेक्षण में लखीमपुर पालिका को मिली देश में 108वीं रैंक



**लखीमपुर-खीरी।** स्वच्छ भारत मिशन ;नगरीयद्ध के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों में नगर पालिका परिषद लखीमपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर 108वीं रैंक प्राप्त किया। लखनऊ मंडल में दूसरा स्थान व जिले में प्रथम स्थान के साथ.साथ प्रदेश में तीन लाख तक जनसंख्या वाले निकायों की कटेगरी में 9वां स्थान हासिल किया है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डा. ईरा श्रीवास्तव ने बताया कि यह उपलब्धि स्वच्छता कर्मियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा नगरवासियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। आधुनिक तकनीकों का उपयोगए कचरा पृथक्करण, कचरा प्रसंस्करण, खुले में शौच से मुक्ति और सार्वजनिक स्थलों की सफाई में निरंतर सुधार के प्रयासों को भी इस सफलता में अहम माना गया है।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तहसील दिवस

**मितौली खीरी।** तहसील परिसर मितौली में जिलाधिकारी खीरी एवं पुलिस अधीक्षक खीरी की अध्यक्षता में तहसील मितौली में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया फरियादों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जन शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।

तहसील सभागार मितौली में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी लखीमपुर-खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा तहसील मितौली पर उपस्थित रहकर संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई व इस दौरान फरियादों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जन शिकायतों की जांच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया संपूर्ण समाधान दिवस मितौली में कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें राजस्व विभाग की 30 विकास विभाग की ग्यारह, आपूर्ति विभाग की आठ, विद्युत विभाग की 6, पुलिस विभाग की पांच, चकबंदी विभाग की दो, शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें राजस्व विभाग की सात शिकायतों का आम सहमति के आधार पर शासन की गाडलाइन के अनुसार मौके पर निस्तारण किया गया तहसील बार एसोसिएशन मितौली ने जिलाधिकारी को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौपा वरिष्ठ अधिवक्ता सरोज अवस्थी नें तहसील परिसर में नेटवर्क की दिक्कत के चलते बैनामाधारको को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उसके बाद स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सी सी एल का वितरण व कृषि विभाग के द्वारा 10 कृषकों को प्रमाणित बीज का वितरण किया गया।



इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष गुप्ता, उप जिलाधिकारी मितौली रेनू मिश्रा, तहसीलदार मितौली ज्योति वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक मितौली जितेन्द्र सिंह परिहार,नायब तहसीलदार दिनेश कुमार, शशांक शेखर मिश्र, खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार, बेहजम, पासिगंवा, कोतवाली प्रभारी मितौली शिवाजी दुबे, नीमगांव आलोक कुमार धीमान, मैगलगंज सहित समस्त जिला, तहसील स्तर के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कावड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था देखने पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक

- सरयू नदी तट समेत जंगलीनाथ मंदिर का लिया जायजा

स्वतंत्र भारत

**खमरिया-खीरी।** धौरहरा क्षेत्र में कावरियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सरयू नदी तट पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी के साथ एनएच 730 सहित जंगलीनाथ मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का का जायजा लिया। साथ ही पूरे सावन मंदिरों पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने के साथ राह से गुजरने वाले कावरियों की विशेष देख-रेख सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। धौरहरा ईसानगर व खमरिया क्षेत्र में गांवों से लेकर पड़ोसी जनपद बहराइच के बॉर्डर पर एनएच 730 पर जालिमनगर के पास स्थित सरयू नदी तट पर जल भरकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ को जाने वाले कावरियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए की गई तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन कुमार दलबल के साथ पहुंचे। वह थाना प्रभारी निरीक्षक ओपी राय, धौरहरा कोतवाल सुरेश कुमार मिश्रा एवं ईसानगर थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी के साथ हाइवे गए। इसके अलावा जंगलीनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों का भ्रमण कर शिवभक्तों व कावरियों के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने अधीनस्थों को सावन के महीने भर हाइवे से गुजरने वाले कावरियों की विशेष देखरेख करने को कहा। इसके साथ ही क्षेत्र के शिव मंदिरों पर भक्तों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। सोमवार को अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर ध्यान रखने के निर्देश दिए।



## नगर पंचायत की ओर से कावड़ियों का हुआ भव्य स्वागत

**लखीमपुर-खीरी।** सावन के पवित्र महीने में आस्था का सैलाब फिर सड़कों पर उमड़ पड़ा। रविवार को कस्बा खीरी से भगवान शिव के भक्तों के कई जत्थे कांवड़ लेकर हर-हर महादेव के जयघोष करते हुए रवाना हुए। श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगे इन शिवभक्तों की सेवा के लिए नगर प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से बेहतरीन इंतजाम किए।कस्बे से निकलने वाले कांवड़ियों के स्वागत में नगर पंचायत प्रशासन ने भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा, भाजपा नेता अशोक अवस्थी, नगर पंचायत चेयरपर्सन प्रतिनिधि फहीम अहमद एवं अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार के साथ नगर पंचायत का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।सभी जनप्रतिनिधियों ने शिवभक्ति में डूबे कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया और अपने हाथों से कावड़ियों को सब्जी, हलवा, चावल और शीतल पेयजल परोसा। यह सेवा भाव देख श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।बीजेपी सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा, शिवभक्तों की सेवा करना सौभाग्य की बात है।चेयरपर्सन प्रतिनिधि फहीम अहमद ने कहा, यह हमारे लिए पुण्य का अवसर है।खीरी पुलिस चैकी के पास कावड़ियों के विश्राम हेतु अस्थाई शिविर स्थापित किया गया। नगर पंचायत द्वारा लगाए गए इस शिविर में ठहरने, जलपान और विश्राम की उत्तम व्यवस्था रही। गर्मी को देखते हुए शिविर में हैवी कूलर और पंखे लगाए गए, वहीं धार्मिक माहौल को जीवंत करने के लिए रंग-बिरंगी सजावट की गई।भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए शिवभक्तों ने प्रसाद स्वरूप पूरी, सब्जी, हलवा, चावल और शीतल जल का आनंद लिया।

## मंगल पांडे की जयंती पर कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने 1857 की क्रांति के अग्रदूत और भारत के पहले स्वतंत्रता सेनानी महानायक मंगल पांडे की जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगल पांडे के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई।

गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. रईस अहमद उस्मानी ने की। सभा को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं अधिवक्ता शिव सहाय ने संबोधित करते हुए कहा कि मंगल पांडे भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ सबसे पहले क्रांति की मशाल जलाने वाले वीर सपूत थे। वे 1857 की सिपाही विद्रोह के नायक माने जाते हैं और बलिया जैसे क्षेत्रों में उनका नाम आज भी प्रेरणा का सोत है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रवि तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगवा गांव में हुआ था। उन्होंने 'मारो फिरंगी को' जैसा जोशीला नारा देकर देश में आजादी की अलख जगाई। उनका यह नारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक बन गया। रवि तिवारी ने आगे कहा कि हम सभी को मंगल पांडे के साहस और बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के आगे झुकने के बजाय देश के लिए फांसी का फंदा चुना। इस अवसर पर कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कोमल सिंह, आफताब अंसारी, रामपाल शाक्य, अब्दुल रहीम, राजेंद्र गुप्ता, सत्ती सरन गौतम, पंछी देवी, रजिया बानो, दाता राम, राम देवी, वीरेंद्र सिंह हरगोविंद, सुनील कुमार सहित कई कांग्रेस जन मौजूद रहे।



# विचार अभिव्यक्ति की मर्यादा



- हृदयनारायण दीक्षित

अभिव्यक्त की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। संविधान निर्माताओं ने सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार बनाया है, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का यह अधिकार असीम नहीं है। इसकी सीमा है। संविधान के अनुच्छेद 19 में यह अधिकार स्पष्ट है। कहा गया है, ÷सभी नागरिकों को वाक् स्वातंर्त्य और अभिव्यक्ति स्वातंर्त्य का अधिकार होगा।÷ वहीं इसी अनुच्छेद के खण्ड 2 में इस अधिकार की मर्यादा बताई गई है। आगे कहा गया है कि, 'भारत की संप्रभुता, अखण्डता, सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बंध, लोकव्यवस्था, शिष्टाचार या सदाचार के हितों में अथवा न्यायालय अवमान के सम्बंध में विद्यमान विधि के प्रवर्तन पर फर्क नहीं पड़ेगा।' बीते कुछ समय से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के इस अधिकार का दुरुपयोग बढ़ रहा है। इस पर पर राष्ट्रीय बेचैनी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में स्पष्ट किया है कि विचार अभिव्यक्ति की यह स्वतंत्रता निरपेक्ष नहीं है।

दरअसल सोशल मीडिया में सक्रिय एक बड़े वर्ग द्वारा आभासी आक्रमण दंगा भड़काने वाले पोस्ट डाले जा रहे हैं। अश्लील चित्र और अवैध संबंधों का महिमामण्डन किया जा रहा है। ऐसे में सोशल मीडिया जैसे विशाल मंच के दुरुपयोग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश चिंतित है। सांप्रदायिक संघर्ष भड़काने वाली झूठी सूचनाएं भी राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरनाक बताई जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने विकलांग व्यक्तियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियों को गंभीरता से लिया है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने अटॉर्नी जनरल से सोशल मीडिया के दिशा निर्देश तैयार करने की अपेक्षा की है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का निरंकुश दुरुपयोग राष्ट्र के लिए अच्छा नहीं है। एक अन्य मुकदमे में सर्वोच्च न्यायपीठ ने कहा है कि, 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मूल्यवान है। आखिरकार देश के नागरिक स्वयं अपना नियमन क्यों नहीं कर सकते?'

भारत विश्व प्रतिष्ठित देश है। हम भारत के लोग अपने परिजनों/देशवासियों से शब्द संयम की न्यूनतम अपेक्षा तो कर ही सकते हैं। यह बात सही है कि विचार अभिव्यक्ति आवश्यक है, लेकिन इससे भी ज्यादा यह बात आवश्यक है कि अभिव्यक्ति का सौंदर्य और उसका प्रवाह अश्लील अभद्र और आक्रामक न हो। संप्रति सोशल मीडिया में सदाचार और अभद्र आचरण को भी जाति वर्ग में बांटने का प्रचार चल रहा है। आखिरकार विचार अभिव्यक्ति का अर्थ क्या है? अस्तित्व सत्य है, अस्तित्व सुंदर है और शिव भी है। हमारे उद्भव का स्रोत अस्तित्व है। अस्तित्व प्रतिपल अभिव्यक्त हो रहा है। सत्य, शिव और सुंदर को प्रकट करना और राष्ट्र को आनंद आपूरित करना अभिव्यक्ति का उद्देश्य है। संगीत, कला, काव्य और साहित्य सहित सभी सृजन विचार स्वातंर्त्य में ही खिलते हैं। आधुनिक विश्व के सभी देशों में इनका सम्मान है। लेकिन भारत और शेष विश्व में इनके उद्देश्यों में मौलिक अंतर है। भारतीय संगीत, कला, काव्य और साहित्य का लक्ष्य लोकमंगल है। यहां जो लोकमंगल नहीं साधता वह साहित्य नहीं हो सकता। यहां श्रीकृष्ण भी बांसुरी वादक हैं और शिव नटराज। ऋग्वेद में अग्नि देवता व बृहस्पति को भी कवि बताया गया है। यहां विचार अभिव्यक्ति का लक्ष्य किसी की भावनाओं को चोट पहुंचाना नहीं था। भारतीय भाषाओं के सबसे लोकप्रिय कवि तुलसीदास ने रामचरित मानस लिखी थी। यहां पहले से ही इस्लामी शासन था लेकिन उनकी रामकथा में इस्लाम या तत्कालीन शासकों पर कोई टिप्पणी नहीं है।


संविधान निर्माता सजग थे। उन्होंने विचार अभिव्यक्ति का स्वातंर्त्य दिया, साथ ही मर्यादा के बंधन भी लगाए। संविधान सभा (1.12.1948) में प्रो0 के0टी0 शाह ने बंधनों का विरोध किया, कहा कि 'यहां मुख्य प्राविधान के बजाय अपवादों पर अधिक जोर दिया गया है, वास्तव में दांए हाथ से जो कुछ दिया गया है उसे तीन, चार बार बांए हाथों से छीन लिया गया है।' शाह ने समाचार पत्रों को अधिकार देने की मांग की। कहा 'संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा पत्र में समाचार पत्रों की स्वाधीनता को प्रमुख स्थान दिया गया है। हमारे मसौदाकारों ने इसे क्यों छोड़ा?' दामोदर स्वरूप सेठ ने भी कहा कि 'इस अनुच्छेद में जिन अधिकारों को दिया गया है उनका उसी अनुच्छेद की धारा से खण्डन हो जाता है।' अनेक तर्क हुए लेकिन अंततः बंधनों पर ही सहमति हुई। समाचार पत्रों को इसी अधिकार में सम्मिलित माना गया। मर्यादाओं की सूची में 'अपराध प्रेरण, शिष्टाचार, सदाचार, न्यायालय अवमान; आदि शब्द रखे गए थे। लेकिन चीनी हमले के समय वामपंथी समूहों ने राष्ट्रीय संप्रभुता को भी चुनौती दी। तब 'भारत की संप्रभुता और अखण्डता' को प्रभावित करने वाली अभिव्यक्ति पर मर्यादा की बात 1963 के 16वें संविधान संशोधन में जोड़ी गयी। राष्ट्र का संवर्द्धन हरेक नागरिक का कर्तव्य




है। संविधान का अनुच्छेद 51क (42वां संविधान संशोधन) मूल कर्तव्यों का है। प्रख्यात संविधानविद् न्यायमूर्ति डी0डी0 वसु की टिप्पणी पठनीय है कि 'मूल कर्तव्य न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। इनका उल्लंघन भी दण्डनीय नहीं है लेकिन न्यायालय ऐसे व्यक्ति की प्रेरणा पर मूल अधिकार का प्रवर्तन करने से इंकार कर सकता है जिसने संवैधानिक कर्तव्यों में से किसी एक का उल्लंघन किया है।' इस सूची में संविधान का पालन, संवैधानिक संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का आदर, राष्ट्र की संप्रभुता, एकता, अखण्डता का सम्मान, समानता व भाईचारा बढ़ाने, सांस्कृतिक परम्परा का सम्मान और परिरक्षण आदि 11 संवैधानिक कर्तव्य व्यों का पालन किए जाने की अपेक्षा की गई है। लेकिन अनेक लोग विचार अभिव्यक्ति के अधिकार का प्रयोग करते समय संवैधानिक कर्तव्यों का ध्यान नहीं रखते। भारत संघ बनाम नवीन जिन्दल मामले (2004) में न्यायालय ने राष्ट्रध्वज के लहराने को भी विचार अभिव्यक्ति मानकर अनुच्छेद 19(1) की परिधि में मौलिक अधिकार बताया था।

वाक् स्वातंर्त्य का अधिकार बड़ा है। शब्द सत्ता बड़ी है-शब्द संयम में प्रीति होती है, रस होता है। शब्द दुरुपयोग में उत्तेजना है, भावना और आस्था पर आक्रमण हैं। विश्वविख्यात कलाकार एम0एफ0 हुसैन ने सरस्वती व सीता के अश्लील चित्र बनाए थे। इसे विचार अभिव्यक्ति कहेंगे या विकार अभिव्यक्ति? सोशल मीडिया में आपत्तिजनक सामग्री की आंधी है। शब्द संयम में ही सौन्दर्य प्रकट होता है और शब्द अनुशासनहीनता में अश्लीलता। सर्वोच्च न्यायालय ने 2005 में मौन रहने को भी अनु0 19(1क) के अधीन विचार अभिव्यक्ति का अधिकार बताया था। राजनीति शब्दों का ही खेल है। लेकिन राजनैतिक शब्दकोष से शालीनता के तत्व गायब हैं। यहां आरोप-प्रत्यारोप हैं। संसद और विधानमण्डल में बोले गए शब्दों पर न्यायालय कार्यवाही नहीं कर सकते। इसलिए संसदीय शब्द अराजकता अपनी सीमा पार कर गई है। वाक् स्वातंर्त्य के अधिकार का सदुपयोग सामाजिक परिवर्तन में होना चाहिए। वाद-विवाद में मधुमय सम्वाद की प्राचीन संस्कृति को बढ़ाना चाहिए। समाज के छोटे से हिस्से की भी भावनाओं को आहत करने वाले शब्दों का प्रयोग अभिव्यक्ति की आजादी का दुरूपयोग है। इसी तरह बात बे बात किसी विचार, संगीत, कला, काव्य या फिल्म को लेकर हल्ला बोलना भी स्वतंत्र समाज के लिए बहुत घातक है। राष्ट्र राज्य अपना कर्तव्य निभाए और नागरिक अपना।

## प्रेमचंद की कहानियां



### मृतक-भोज

बोल उठा-किस लिए मकान बेच दिया जाय ? बिरादरी के भोज के लिए ? बिरादरी तो खा-पीकर यह लेगी, इन अनाथों की रक्षा कैसे होगी? इनके भविष्य के लिए भी तो कुछ सोचना चाहिए। धनीराम ने कोप-भरी आंखों से देखकर कहा- आपको इन मामलों में टांग अड़ाने का कोई अधिकार नहीं। केवल भविष्य की चिन्ता करने से काम नहीं चलता। मृतक का पीछा भी किसी तरह सुधारना ही पडता है। आपका क्या बिगड़ेगा। हंसी तो हमारी होगी। संसार में मर्यादा से प्रिय कोई वस्तु नहीं! मर्यादा के लिए प्राण तक दे देते हैं। जव मर्यादा ही न रही. तो क्या रहा। अगर हमारी सलाह पूछोगे? तो हम यही कहेंगे। आगे बाई का अखतियार है, जैसा चाहे करे,पर हमसे कोई सरोकार न रहेगा। चलिए कुवेरदासजी, चलें। सुशीला ने भयभीत होकर कहा-भैया की बातों का विचार न कीजिए, इनकी तो यह आदत है। मैंने तो आपकी बात नहीं टाली, आप मेरे बड़े हैं। घर का हाल आपको मालूम है। मैं अपने स्वामी की आत्मा को दखी करना नहीं चाह लेकिन जब उनके बच्चे ठोकरें खायेंगे, तो क्या उनकी आत्मा दुखी न होगी? बेट का ब्याह करना ही है। लड़के को पढ़ाना-लिखाना है ही। ब्राह्मणों को खिल दीजिए- लेकिन बिरादरी करने की मुझमें सामर्थ नहीं है। दोनों महानुभावों को जैसे थप्पड़ लगी- इतना बड़ा अधर्म। भला ऐसी बात पं जवान से निकाली जाती है। पंच लोग अपने मुंह में कालिख न लगने देंगे। दुनिया विधवा को न हंसेगी, हंसी होगी पंचों की। यह जग-हंसाई वे कैसे सह सकते हैं। ऐसे घर के द्वार पर झांकना भी पाप है। सुशीला रोकर बोली- मैं अनाथ हं, नादान हूं, मुझ पर क्रोध न कीजिए। आप लोग ही मुझे छोड़ देंगे, तो मेरा कैसे निर्वाह होगा। इतने में दो महाशय और आ विराजे। एक बहुत मोटे और दूसरे बहुत दुबते। नाम भी गुणों के अनुसार ही- भीमचन्द और दुर्बलदास। धनीराम ने संक्षेप में यह परिस्थिति उन्हें समझा दी। दुर्बलदास ने सहृदयता से कहा-तो ऐसा क्यों नहीं करते कि हम लोग मिलकर कुछ रुपये दे दें। जब इसका लड़का सयाना हूं जायेगा, तो रुपये मिल ही जायेंगे। अगर न भी मिलें तो एक मित्र के लिए कुड बल खा जाना कोई बड़ी बात नहीं। अगर न भी मिलें तो एक मित्र के लिए कुड बल खा जाना कोई बड़ी बात नहीं। क्रमशः...

# आज बच्चों के लिए लाभकारी है वैदिक गणित



–विजय गर्ग

जब गणित की बात आती है, तो बहुत सारे बच्चे संघर्ष करते हैं, क्योंकि इसे एक मुश्किल विषय के रूप में जाना जाता है। शिक्षण के नियमित तरीकों के अलावा, वैदिक गणित के रूप में जाना जाने वाला गणित की पारंपरिक भारतीय प्रणाली, बच्चों की गणित की चिंता को कम करने वाले त्वरित तरीके और सरल सूत्र प्रदान करती है। हालांकि, वैदिक गणित कैसे काम करता है, और इसके पेशेवरों और विपक्षों क्या हैं? हम करीब से देखते हैं ...

वैदिक गणित नामक प्राचीन गणितीय प्रणाली, गति के साथ जटिल समस्याओं को हल करने के लिए आसान तरीके प्रस्तुत करती है। यह प्रणाली 16 मौलिक ÷सूत्र÷ के माध्यम से संचालित होती है, साथ ही 13 माध्यमिक सूत्रों के साथ, जो अंकगणितीय और बीजीय समस्याओं के साथ-साथ ज्यामितीय और पथरी अनुप्रयोगों को संबोधित करती है। 18 वीं शताब्दी के गणितज्ञ, स्वामी भारती कृष्ण तीर्थजी ने प्राचीन भारतीय वैदिक शास्त्रों को 20 वीं शताब्दी की शुरुआत में व्यवस्थित किया, ताकि उन्हें आधुनिक स्कूल शिक्षण के लिए उपयुक्त बनाया जा सके।

वैदिक गणित के प्राथमिक लक्ष्य का उद्देश्य गणना समय को कम करना है, जबकि संस्मरण की आवश्यकता को समाप्त करना है। बच्चे अधिकांश गणितीय समस्याओं को बिना लिखे हल कर सकते हैं, और न्यूनतम चरणों में मानसिक गणना के माध्यम से समाधान के साथ आ सकते हैं।

वैदिक गणित कैसे काम करता है

वैदिक गणित की मुख्य अवधारणा में 'सूत्र' होते हैं, जो लघु और आसानी से सीखने वाले गणितीय नियमों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

बच्चे पेंसिल-और-पेपर विधियों का उपयोग करने के बजाय पैटर्न और संख्या संबंधों के माध्यम से मानसिक गणना करना सीखते हैं। यह दृष्टिकोण बच्चों को अपने आत्मविश्वास के स्तर को विकसित करते हुए रचनात्मकता के साथ संख्याओं को संभालने में सक्षम बनाता है। बच्चों के लिए क्या लाभ हैं

1.। तेजी से गणना और मानसिक गणित वैदिक गणित तकनीकों का उपयोग करने वाले बच्चे, कैलकुलेटर के साथ जटिल मानसिक गणित की समस्याओं को अधिक तेज़ी से हल कर सकते हैं।

बच्चे इन मानसिक शॉर्टकट से लाभान्वित होते हैं, क्योंकि वे समय बचाने में मदद करते हैं, विशेष रूप से प्रतिस्पर्धी परीक्षणों के दौरान जहां गति महत्वपूर्ण है।

2.। आत्मविश्वास को बढ़ाता है और गणित की चिंता को कम करता है मुश्किल गणितीय संचालन उन बच्चों के लिए सरल हो जाता है जो सफलता का अनुभव करते हैं। वैदिक विधियों के परिणामस्वरूप छात्र उपलब्धि होती है, जो सकारात्मक सीखने का दृष्टिकोण बनाते समय आत्मविश्वास विकसित करती है।

3। फोकस, मेमोरी और एकाग्रता में सुधार करता है मानसिक गणना की प्रक्रिया बच्चों को स्पष्ट सोच क्षमताओं के साथ-साथ अपने दिमाग पर ध्यान केंद्रित करने और स्मृति कौशल विकसित करने की अपनी क्षमता विकसित करने में मदद करती है।

इस प्रणाली का अभ्यास सामान्य बौद्धिक प्रदर्शन के साथ समस्या को सुलझाने की क्षमताओं को विकसित करता है।

4। संख्या संवेदना और तार्किक सोच को बढ़ाता है वैदिक गणित की गणितीय प्रणाली छात्रों को संख्या संबंधों के बारे में सिखाती है, जबकि बुनियादी अंकगणितीय तथ्यों को याद करने की आवश्यकता को समाप्त करती है।

सिस्टम छात्रों को सख्त कदम-दर-कदम प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए मजबूर करने के बजाय अनुकूलनीय सोच को बढ़ावा देता है।

5.। लर्निंग फन एंड एंगेजिंग बनाता है सिस्टम गणित को एक आकर्षक पहेली प्रारूप में परिवर्तित करता है जो छात्र जिज्ञासा को उत्तेजित करता है। छात्र अपनी प्रेरणा बनाए रखते हैं, क्योंकि वे चतुर गणित के गुर करके, और तेजी से समाधान प्रदान करके अपने कौशल का प्रदर्शन करने में आनंद लेते हैं।

## ।। चाणक्य नीति ।।

+++

**दाने तपसि शौर्ये च विज्ञाने विनये नये।**
**विस्मयो न हि कर्त्तव्यो बहुरत्ना वसुन्धरा।।**

दान, तप, वीरता, विद्वत्ता, सुशीलता और नीति-निपुणता का अहंकार कभी नहीं करना चाहिए, क्योंकि इस धरती पर एक से बढ़कर एक दानी, तपस्वी, शूरवीर तथा विद्वान् मौजूद हैं।

+++

**दूरस्थोअपि न दूरस्थो यो यस्य मनसि स्थितः।**
**यो यस्य हृदये नास्ति समीपस्थोअपि दूरतः।।**

जिसका जिसके प्रति प्रेमभाव होता है, वह दूर होते हुए भी पास रहता हैं, परन्तु जिसके प्रति कोई मानसिक लगाव नहीं होता, वह पास होते हुए भी दूर होता है।

+++

**यस्माच्च प्रियमिच्छेत्तु तस्य ब्रूयात् सदा प्रियूम्।**
**व्याधो मृगवधं कर्तुं गीतं गायति सुस्वरम्।।**

जिस प्रकार मृग को मारने की इच्छा होने पर शिकारी उसे मोहित करने के लिए मधुर स्वर में बीन बजाता है, उसी प्रकार जिससे किसी प्रकार का लाभ होने की सम्भावना हो, उसके साथ सदा मधुर व्यवहार ही करना चाहिए।

+++

## ।। अमृत कलश।।

### समय का महत्व

डॉक्टर अमरनाथ झा एक प्रसिद्ध विज्ञान चिकित्सक थे। वह समय के बड़े पाबंद थे।

वह पटना की यात्रा पर थे। उन्हें आया देख पटना के साहित्यकारों ने एक गोष्ठी का आयोजन किया। उस गोष्ठी में डॉक्टर झा को मुख्य अतिथि बनाया गया था। डॉक्टर झा ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया था। निमंत्रण स्वीकार करते समय उन्होंने गोष्ठी के आयोजकों से कह दिया था कि निश्चित समय से 30 मिनट पहले ही वह उनके निवास पर किसी को भेज दें।

अगले दिन गोष्ठी प्रारंभ होने से आधा घंटे पहले ही डॉक्टर झा तैयार होकर अपने आवास पर बैठे थे। लेकिन उन्हें लेने आनेवाला व्यक्ति आधा घंटा विलंब से पहुंचा। यद्यपि उसने विलंब के लिए आते ही क्षमा मांग ली थी लेकिन डॉक्टर झा ने उस गोष्ठी में भाग लेने से स्पष्ट इनकार कर दिया।

वह व्यक्ति बहुत गिड़गिड़ाया कि उनके न जाने से गोष्ठी विफल हो जाएगी।

लेकिन डॉक्टर झा नहीं माने और बोले, 'देरी से जाकर मैं लेट-लतीफ कहलाना नहीं चाहता। भले ही आपकी गोष्ठी सफल रहे या विफल...मुझे इससे मतलब नहीं।'



## काँव-काँव



+++

**किसानों की आय दोगुनी करना लक्ष्य- प्रधानमंत्री**

लड़की की शादी के लिये खेत बिक रहे हैं वैसे!

**पंजाब में हुई हजारों ड्रग्स स्मगलरों की गिरफ्तारी**

लखनऊ के हुक्काबारों में इसीलिये तो भीड़ है?

**पाकिस्तान पर है सत्तासी अरब डालर का कर्जा**

इस मामले में पाकिस्तान भारत से बहुत पीछे है!

**पीओके में नजर आया आतंकवादी मसूद अजहर**

पहलगाम के हत्यारे गोलियां चलाकर गायब हैं!

**फार्मा-हेल्थटेक में देश का नेतृत्व करेगा यूपी**

फिलहाल चिकित्सा सेवाएं खुद आईसीयू में हैं!

**कांवड़ियों को उपद्रवी कहना एकदम गलत- योगी**

सपा सरकार में अतीक-मुख्तार भी गुंडे नहीं थे!

**बिजली कटौती पर भड़के विधायक और व्यापारी**

यह सब बहुत देखा है! क्या कर लोगे?

**शहीद पथ के 16 में से 14 अंडरपास खतरनाक**

ताज्जुब है, बाकी दो ठीक कैसे रह गए!

+++

# लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए गहरी नींव खोदनी पड़ेगी

पंडित जवाहरलाल नेहरू अपनी विख्यात पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखते हैं कि राजनीति और चुनाव की रोजमर्रा की बातें ऐसी है , जिनमें हम हर जरा-- जरा से मामलों पर उत्तेजित हो जाते हैं । लेकिन, अगर हम हिंदुस्तान के भविष्य की इमारत तैयार करना चाहते हैं , जो मजबूत और खूबसूरत हो, तो हमें गहरी नींव खोदनी पड़ेगी , क्योंकि आदमी इच्छा के




- निशिकांत ठाकुर


मुताबिक काम कर सकता है ; लेकिन इच्छा के मुताबिक इच्छा नहीं कर सकता। ऐसी बातें आज इसलिए की जा रही है ; क्योंकि आगामी नंबर में होने जा रहे बिहार विधान सभा चुनाव है और सत्तापक्ष--विपक्ष इस बात पर अड़ा है वे जैसा चाहें इसी प्रकार से चुनाव कराएं जाएं ताकि मुकाबला एक दूसरे के पक्ष- - विपक्ष में बराबर का हो , जनता जिसके पक्ष मे मतदान करे सरकार उसी की बने। मुद्दा इतना गरम और विवादित हो गया कि अपनी--अपनी भागीदारी साबित करने के लिए सत्तारूढ़ और विपक्षी , स्वयं सेवी संस्थाओं को सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा। चूंकि मामले पर निर्णय ,28 जुलाई को दिया जाना है इसलिए इस पर सामान्य जनता को कोई निर्णय देने का औचित्य नहीं रहता , पर चूंकि प्रारंभिक दौर में सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान में जो कहा वह यह कि वोटर लिस्ट में आधार पर भी विचार हो । जिस पर चुनाव आयोग ने कहा कि बिना सुनवाई के किसी को वोटर लिस्ट से बाहर नहीं करेंगे। आजादी के बाद मतदान का अधिकार प्रत्येक भारतीय नागरिक को दिया गया जो सामान्य रूप से चुनाव में भागीदारी करते रहे । पिछले दशक में सरकार ने मतदान की जो आयु 21 वर्ष थी उसे कम करके 18 वर्ष कर दिया था । युवाओं ने मतदान के अपने अधिकार को पाकर मतदान किया और उसके बाद लोकसभा विधान सभाओं के माध्यम से सरकारें बनती रही, लेकिन

अब बिहार चुनाव के मद्देनजर यह बात उठ खड़ी क्यों हो गई है कि मतदाताओं की लिस्ट में सुधार आवश्यक है । इसलिए चुनाव आयोग द्वारा एक सूची घर घर पहुंचाकर उन्हें भरने की अपील की जा रही हैं जिन्हें स्थानीय निवासी गलत और अमान्य कर रहे हैं । मतदाताओं का कहना है कि अब तक उनके मतदान से सरकारें बनती आई हैं अब ऐसी क्या बात हो गई जो उनके आधार कार्ड तक को नहीं माना जा रहा है न ही राशन कार्ड न ही वोटर कार्ड मान्य हो रहा है । ऐसा इस चुनाव में ही क्यों ? इन्हीं मुद्दों के लेकर कई स्वयं सेवी संस्थाओं और विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि इतना दुरूह मतदान के अधिकार को क्यों किया जा रहा है ? मामला चूंकि निर्णय के लिए 28 जुलाई निर्धारित है , तभी यह कहा जा सकता है कि आखिर क्या होगा। जाहिरतौर पर , अब सत्तापक्ष और विपक्ष को एक मुद्दा मिल गया है कि वे समाज तक अपनी बात अपने तरह से पहुंचाए । इसे ही नजर में रखकर पिछले दिनों पटना में विपक्षी दलों द्वारा रैली करके चुनाव आयोग को घेरने का प्रयास किया । इस रैली में सांसद तथा सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी , तेजस्वी यादव सहित बड़े नेताओं ने भाग लिया। जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि राजग सरकार 2024 में महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव में जो धांधली की वही बिहार में करके सरकार बनाना चाहती है। विपक्ष ने कहा विशेष सघन पुनरीक्षण के माध्यम से एक बड़ी आबादी को मतदान के अधिकार से वंचित करना चाहती है , इसलिए वह सड़क पर है । विपक्ष ने आरोप लगाया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद पांच महीने में ही बड़ी संख्या में लोगों का नाम मतदान सूची में शामिल किए जाने से बदली राजनीतिक परिपेक्ष्य में बिहार में कराए जा रहें पुनरीक्षण के खिलाफ कानूनी लड़ाई के साथ --साथ जनमत तैयार करना ही बेहद अहम है। इस मद्देनजर विपक्ष एक जुट है ।

वहीं सत्तारूढ़ दल की ओर से ओर से भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और संसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि पुनरीक्षित सूची यह सुनिश्चित करने के लिए है कि केवल योग्य मतदाता ही अपने मताधिकार का प्रयोग करे । विपक्षी दलों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था , लेकिन कोर्ट ने इस पर रोक नहीं लगाई है , जो इन विपक्षी राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा झटका है जिन्होंने यह अभियान शुरू किया था। श्री रूडी ने यह भी कहा कि विपक्षी दल अब डर गए हैं और उन्हें आगामी बिहार के चुनाव में अपनी हार का आभास होने लगा है। मतदाता सूची में संशोधन एक प्रक्रिया है इसलिए चुनाव आयोग पर आरोप लगाना अनुचित है। वैसे वैद्य




मतदाताओं को जोड़ा जाना चाहिए जो लोग बिहार के मतदाता होने के योग्य नहीं है, उन्हें सूची से हटाया जाना चाहिए। वहीं भाजपा के नेता अमित मालवीय ने कहा कि मुस्लिम बहुल जिलों में आधार कार्ड सौ प्रतिशत से ज्यादा हो गए हैं , इसमें जरूर कुछ गड़बड़ है। चुनाव आयोग का दावा है कि बिहार की वोटर लिस्ट में विदेशी घुसपैठिए हैं। अब यह समझना जरूरी हो गया है कि भाजपा नेताओं का यह कहना समझ से बाहर हो गया है कि किसी÷योग्य÷ मतदाताओं से उनका अर्थ क्या है । क्या उनका कहना यह है कि जो मतदाताओं की तथाकथित संख्या बढ़ी है वह विदेशी घुसपैठिए तो नहीं है ? यदि भाजपा का यही आशय और कहना है कि कुछ घुसपैठिए हैं तो फिर प्रश्न यह उठता हैं कि ऐसे घुसपैठियों भारतवर्ष के अंदर घुसे कैसे और इतने वर्षों से यहां कैसे रह रहे हैं अबतक, मतदान कैसे करते आए हैं? यदि अब तक अयोग्य अर्थात फर्जी मतदाताओं ने बिहार में लोकसभा और विधान में मतदान किया है वे सभी फर्जी थे, तेजस्वी यादव कहते हैं कि फर्जी नामों के लिए सरकार ही जिम्मेदार है। तो फिर घूमकर यही बात सामने आती है कि जो वर्षों से अब तक फर्जी मतदाताओं द्वारा सरकार बनती आई है वह फर्जी और अयोग्य है? इस प्रश्न का उत्तर तो सत्तारूढ़ दल को देना ही चाहिए, वैसे अब निर्णय सुप्रीम कोर्ट को ही लेना है। यह बात समझ से बाहर है कि देश के नेताओं का उद्देश्य क्या है । क्या उनकी यही सोच है कि देश को खंड खंड में बांटकर उस पर निरंकुश शासन करते रहें ? वैसे चुनाव आयोग इस बात के लिए अपने संवैधानिक अधिकारों के द्वारा ही अड़ा हुआ है कि वह मतदाता सूची में शुद्धिकरण करके उसे लागू करके संविधान प्रदत्त प्रत्येक व्यक्ति को उसके अधिकार दिलाएं जाएं अथवा सत्तारूढ़ का सहयोग करके उन्हें सत्ता में फिर से पुनर्स्थापित किया जाए । वैसे विपक्ष ने यही तो आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग एक तरफा सत्तारूढ़ का पक्षपात कर रहा है । सच या झूठ सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर ही साबित होगा; क्योंकि बड़ी --बड़ी दलील दोनों पक्षों के वकीलों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दिए जा चुके है। बिहार से जुड़े कई वरिष्ठ पत्रकारों, राजनीतिक विश्लेषकों , वरिष्ठ राजनेताओं और ग्रामीण प्रवेश में रह रहे मतदाताओं ने बताया कि सरकार का दावा है कि उस फार्म को भरने 97 प्रतिशत मतदाताओं को दिए जा चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसा कोई फॉर्म उनके पास तक अभी नहीं पहुंचा है, हां फॉर्म भरने लिए कई गांवों में दिए भी जा चुके है । अब देखना यह है कि चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त अधिकारी सचमुच कितने प्रतिशत मतदाताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं और मतदाताओं की अंतिम सूची में जितने नाम जोड़े गए हैं या कितने मतदाताओं के नाम काटे जा चुके तथा सुप्रीम कोर्ट के आदेश का कहां तक पालन किया गया है ? जब तक चुनाव आयोग द्वारा अंतिम सूची जारी नहीं की जाती तबतक कुछ कहना और लिखना उचित नहीं है; क्योंकि हो सकता है चुनाव आयोग द्वारा यह सूची लोकतंत्र की दिवाल को मजबूत बनाने के लिए गहरी नींव के रूप में तो नहीं खुदाई की जा रही है ।



# लाहौल स्पीति की हर एक जगह है बेहद खूबसूरत और खास

लाहौल और स्पीति हिमाचल प्रदेश का एक खूबसूरत और अद्वितीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति और शांत वातावरण इसे पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाते हैं। यहां के बर्फ से ढके पहाड़, हरे-भरे घाटियां, और शांत झीलें हर पर्यटक को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। यहां इस जगह की खासियतों के बारे में जानकारी दी गई है-

यहां की चंद्रताल झील झील को मून लेक के नाम से भी जाना जाता है। यह झील अपनी नीली जल और आसपास की अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। इसके साथ ही यहां का पिन वैली नेशनल पार्क अपनी वन्यजीव विविधता और खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों के लिए जाना जाता है। यहाँ स्नो लेपर्ड, साइबेरियन आइबेक्स जैसे वन्यजीव पाए जाते हैं।



लाहौल और स्पीति की संस्कृति बौद्ध धर्म और तिब्बती परंपराओं से गहराई से जुड़ी हुई है। यहां के मठ और धार्मिक स्थल बौद्ध संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण हैं। की मोनास्ट्री स्पीति घाटी का सबसे बड़ा और सबसे पुराना मठ है। यहां के धार्मिक चित्र और मूरल्स बहुत ही सुंदर हैं। वहीं ताबो मोनास्ट्री को हिमालय का अजंता कहा जाता है।


यह 10वीं शताब्दी में बना था और यहां कई प्राचीन बौद्ध चित्र और मूर्तियाँ हैं।

यह क्षेत्र साहसिक खेलों के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां पर्यटक ट्रेकिंग, माउंटेन बाइकिंग, रिवर राफ्टिंग और कैंपिंग का आनंद ले सकते हैं। यहां का बारालाचा ला पास ट्रेकिंग और बाइकिंग के लिए एक प्रसिद्ध स्थल है। यहां से चार पहाड़ी रास्ते मिलते हैं। वहीं स्पीति नदी में रिवर राफ्टिंग एक रोमांचक अनुभव है। यहां की तेज धाराएं और खूबसूरत घाटियां राफ्टिंग को और भी मजेदार बनाती हैं।

लाहौल और स्पीति का मौसम बेहद ठंडा होता है, खासकर सर्दियों में जब बर्फबारी होती है। गर्मियों में, यह क्षेत्र सुंदर फूलों और हरियाली से ढका रहता है, जो इसे यात्रा के लिए आदर्श बनाता है।

मई से सितंबर के बीच का समय यात्रा के लिए सबसे अच्छा होता है। इस समय यहाँ का मौसम सुखद और ठंडा होता है। अक्टूबर से अप्रैल के बीच यहां भारी बर्फबारी होती है, जो इसे एक बर्फीले स्वर्ग में बदल देती है।

लाहौल और स्पीति तक पहुंचने के लिए कुछ कठिनाई हो सकती है, लेकिन यह यात्रा अपने आप में एक अनुभव है। यहां के सड़कों की हालत और ऊंचाई के कारण सफर रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होता है। मनाली से रोहतांग पास और कुंजुम पास के रास्ते से स्पीति पहुँचा जा सकता है। वहीं शिमला से किन्नौर होते हुए स्पीति का रास्ता भी बहुत सुंदर और रोमांचक है।



# क्यों पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रहता है ज्यादा स्ट्रेस?



पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा स्ट्रेस में रहती हैं। दरअसल, अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के सर्वे में यह जानकारी सामने आई है। एकसाथ कई रोल में फिट होने की ललक, बॉडी इमेज से जूझना, कई हेल्थ समस्याओं से परेशान, परिवार साथ होने पर भी अकेले होने का एहसास, अत्यधिक काम का दबाव, वर्क होम लाइफ बैलेंस जैसे कई मुद्दे हैं जो एक महिला को पुरुषों की तुलना में अधिक परेशान करते हैं। आइए इस आर्टिकल में जानते हैं इसके बारे में।


महिलाएं एक साथ कई काम करने में सक्षम होती हैं फिर वो चाहे इच्छा से करें या मजबूरी में।

इससे शारीरिक और मानसिक थकान होती है। इससे निपटने के लिए महिलाओं को अपने सभी काम की लिस्ट को कई घंटों में बांट देना चाहिए, प्राथमिकता के अनुसार काम करना चाहिए और बीच बीच में ब्रेक लेते रहना चाहिए। लिस्ट के सभी काम पूरे करने के लिए दबाव में नहीं आना चाहिए। कुछ काम नहीं होंगे तो भी काम चल जाएगा लेकिन काम का तनाव लेकर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता न देने से कई प्रकार के रोग घर कर सकते हैं।

महिलाएं सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अपने जीवन की तुलना दूसरों के हंसते खेलते जीवन से कर के अनावश्यक दुखी हो जाती हैं जिससे तनाव बढ़ता है। इस डिजिटल ओवरलोड को कम करना चाहिए और सोशल मीडिया से ब्रेक लेकर खुद को डिजिटल डिटॉक्स करते रहना चाहिए।

एक जगह पड़े पड़े काम करते रहने से घर के माहौल में महिलाओं को सामान्य तौर पर भी एनर्जी ड्रेन होती है और तनाव महसूस होने लगता है। इसलिए घर से बाहर निकल कर फ्रेश हवा जरूर लेनी चाहिए जिससे माहौल बदले,मूड फ्रेश हो और तनाव कम हो। महिलाएं एक रूटीन में बंध कर मशीन की तरह दिन रात काम करती हैं। इससे उन्हें कुछ क्रिएटिव करने का या फिर अपनी हॉबी या पैशन को फॉलो करने का मौका नहीं मिल पाता है। इससे मेंटल स्टिमुलेशन नहीं होता है जिससे बोरिंग और थकान भरी दिनचर्या से मेंटल हेल्थ प्रभावित होती है। इसलिए कुछ आर्टिस्टिक या क्रिएटिव जरूर करते रहना चाहिए। महिलाओं से हर काम में परफेक्ट होने की उम्मीद की जाती है जिस पर खरा उतरने की नाकाम कोशिश करने में महिलाएं खुद को तनाव से भर लेती हैं और फिर अनिद्रा और डिप्रेशन जैसी समस्याओं से ग्रस्त हो जाती हैं। इसलिए जरूरी है कि खुद को परफेक्ट कहलाने की होड़ में न लगें। अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए जितना संभव हो उतने काम ही करें। अन्य काम के लिए मेड रखें, पार्टनर या घर के किसी अन्य सदस्य से मदद लें।

# रोज दो छुहारे खाने से मिलते हैं ये 4 जबरदस्त लाभ



हमारी दादी-नानी के जमाने से ही भारतीय घरों में छुहारा, यानी सूखा खजूर का इस्तेमाल होता आ रहा है। भले ही यह आकार में छोटा हो, पर यह अपने भीतर कैल्शियम, आयरन, फाइबर जैसे कई पोषक तत्व अपने अंदर समेटे हुए हैं। इन सब के साथ इसमें नेचुरल शुगर भी होता है।

जाहिर है इसमें इतने ढेर सारे पोषक तत्व मौजूद हैं तो ये सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होगा। रोजाना सिर्फ दो छुहारे खाने से आपको ऐसे जबरदस्त स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। ये सूखे मेवे आपके शरीर को अंदर से मजबूत बनाकर कई बीमारियों से लड़ने में मदद कर सकते हैं। आइए आज हम छुहारे के इन्हीं 4 चमत्कारी फायदों के बारे में जानते हैं, साथ ही ये भी जानेंगे कि छुहारे के सेवन का सही तरीका क्या है?

**तुरंत ऊर्जा प्रदान करता है**

छुहारा नेचुरल शुगर (जैसे ग्लूकोज, फरुक्टोज और सुक्रोज) से भरपूर होता है, जो शरीर को तुरंत और स्थायी ऊर्जा प्रदान करता है। यही कारण है कि पोषण विशेषज्ञ सुझाव देते हैं कि इसे वर्कआउट से पहले या बाद में ऊर्जा के लिए खाएं। अगर आप दिनभर थकान महसूस करते हैं, तो रोजाना दो छुहारे खाना आपके ऊर्जा के स्तर को बढ़ा सकते हैं।

**पाचने के लिए फायदेमंद**

इसके अलावा, छुहारे में फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह पेट साफ रखने में मदद करता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर होती है। स्वस्थ पाचन तंत्र पूरे शरीर के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।

**हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाए**

छुहारे कैल्शियम, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस जैसे महत्वपूर्ण खनिजों का एक उत्कृष्ट स्रोत हैं, जो सभी हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं। इन खनिजों का नियमित सेवन हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों को रोकने में मदद कर सकता है। यह बच्चों और बढ़ती उम्र के लोगों, दोनों के लिए हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक होता है। इसके साथ ही छुहारे में पोटेशियम भी अच्छी मात्रा में होता है, जो मांसपेशियों के सही कामकाज और ऐंठन को दूर करने में मत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह शारीरिक गतिविधियों के बाद मांसपेशियों की रिकवरी में भी मदद करता है।

**रक्त को बढ़ाए और हृदय को स्वस्थ रखे**

छुहारा आयरन का एक बहुत अच्छा स्रोत है, जो इसे एनीमिया (खून की कमी) से जूझ रहे लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है। यह शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे खून की कमी दूर होती है और पूरे शरीर में ऑक्सीजन का संचार बेहतर होता है। खासकर महिलाओं के लिए, जो अक्सर आयरन की कमी का सामना करती हैं, छुहारा एक बेहतरीन प्राकृतिक उपाय है। इसके अलावा, छुहारे में मौजूद फाइबर और पोटेशियम रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करके हृदय रोगों के जोखिम को कम करते हैं।

# हाथों पर नहीं रचती है मेहंदी तो बस एक बार ये नुस्खे ट्राई करके देख लें



सावन का महीना चल रहा है, जिसमें महिलाएं पूजा के समय 16 श्रृंगार करती हैं। महिलाओं के 16 श्रृंगार में मेहंदी का अपना अलग योगदान है। इसी के चलते भगवान शिव को समर्पित इस महीने में महिलाएं हाथों पर खूबसूरत सी खूबसूरत मेहंदी की डिजाइन लगाती हैं। बारिश के मौसम में बहुत सी महिलाएं इस बात से परेशान रहती हैं, कि उनके हाथों पर मेहंदी का रंग नहीं चढ़ता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनको ट्राई करने के बाद आपकी मेहंदी का रंग एकदम चटक आएगा। खास बात ये है कि इन नुस्खों को ट्राई करने के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**पहला नुस्खा-** मेहंदी का एकदम काला-गाढ़ा रंग चाहिए तो नींबू का रस और चीनी का मिश्रण इसमें आपकी मदद करेगा। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में नींबू का रस निचोड़ लें और फिर इसमें थोड़ी सी चीनी डालकर उसका घोल तैयार करें।

जब हाथों की मेहंदी सूख जाए तो रुई की मदद से इस घोल को मेहंदी पर अप्लाई करें। ध्यान रखें इसे गलती से भी गीली मेहंदी पर अप्लाई न करें, वरना आपकी मेहंदी खराब हो सकती है। ये नुस्खा आपकी मेहंदी के रंग को गहरा कर देगा।

**दूसरा नुस्खा-** हर घर में सरसों का तेल अवश्य रूप से ही पाया जाता है। ऐसे में आप इसकी मदद से भी अपनी मेहंदी को काला कर सकती हैं। इसके लिए जब मेहंदी पूरी तरह से सूख जाए, यानी कि जब इसे हटाने का समय हो तो मेहंदी को हटाकर अपने हाथों पर सरसों का तेल अप्लाई करें। इसका फायदा तभी है, जब मेहंदी का रंग हल्का-हल्का आना शुरू हो जाए। सरसों का तेल अप्लाई करने के बाद हाथों को कुछ घंटे पानी से दूर रखें, ताकि इसका ज्यादा से ज्यादा असर आपकी मेहंदी पर हो सके।

**तीसरा नुस्खा -** मेहंदी का रंग गाढ़ा और गहरा करना है तो लौंग की भाप भी आपके काम आएगी। इसके लिए सबसे पहले तो एक तवे को गैस पर रखकर गर्म करें। अब इसपर 7-8 लौंग रखकर उसे भूनें। जब इसमें से तेज धुआं आने लगे तो इस भाप से अपनी मेहंदी को सेकें। भाप लेते समय हाथ को एकदम से तवे के ऊपर न करें, इससे हाथ पर छाला भी पड़ सकता है। लौंग की भाप लेते समय सावधानी बरतें, ताकि आपका हाथ भी सुरक्षित रहे और इसके जलने का खतरा भी न रहे। इसकी मदद से आपकी मेहंदी सूखेगी भी जल्दी ही।

## बारिश में मजा लें गरमा-गर्म पनीर काठी रोल का

**मानसून की बारिश में अगर आप कुछ गरमा-गर्म और जल्दी बनने वाली टेस्टी डिश खाना चाहते हैं तो आप पनीर काठी रोल्स ट्राई कर सकते हैं। ये बच्चों को भी काफी पसंद आते हैं। चलिए आपको बताते है टेस्टी रोल्स बनाने की रेसिपी...**

### सामग्री

रोटी- 4, पनीर- जरुरत अनुसार, लंबाई में कटा प्याज- 2, लंबाई में कटे टमाटर-2, शिमला मिर्च- 2, अदरक लहसुन का पेस्ट- 1/2चम्मच, तेल-1 चम्मच, चाट मसाला- 1/2 चम्मच, नमक-स्वादनुसार, किचन किंग मसाला-1/2चम्मच, लाल मिर्च पाउडर-1/4चम्मच, गरम मसाला-1/4 चम्मच, चिली सॉस -1चम्मच, मेयोनीज- 2चम्मच



**विधि** सबसे पहले एक पैन लेकर उसमें तेल गर्म कर लें। अब गर्म किए हुए तेल में अदरक और प्याज का पेस्ट डालकर हल्का सा भून लें। इसके बाद कटा हुआ पनीर और टमाटर डालकर एख मिनट तक पका लें।

फिर इसमें सभी मसाले डालकर दो मिनट तक पकने दें। इसके बाद उसमें चिली सॉस और मेयोनीज डालकर मिक्स करें। उसके बाद बनी हुई रोटियां लें और फिर उस पर मेयोनीज का मिश्रण फैला दें। उसके बाद पनीर की स्टफिंग को रोटियों के बीच फैलाकर रोटी को रोल कर दें। अंत में आप स्टफिंग की हुई रोटियों को बटर पेपर या एल्युमिनियम फॉइल पेपर में रोल कर दें और नीचे से किनारे को मोड़ दें ताकि स्टफिंग बाहर ना आए। ऐसे आपके पनीर काठी रोल्स 15 मिनट में बनकर तैयार हो जाएंगें।

## स्किन के लिए वरदान हैं यह तीन चीज़ें

स्वस्थ और चमकदार त्वचा पाने के लिए सिर्फ बाहरी देखभाल ही नहीं, बल्कि सही आहार का भी विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। आपके द्वारा खाए जाने वाले कई फूड्स आपकी त्वचा की सेहत पर गहरा प्रभाव डालते हैं। हम आपको उन प्रमुख फूड्स के बारे में बताएंगे जो आपकी त्वचा के लिए लाभकारी हैं और आपकी त्वचा को नेचुरल रूप से स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। विटामिन सी न केवल आपके शरीर की इम्युनिटी को बढ़ाता है, बल्कि आपकी त्वचा के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे नींबू, संतरा, मौसमी और कीवी को अपनी डाइट में शामिल करना त्वचा के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। यह पोषक तत्व कोलेजन के उत्पादन में मदद करता है, जो आपकी त्वचा को ढीला होने से बचाता है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर कोलेजन का उत्पादन धीमा कर देता है, इसलिए विटामिन सी का सेवन अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रोटीन भी त्वचा के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# बारिश में कुछ चटपटा चाहिए? महाराष्ट्र की मशहूर भाखरवाड़ी ट्राई करें



भारत देश अपनी विविधता की वजह से ही जाना जाता है। यहां हर राज्य का अपना अलग खाना और अलग पहनावा होता है। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसे स्नैक्स के बारे में बताएंगे, जोकि एक प्रिय महाराष्ट्रीयन नाश्ता है, लेकिन इसकी उत्पत्ति गुजरात में हुई है। सुनने में अजीब लगा न, लेकिन ये हकीकत है। यहां हम बात कर रहे हैं भाखरवाड़ी की, जो कि आज के समय में महाराष्ट्र का सबसे प्रिय स्नैक्स माना जाता है। इसे बारिश के मौसम में चाय के साथ खाने से मौसम का मजा दोगुना हो जाता है, इसलिए लोग इसे बनाकर स्टोर कर लेते हैं। आइए आपको भी इस स्नैक्स को बनाने की विधि बताते हैं।

**विधि-** भाखरवाड़ी बनाने के लिए सबसे पहले तो इसका आटा तैयार करना है। इसके लिए एक बड़े से बाउल में बेसन, मैदा, नमक और अजवाइन मिलाएं। इसके बाद इसमें थोड़ा सा तेल डालें और इसे अच्छी तरह से गूंथ लें। जब ये हल्का-हल्का गुंथने लगे तो जरूरत के हिसाब से पानी डालें और आटे को पूरी तरह से गूंथ लें। ध्यान रखें कि इस आटे को आपको टाइट ही गूंथना है। जब ये गुंथ जाए तो आटे को 15-20 मिनट ढककर रख दें। इसके बाद बारी आती है स्टफिंग तैयार करने की तो उसके लिए सबसे पहले एक पैन में बिना तेल के तिल, सौंफ और सूखा नारियल हल्का भूनें। जब ये भुन जाए तो गैस बंद करके इसे ठंडा होने दें। सभी सामान को ठंडा होने के बाद इसमें गुड़, मिर्च, अमचूर, धनिया-जीरा पाउडर और नमक मिलाएं। अब इसे मिक्सर में डालकर ग्राइंड कर लें, ताकि ये एकदम महीन हो जाए। ये अगर मोटा रहेगा, तो भाखरवाड़ी के रोल सही से नहीं बनेंगे। जब मिश्रण तैयार हो जाए तो तो अब बारी आती है भाखरवाड़ी तैयार करने की तो उसके लिए तैयार आटे की लोई लेकर उसे पराठे की तरह बेल लें। अब इसपर मसाले को पूरे पर फैलाएं। अब धीरे-धीरे इसे टाइट रोल करें, किनारों को बंद करें। जब इसका रोल तैयार हो जाए तो उसे एक-एक इंच मोटे टुकड़ों में काट लें और फिर हल्के हाथ से दबा लें। इसके बाद कढ़ाई में तेल गर्म करें और मध्यम आंच पर भाखरवाड़ी के टुकड़े सुनहरा होने तक तलें। जब ये सुनहरा हो जाए तो इसे तेल से निकाल लें और टिश्यू पेपर पर रख लें, ताकि इसमे से अतिरिक्त तेल निकल जाए। इसे आप एक महीने तक स्टोर करके रख सकते हैं।

### भाखरवाड़ी बनाने का सामान

बेसन - 1 कप
मैदा - 1/2 कप
अजवाइन -1/2 छोटा चम्मच
नमक - स्वादानुसार
तेल - 2 बड़े चम्मच (मोयन के लिए)
पानी - गूंथने के लिए

### मसाला तैयार करने के लिए जरूरी सामान

सूखा हुआ नारियल - 1/2 कप
सौंफ - 1 छोटा चम्मच
तिल - 1 बड़ा चम्मच
धनिया पाउडर - 1 छोटा चम्मच
जीरा पाउडर - 1 छोटा चम्मच
अमचूर पाउडर - 1 छोटा चम्मच
हल्का गुड़ कद्दूकस किया हुआ - 1 बड़ा चम्मच
लाल मिर्च पाउडर - स्वादानुसार
नमक - स्वादानुसार



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**रविवार, 20 जुलाई, 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ श्रावण मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, दशमी तिथौ रवि वासरे 12/14/ कृन्तिका नक्षत्रे 22/54/ गण्ड़ योग 21/48/ भद्रा करणे 12/14/ वृष राशिगत चन्द्रमा घं.06मि.12पर।

**व्रत एवं त्यौहार -** भद्रा समाप्त घं.12:14 पर। शुक्र मृगशिरा नक्षत्र में 12:56 पर। केतु वक्री पू.फा. नक्षत्र 16:18 पर।

**मेष :** समय लाभकारी है। द्रव्य लाभ होगा।कार्यों की पूर्ति होगी। प्रयोजन समागम होगा। यश प्राप्ति होगी।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृष :** जीवनसाथी पर व्यय होगा। ऋण लेने से बचें। दूसरो पर छोड़े गए कार्यों में विलंब होगा। आवेश त्यागे।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। बनाएँ पर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**मिथुन :** नए अनुबंधों का लाभ होगा। अनावश्यक कार्य में व्यस्त रहेंगे। घरेलू विवादों को टालें।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेगा। बौद्धिक विकास होगा।

**कर्क :** आकामिक लाभ होगा। सत्पूरामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारीबारी दूर होगी। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्कों में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**मीन :**वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

# सरकारी योजनाओं से पात्रो को लाभान्वित किया जाये : शशांक त्रिवेदी

## लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये : डीएम

### उप निबंधन भवन के निर्माण कार्य पूजन अर्चन के साथ हुआ शुभारम्भ

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महोली में विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महोली देवेन्द्र मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० सुरेश कुमार, तहसीलदार मिश्रिख अंकुर यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल ८० शिकायतों में से ०७ का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त ३४ प्रार्थना पत्रों में से ०३, तहसील लहरपुर में प्राप्त ४६ प्रार्थना पत्रों में से ०४, तहसील सदर में प्राप्त १४ प्रार्थना पत्रों में से ०४, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त ४७ प्रार्थना पत्रों में से ०५, तहसील बिसवां में प्राप्त २३ प्रार्थना पत्रों में से ०४, तहसील सिधौली में प्राप्त ११६ प्रार्थना-पत्रों में से १७ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही जनपद सीतापुर में राजस्व विभाग के अंतर्गत सुविधाजनक एवं आधुनिक पंजीकरण सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु उप निबंधन भवन के निर्माण कार्य का शुभारम्भ भूमि पूजन अर्चन करते हुये शिलान्यास किया गया। इस भवन का निर्माण राज्य सरकार की योजनाओं के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन को बेहतर, पारदर्शी एवं सुगम रजिस्ट्री सेवाएं प्रदान करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। विधायक महोली ने अपने संबोधन में कहा कि नया उप निबंधन भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे दस्तावेजों का निबंधन कार्य अधिक दक्षता और पारदर्शिता से संपन्न हो सकेगा।



# उपचुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू

**( स्वतंत्र भारत )**

महमूदाबाद-सीतापुर। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर उपचुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शनिवार को शुरू हो गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन पत्रों को खरीदने और दाखिल करने का सिलसिला चला। पहले दिन ग्यारह लोगो ने कुल १९ नामांकन पत्र खरीदे। एक प्रत्याशी ने पहले दिन नामांकन दाखिल कर दिया। महमूदाबाद में अध्यक्ष पद पर उपचुनाव होना है। तहसील परिसर में स्थित एसडीएम कोर्ट में नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन अतुल वर्मा ने तीन,



अंकुश राज विश्वकर्मा ने एक, आमिर अरफात ने दो, तसनीम बानो ने एक, मीसम रिजवी ने दो, नदीम अहमद ने एक, सुरेश वर्मा ने एक, प्राची पटेल ने दो, अम्ब्रीश गुप्त ने तीन, शिल्पी गुप्ता ने दो, संजय कुमार ने एक सेट नामांकन पत्र खरीदा। भाजपा नेता अंकुश राज विश्वकर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम बालकृष्ण सिंह के समक्ष उन्होने नामांकन दाखिल किया। नामांकन को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। कोतवाल अनिल सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# विद्यालय वाहन पर अग्निशमन यन्त्र के साथ प्राथमिक उपचार पेटिका का होना अनिवार्य-सर्वेश चतुर्वेदी

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों की जॉच के लिये ०१ जुलाई,



२०२५ से १५ जुलाई, २०२५ तक चलाये गये अभियान के तहत परिवहन विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही की गयी। एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद सीतापुर में कुल ६७८ वाहनों स्कूली वाहनों की श्रेणी में पंजीकृत हैं, जिनमें से ६५९ वाहनों के प्रपत्रों की जॉच की गयी। खामियां मिलने पर ७८ वाहन मानक अनुरूप नही मिले। एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि जॉच के दौरान १८ ऐसे वाहन मिले जिनके फिटनेस प्रमाण-पत्र समाप्त पाये गये, जिन्हे एम०वी० एक्ट के तहत सीज किया गया। अभियान के तहत कुल ७८ वाहनों के चालान किये गये, जिनसे २ लाख ६७ हजार रूपये का राजस्व विभाग को प्राप्त हुआ। एआरटीओ (प्रशासन) ने बताया कि विद्यालय वाहनों के लिये शासन की विशेष गाईड लाइन है जिसके तहत ही स्कूली वाहनों का संचालन किया जाना है। मानक के अनुरूप न होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बताया कि विद्यालय वाहन का रंग पीला होना चाहिए, वाहन पर अनिवार्य रूप से आगे सफेद पीछे लाल, दाये व बायें पीले रंग का रेडियम टेप लगा होना चाहिए, विद्यालय वाहन पर अग्निशमन यन्त्र के साथ प्राथमिक उपचार पेटिका का होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त चालक का पुलिस सत्यापन तथा वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है। साथ ही वाहन की खिड़कियो पर जाली अथवा रॉड का लगा होना अनिवार्य है। वाहन पर सी०सी०टी०वी० कैमरे एवं जी०पी०एस० सिस्टम लगा होना चाहिए। वाहन पर विद्यालय का नाम, चालाक का नाम तथा प्रबन्धक का मोबाइल नम्बर होना जरूरी है। इसके अतिरिक्त वाहन के सभी प्रपत्र जिसमें परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण वैध होने चाहिए। उन्होने बताया कि बच्चे देश का भविष्य है इनकी सुरक्षा को लेकर कोई भी कोताही बर्दाश्त नही की जायेगी।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को कराया जाये निस्तारित : कुलदीप सक्सेना

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर । जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना के निर्देशानुसार, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी'' द्वारा बैठक समस्त अधिशासी अधिकारियों/जिला पूर्ति अधिकारी के साथ आहूत की गयी। उक्त बैठक की ''अध्यक्षता भगीरथ वर्मा,'' अपर जिला जज, पाक्सो कोर्ट/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा की गयी। १३ सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिकाधिक सफल बनाये जाने हेतु उपस्थित समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायतों के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत १३.०९.२०२५ में अधिक से अधिक वादों को चिन्हांकित कर निस्तारित किये जाने का लक्ष्य



निर्धारित किये जाने हेतु उपस्थित समस्त अधिकारियों से वार्ता की गयी।

इसी क्रम में एक अन्य बैठक समस्त तहसीलदारों के साथ आहूत की गयी, उक्त बैठक की ''अध्यक्षता भगीरथ वर्मा,'' अपर जिला जज, पाक्सो कोर्ट/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा १३.०९.२०२५ को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिकाधिक सफल बनाये जाने हेतु उपस्थित समस्त तहसीलदारो से वार्ता की गयी। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हांकित कर निस्तारित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किये जाने हेतु उपस्थित समस्त अधिकारियों से वार्ता की गयी।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल, में अचीवर्स डे का भव्य आयोजन

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल, में अचीवर्स डे का आयोजन अत्यंत उत्साह, गरिमा और उल्लास के साथ




संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर शैक्षणिक सत्र २०२४/२५ की हर कक्षा के शीर्ष मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक 'टीका' समारोह से हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन किया गया। भक्ति संगीत की मधुर ध्वनि के साथ वातावरण में एक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य आर. के. सिंह ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। हर कक्षा के शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय के प्रधानाचार्य आर. के. सिंह, हेड मिस्ट्रेस (सीनियर विंग) मिस फ़राह इमाम तथा हेड मिस्ट्रेस (जूनियर विंग) मिस सविता सिंह द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम को और भी यादगार बनाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। प्री-प्राइमरी (प्री-नर्सरी से यूकेजी) वर्ग के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने कविता वाचन एवं एक्शन डांस प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त, कक्षा से के छात्रों ने एक रंगारंग समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने खूब सराहा। इस अवसर पर अभिभावकों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। अपने बच्चों को मंच पर सम्मानित होते देख अभिभावकों के चेहरे गर्व से दमक उठे, और उन्होंने विद्यालय की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन एक छात्र द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन एवं सभी उपस्थितजनों द्वारा मिलकर गाए गए राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। दिल्ली पब्लिक स्कूल, सीतापुर परिवार इस गौरवपूर्ण दिन पर सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता है और इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अभिभावकों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करता है।

### अभियुक्ता को 08 वर्ष सश्रम कारावास एवं 08 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। पुलिस महानिदेशक उ०प्र० लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना खैराबाद पर पंजीकृत मु.अ.सं १०२/२०१३ की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन द्वारा मुकदमे की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप १८-०७-२०२५ को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, (एफ० टी० सी०) न्यू सीतापुर द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्ता शिवप्यारी पत्नी सोबरन निवासी ग्राम चौबेपुर थाना खैराबाद को अन्तर्गत धारा ३०४ठ/४९८ ।भा०द०वि० व ४ डी०पी० एक्ट में ०८ वर्ष के सश्रम कारावास एवं ०८ हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

# प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे मंगल पांडे : शिशिर वाजपेई

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम



सेनानी मंगल पांडे की जयंती शहर कांग्रेस कमेटी के कैंप कार्यालय म्युनिसिपल मार्केट पर मनाई गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष शिशिर वाजपेई ने कहा कि १८५७ में भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में मंगल पांडे ने अपनी अहम भूमिका निभाई थी मंगल पांडे का जन्म उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में हुआ था एवं उनके पिता का नाम दिवाकर पांडे था श्री वाजपेई ने कहा मंगल पांडे १८५७ में अंग्रेजी हुकूमत का विद्रोह करने वाले प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे कांग्रेस नेता आमोद मिश्र ने कहा की आज देश की युवा पीढ़ी को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से बहुत कुछ सीखना चाहिए एवं उनके देश प्रेम एवं आपसी सौहार्द से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए प्रदेश कांग्रेस सदस्य धीरेश कश्यप ने कहा मंगल पांडे जैसे तमाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दम पर आज देश में लोकतंत्र जीवित है तथा आज देश उनके त्याग और बलिदान के लिए कृतज्ञता है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शारदा प्रसाद अमन राठौर बाबू खान राज गुप्ता शाकिब अंसारी धीरज यादव आदि मौजूद रहे।

# नई सोच हमेशा नए आविष्कारों को जन्म देती है : इं. अवनीश कुमार पटेल

**( स्वतंत्र भारत )**

महमूदाबाद-सीतापुर। नई सोच हमेशा नए आविष्कारो को जन्म देती है। विद्यार्थियों को हमेशा चीजों को लेकर जिज्ञासु रहना अपने माता-पिता और समाज की सेवा के साथ हमेशा देश सेवा का भाव मन में होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के २०४७ में विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को मिश्र व तुषार ने माल्यार्पण, बैज अलंकरण व स्मृति चिन्ह देकर किया। इस अवसर पर भाजपा नेता मोहन प्रसाद बारी, मण्डल अध्यक्ष कमलेश राजपूत, अजय वर्मा



होगा। प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के सर पर सेब गिरा था तभी उनके मन में ख्याल आया कि यह सेब नीचे क्यों आया। इसी जिज्ञासु सोच ने विज्ञान को एक नई दिशा दी। अगर उस वक्त अल्बर्ट आइंस्टीन का दिमाग जिज्ञासु न होता तो हमें गुरूत्वाकर्षण का सिद्धांत नहीं मिल पाता। इसीलिए मन में जानने और सीखने की प्रवृत्ति हमेशा रखनी चाहिए। यह बात सदस्य विधान परिषद स्नातक खण्ड इं. अवनीश कुमार पटेल ने सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर किये गये कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। सपने खुली आंखों से देखने चाहिए और उन सपनों को पूरा करने की दिशा में पूरी मेहनत करनी चाहिए। युवा देश का भविष्य और ताकत हैं। युवा ही पूरा कर सकते हैं। जूनियर शिक्षक संघ पहला के अध्यक्ष डा. हरिनाम सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सीता ग्रुप आफ एजूकेशन ने २०२३ और २०२४ दो वर्षों में प्रदेश को यूपी टापर देने का कार्य किया। यह सिर्फ महमूदाबाद ही बल्कि अपितु जनपद के लिए गौरव की बात है कि महमूदाबाद के विद्यार्थी आज पूरे प्रदेश में अपनी पहचान बना रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में यह क्षेत्र सदैव अग्रणी रहा है और रहेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन से हुआ। छात्रा अस्मिका और दीपाली ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि का स्वागत संस्था के चेयरमैन आरके वाजपेयी, प्रधानाचार्य जूनियर वर्ग अनंत रत्नम, उप प्रधानाचार्य नीरज वर्मा, अवनीश अवस्थी, अनुशासन प्रमुख बीके शुक्ला, व्यवस्था प्रमुख शिवसेवक डफ्फ़ा, वरिष्ठ शिक्षक आरजे वर्मा, प्रधान अनूप सूरज, गौरव मिश्र आदि उपस्थित रहे। प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा ११ की मेधावी छात्रा अंशिका वर्मा, आशी मौर्य, अंशिका वर्मा व अंजली सिंह को प्रथम स्थान, आयुषी वर्मा, ज्ञानेन्द्र वर्मा, मांसी वर्मा, आस्था वर्मा को द्वितीय स्थान, वर्तिका सोनी, अनुप्रिया वर्मा, नेहा वर्मा, पवन कुमार को तृतीय स्थान तथा कक्षा नौ के मेधावी हिमांशु गुप्त को प्रथम, अंशिका वर्मा को द्वितीय व अमन विश्वकर्मा को तृतीय स्थान के साथ-साथ सांत्वना स्थान प्रापत करने वाले कक्षा ग्यारह की अनुष्का वर्मा, अभिनय वर्मा, अभय वर्मा, अन्नू सिंह, सिद्धांत, सिंह, प्रतीक्षा वर्मा, अनमोल बंसल, अंशिका वर्मा, कक्षा नौ की आस्था पटेल, राखी गुपता को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# पति ने ईंट से कुचलकर की पत्ना की हत्या देवर संग रह रही थी महिला

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। सीतापुर कोतवाली क्षेत्र के सरसई गांव में बीती रात एक युवक ने ईंट से कूंचकर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गांव निवासी मृतका के अनूप के मुताबिक उनके भाई धर्मेंद्र की शादी १५ साल पहले लक्ष्मी ( ३६ ) से हुई थी। दोनों में आए दिन विवाद होता था। इस कारण, वह दोनों दस साल पहले अलग हो गए थे। इसके बाद लक्ष्मी उसी घर में देवर अनूप के साथ रहने लगीं। जिससे उसे चार बच्चे भी हुए है। अनूप के मुताबिक बृहस्पतिवार सुबह लक्ष्मी और धर्मेंद्र में विवाद हो गया। इसके बाद धर्मेंद्र कहीं चला गया। अनूप ने बताया कि शाम को जब वह वापस आया तो दोनों में लड़ाई चल रही थी। इस दौरान धर्मेंद्र ने ईंट से लक्ष्मी को मार दिया और भाग गया। अनूप ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस महिला को लेकर सीएचसी पहुंची। वहां चिकित्सकों ने लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है की पति की इच्छा थी कि महिला उनके साथ भी रहे। बता दें कि पति धर्मेंद्र से महिला को दो पुत्र थे। देवर अनूप से महिला को दो पुत्रियां हुई थीं। इस्पेक्टर अरविंद सिंह ने बताया आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज करके जेल भेजा रहा है।

# नगर पालिका परिषद महमूदाबाद एवं मिश्रिख-नैमिषारण्य के रिक्त अध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही : नीतीश कुमार

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (न०नि०) नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उ.प्र., लखनऊ के पत्र १६.०७.२०२५ द्वारा नगरीय निकायों के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन के सम्बन्ध में आयोग द्वारा पूर्व में जारी स्थायी आदेशों/परिपत्रों में दिये गये निर्देशानुसार समुचित व्यवस्था/कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद सीतापुर के नगर पालिका परिषद महमूदाबाद एवं मिश्रिख-नैमिषारण्य के रिक्त अध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। आयोग के पत्र दिनांक ३०.०८.२०२२ द्वारा नगरीय निकायों के चुनाव में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के पद पर निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए अधिकतम व्यय सीमा रू. ९,००,००० निर्धारित की गयी है। उन्होंने आयोग द्वारा पूर्व में निर्गत उक्त पत्र के क्रम में नगरीय निकाय उप निर्वाचन, जुलाई/अगस्त-२०२५ के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद महमूदाबाद एवं मिश्रिख-नैमिषारण्य रिक्त अध्यक्ष पद हेतु भाग लेने वाले प्रत्याशियों को सूचित किया है कि नामांकन दाखिल करने की तिथि से निर्वाचन परिणाम की घोषणा तक चुनाव प्रचार आदि में प्रतिदिन विभिन्न मदों में जो व्यय किया जाएगा, उसका लेखा-जोखा तैयार किया जाएगा। चुनाव से सम्बन्धित व्यय किये जाने हेतु प्रत्याशी द्वारा एक अलग से खाता खोला जाएगा। उक्त खाते की सूचना रिटर्निंग आफिसर एवं जनपद स्तरीय कमेटी को दी जाएगी। निर्वाचन में व्यय की गई धनराशि के भुगतान की कार्यवाही उक्त खाते से प्रत्याशियों द्वारा की जाएगी। सभी प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर जिसे रिटर्निंग आफिसर द्वारा उन्हे उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें चुनाव प्रचार हेतु व्यय की गई धनराशि को प्रतिदिन दर्ज किया जाएगा। प्रश्नगत निर्वाचन में व्यय हेतु लोकसभा सामान्य निर्वाचन-२०२४ में राजनैतिक दलों से विचार-विमर्श के उपरान्त निर्धारित की गई विभिन्न मदों की दरें मान्य होंगी। उक्त निर्धारित दर रिटर्निंग आफिसर से समस्त प्रत्याशियों को उपलब्ध करायी जायेगी। रिटर्निंग आफिसर द्वारा चुनाव प्रचार से सम्बन्धित सामग्री/वस्तुओं आदि की उक्त निर्धारित दर के सम्बन्ध में सभी प्रत्याशियों को अवगत कराया जायेगा। निर्वाचन समाप्त होने के उपरान्त सभी प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन परिणाम घोषणा से तीन माह के भीतर निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर मूल व्यय बाउचर सहित जनपद स्तर गठित समिति/प्रभारी अधिकारी (व्यय-लेखा)/वरिष्ठ कोषाधिकारी, सीतापुर को उपलब्ध कराया जाएगा। निर्वाचन समाप्ति के पश्चात प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत किये गये व्यय लेखा रजिस्टर का प्रभारी अधिकारी (व्यय-लेखा)/वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा परीक्षण किया जायेगा। परीक्षण में यदि किसी प्रत्याशी द्वारा निर्धारित अधिकतम व्यय सीमा से अधिक धनराशि व्यय की गयी पायी जाती है तो उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जाएगी।

# प्रदेश में कानून का राज, अराजकता की इजाजत किसी को नहीं : भूपेन्द्र चौधरी

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी बरेली सर्किट हाउस पहुँचे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा पदाधिकारियो से मुलाकात की और पार्टी की गतिविधियों को जाना। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कांवड़ यात्रा के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- 'समाजवादी पार्टी का चरित्र हमेशा हिंदू समाज से जुड़े मुद्दों पर विवादित टिप्पणी करने वाला रहा है। चाहे हमारे धर्मगुरुओं की बात हो या हमारी आस्था व परंपराओं की–उनकी सरकार के दौरान कांवड़ यात्रा पर कई बार रोक लगाने की कोशिश की गई। लेकिन योगी आदित्यनाथ की सरकार में हर





व्यक्ति को अपनी धार्मिक आस्था के अनुरूप त्यौहार मनाने की पूरी स्वतंत्रता है। सरकार ने सभी समुदायों के त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हों, इसके लिए पुख्ता व्यवस्था की है। कांवड़ यात्रा करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ी हुई है, और सरकार ने इसे शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं वही भूपेंद्र चौधरी ने आगे कहा,÷अगर कोई कानून अपने हाथ में लेता है, तो सरकार उसके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करेगी। प्रदेश में कानून का राज है, अराजकता की इजाजत किसी को नहीं है। पुलिस जांच कर रही है, और जांच के बाद ही सारी बातें स्पष्ट होंगी। लेकिन समाजवादी पार्टी जिस तरह धार्मिक कार्यक्रमों को विवादित करने की कोशिश कर रही है, वह संदेहास्पद है और यह किसी षड्यंत्र का हिस्सा भी हों सकता है

## यतिन भाटिया के निवास पर पहुंचे, शोक संवेदना व्यक्त की



भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह आज यतिन भाटिया के निज निवास पर उनके स्वर्गीय पिता जी की मृत्यु के पश्चात् शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे साथ में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार, एमएलसी संतोष सिंह, एससी एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, रामगोपाल मिश्रा, विष्णु शर्मा, बंटी ठाकुर, उपसभापति नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# छह हजार कांवड़ियों का आज श्री रामलीला समिति बाबा बनखंडी नाथ करेगी स्वागत

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भोले नाथ को समर्पित सावन माह में गुरुवार को जोगी नवादा स्थित बाबा बनखंडी नाथ मंदिर से 6000 कांवड़ियों का समूह कछला गया था। भोले के भक्तों का गंगाजल लेकर आने पर बाबा बनखंडी नाथ मंदिर में रविवार की शाम को श्री रामलीला समिति द्वारा स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने दी। उन्होंने बताया की सभी भोले के भक् रविवार की रात्रि को मंदिर में विश्राम करेंगे।
सोमवार को सभी भक्तजन भगवान शंकर का श्रृंगार कर जलाभिषेक करेंगे। इससे पूर्व मेला संयोजक गिरधारी लाल साहू, समिति के संरक्षक धर्मेंद्र राठौर रिंकू , संजीव शर्मा, सुनील दत्त शर्मा, संजू राठौर, शोभाराम, अमर सिंह राठौर, प्रमोद राठौड़, वैभव भारद्वाज , सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी स्वागत करेंगे।



भोले के सभी भक्तों की भोजन व्यवस्था भी समिति द्वारा की जा रही है।

**नगरवासियों ने कांवड़ियो को कराया जलपान।**

**फतेहगंज पूर्वी।** 17तारीख को नगर से करीब सौ से ज्यादा कांवड़ियो का जत्था हरिद्वार जल भरने गया था जिसके उपरांत वहाँ से कांवड़ों में जल भरकर पैदल यात्रा कर शनिवार दोपहर दो बजे जब हाईवे से गोला गोकर्णनाथ के लिए जलाभिषेक करने जा रहे थे तो नगरवासियों ने हनुमान मंदिर के पास कांवड़ियो के लिए जलपान की व्यवस्था की थी कांवड़ियो के नगर में पहुंचने पर नगरवासियों ने सभी को फूल मालाएं पहनाकर, मिठाई, फल खिलाकर उनका स्वागत किया।नगर चेयरमैन संजय पाठक, बिलपुर प्रधान बबिता मिश्रा, विनोद मिश्रा, व नगर पंचायत कर्मियों ने कांवड़ियो पर पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत किया।जिसके उपरांत सभी कंवड़िये गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर के लिए शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए चले गए। 20 तारीख को जलाभिषेक कर नगर में वापसी करेंगे।

# एनएसपीसी पोस्टर लोकार्पण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि बरेली महानगर के द्वारा कांति कपूर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में आज एनएसपीसी पोस्टर लोकार्पण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के क्षेत्रीय संयोजक रणवीर ने बताया पूरे भारत में पर्यावरण जागरूकता को लेकर एक प्रतियोगिता नेशनल स्टूडेंट पर्यावरण कंपटीशन 2025 ( एनएसपीसी) आयोजित किया जा रहा है । इस कंपटीशन में विद्यालय में पढ़ रहे बच्चे और हर आयु वर्ग का व्यक्ति सहभागिता कर सकता है । वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण सक्सेना जी ने बैठक में सभी को प्रतियोगिता में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए और अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आग्रह किया। बैठक में प्रांत संयोजक शिवेंद्र जी,विभाग संयोजक विवेक जी, महानगर सहसंयोजक मनोज बाजपेई, महानगर नारी शक्ति प्रमुख रचना सक्सेना, विवेक पटेल, प्रेम शंकर गंगवार, पुष्पेंद्र ,विक्रम अग्रवाल मनोज मेहरा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद ने कांवड़ मार्गों में विशेष सफाई अभियान चलाया

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** चल रहे पवित्र सावन माह के दूसरे सोमवार को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक द्वारा सफाई कर्मियों की टीम के साथ कावड़ मार्गो पर विशेष सफाई अभियान चलाया ताकि सोमवार को कावड़ लेकर गुजरने वाले शिव भक्तों को किसी तरह की असुविधा न हो सके। पवित्र सावन माह में सरकार द्वारा नगर निकाय एवं नगर पालिकाओं को कावड़ मार्गो पर विशेष साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे उसी क्रम में नगर पालिका परिषद फरीदपुर के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक सुरजीत सिंह चौहान शुक्रवार को सुबह से ही अपनी सफाई कर्मियों की टीम के साथ कांवड़ लेकर गुजरने वाले मार्गो पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया सड़क फुटपाथ एवं नालियों की विशेष रूप से साफ सफाई अपनी मौजूदगी में कराई ताकि कांवरिया भक्तों को इन मार्गों से गुजरते समय किसी तरह की परेशानी ना हो सके।

# संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने सुनीं समस्याएं

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** शनिवार को फरीदपुर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पहुंची मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को बड़े ही गंभीरता के साथ सुना और उनके द्वारा दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र का अवलोकन करते हुए उनके विभागों के संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए उनका समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण किए जाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद समस्त विभागों के अधिकारियों कौन निर्देशित करते हुए कहा कि
संपूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। संपूर्ण समाधान दिवस में 216 शिकायतें प्राप्त हुऐ, जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया,जबकि शेष शिकायतों को उनके संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेज दिया गया ताकि उनका जल्द से जल्द समाधान किया जा सके। संपूर्ण



समाधान दिवस में, भूमि विवाद, अवैध कब्जे, और अन्य सामान्य समस्याओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। संपूर्ण समाधान दिवस में उसे समय एक ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई जब तहसील क्षेत्र के ग्राम नगरिया की एक पीड़ित युवती पुष्पा पुत्री भजनलाल ने गांव के दबंगों द्वारा फर्जी तरीके से उसके मकान पर कब्जा कर लिया जिसको छुड़ाने के लिए उसने लगभग 3 साल से लगातार तहसील समाधान दिवस थाना समाधान दिवस जिलाधिकारी मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजें सैकडो चक्कर अधिकारियों के लगाए ताकि उसे इंसाफ मिल सके मगर उसकी समस्या का आज तक समाधान न होने पर उसने आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपनी वृद्ध मां के साथ समस्या के समाधान कराए जाने के लिए पहुंची और प्रार्थना पत्र मुख्य विकास अधिकारी को सौंपा और न्याय की गुहार लगाई पीडिता इतना दौड़ते दौड़ते टूट चुकी थी कि उसने मुख्य विकास अधिकारी के सामने ही अपना सिर टेबिल पर मारना शुरू कर दिया जिससे उसके माथे व सिर मैं चोट आने से वेशुद्ध सी हो गई तत्काल उपस्थित कर्मियों ने उसे ले जाकर पानी पिलाया। मुख्य विकास अधिकारी ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता की शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका समयबद्ध तरीके से समाधान करें। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी विश्राम सिंह एसडीएम मल्लिका नैन, तहसीलदार सुरभि राय, नायब तहसीलदार अजय सिंह, कोतवाली प्रभारी राधेश्याम, सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाकर टक्कर मारने के मामले में मुकदमा दर्ज

**आंवला।** रोडवेज स्टैंड निवासी राजेश माहेश्वरी ने आंवला पुलिस से शिकायत कर बताया कि उसकी मनौना धाम स्थित मंदिर के पास प्रसाद की दुकान है, उस पर राजपुर कला का सज्जन सिंह पुत्र राजवीर नौकरी करता है। 05 जुलाई को प्रातः करीब 8 बजे अपने नौकर सज्जन सिंह को अपनी मोटर साईकिल UP24 DQ3181 से अपने पुत्र प्रियांशु माहेश्वरी को डयूटी के बाद आंवला घर भेजा था तभी आंवला बिसौली रोड पर नीम की ज्यारत के निकट पहुंचने पर आंवला की तरफ से आ रही मोटर साईकिल संख्या यूपी25 डीवी 6875 के चालक प्रवेन्द्र कुमार पुत्र नेत्रपाल निवासी मनौना थाना आंवला बरेली ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए गलत साईड में आकर मोटरसाइकिल में जोर दार टक्कर मार दी।

# इलैक्ट्रिकल सिटी बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर



-स्वतंत्र भारत-

**भमोरा।** बरेली बदायूं हाईवे स्थित कस्बा देवचरा की एक बैंक के समीप इलैक्ट्रिकल बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर जिससे बाइक सवार युवक के गंभीर चोटें आई हैं टक्कर मारकर इलैक्ट्रिकल बस चालक ने बस को दौड़ा दिया। राहगीरों ने बस का पीछा कर बस को मकरंदपुर रेलवे क्रासिंग के समीप पकड़ लिया।पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले कर घायल को उपचार हेतु बरेली के एक निजी अस्पताल में भेजा है।
भमोरा थाना क्षेत्र के गांव नकटपुर निवासी आलम शाह पुत्र रमजानी शाह ने बताया कि उसका छोटा भाई जाफर शाह उम्र करीब 33 वर्ष वह घर से देवचरा के लिए अपना आधार कार्ड बनवाने आया था उसने कहा कि बरेली बदायूं हाईवे स्थित कस्बा देवचरा की ग्रामीण बैंक के समीप बने डिवाइडर कट से बाइक मोड़ते समय बरेली की ओर से तेज रफ्तार में आई इलैक्ट्रिकल बस ने बाइक में टक्कर मार दी बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक रोड पर गिर गई और बाइक सवार के गंभीर चोटें आई हैं बस चालक ने टक्कर मारकर बस को दौड़ा दिया राहगीरों ने पीछा करके बस को मकरंदपुर रेलवे क्रासिंग के समीप पकड़ लिया।पुलिस को सौंप दिया। सड़क हादसे में घायल हुए युवक को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील परिसर में किया वृक्षारोपण



-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे मां महोत्सव कार्यक्रम के तहत शनिवार को तहसील फरीदपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने तहसील प्रांगण में वन विभाग द्वारा आयोजित एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत पीपल का पेड़ लगाकर पौधारोपण किया। इस दौरान एसडीएम फरीदपुर मल्लिका नाम तहसीलदार सुरभि राय खंड ने भी के पौधों का रोपण किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी ऋषि ठाकुर, विजय सिंह, विक्रम चौधरी एवं तहसील का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


# कार्यालय नगर नगर पंचायत डेरवा बाजार, प्रतापगढ़

पत्रांक– 149/ई–टेण्डर/न0पं0डे0बा0/2025–26 दिनांक– 28/06/2025

## ई–निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत डेरवा बाजार में पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत डेरवा बाजार, प्रतापगढ़ में कराये जाने वाले विकास पर कुल 19 कार्यों हेतु ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति अपनी ई–निविदा ई–प्रोक्योरमेन्ट की अधिकृत वेबसाईट http://etender.up.nic पर निम्नानुसार पर ई–निविदा डाउनलोड/अपलोड कर सकते हैं। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी http://etender.up.nic पर उपलब्ध हैं। यदि वेबसाईट के किसी तकनीकी कारणों से प्रकाशित तिथि से निविदाओं के वेबसाईट पर प्रदर्शन मे भिन्नता होती है तो डाउनलोड/अपलोड का समय यथावत अर्थात पूर्व की भाँति न्यूनतम् निर्धारित समयावधि दी जायेगी तथा किन्ही कारणों से निर्धारित तिथि को निविदा खोली नही जा सकी तो अगले कार्यालय कार्य दिवस में खोला जायेगा इसमें किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

| क्रमांक | ई-निविदा प्रकाशन की तिथि | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की प्रारम्भ तिथि व समय | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | हार्ड कापी कार्यालय में जमा करने की तिथि | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 30.06.2025 अपराह्न समय 12:55 बजे | 30.06.2025 अपराह्न समय 12:55 बजे | 29.07.2025 पूर्वाह्न समय 9:55 बजे | 29.07.2025 अपराह्न समय 12:55 बजे तक | 29.07.2025 अपराह्न समय 2:00 बजे |

### निविदा शुल्क का विवरण

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क | | | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | निविदा शुल्क | GST@18 % | योग | |
| 1 | वार्ड नं0-09 पंकज तिवारी के घर से शंकर लाल राधेश्याम के घर से होते हुए लालजी सरोज के घर तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | ₹ 14,79,218.00 | ₹ 1,47,922.00 | ₹ 1,500.00 | ₹ 270.00 | ₹ 1,770.00 | 90 दिन |
| 2 | वार्ड नं0-05 पक्की सड़क से डबलू कोटेदार के घर के आगे तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | ₹ 11,13,267.00 | ₹ 1,11,327.00 | ₹ 1,200.00 | ₹ 216.00 | ₹ 1,416.00 | 90 दिन |
| 3 | वार्ड नं0-08 बड़ी नहर से सरोज बस्ती तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | ₹ 22,11,158.00 | ₹ 2,21,116.00 | ₹ 2,300.00 | ₹ 414.00 | ₹ 2,714.00 | 90 दिन |
| 4 | वार्ड नं0-05 पक्की सड़क से विवेक सिंह के घर तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | ₹ 11,86,443.00 | ₹ 1,18,644.00 | ₹ 1,200.00 | ₹ 216.00 | ₹ 1,416.00 | 90 दिन |
| 5 | वार्ड नं0-06 पूरेधुनू में जमुना के घर से लेकर बच्चा शर्मा के घर तक कवर्ड नाली एवं सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | ₹ 10,64,863.00 | ₹ 1,06,486.00 | ₹ 1,100.00 | ₹ 198.00 | ₹ 1,298.00 | 90 दिन |
| 6 | वार्ड नं0-01 आजम के घर से इण्टरलाकिंग तक व रसीद के घर तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | ₹ 16,25,606.00 | ₹ 1,62,561.00 | ₹ 1,700.00 | ₹ 306.00 | ₹ 2,006.00 | 90 दिन |
| 7 | वार्ड नं0-14 लाल जी के घर से गोपाल नाथ के चबूतरे तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | ₹ 14,23,729.00 | ₹ 1,42,373.00 | ₹ 1,500.00 | ₹ 270.00 | ₹ 1,770.00 | 90 दिन |
| 8 | वार्ड नं0-02 बच्चा कोरी के घर से हनुमान मन्दिर तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | ₹ 14,79,218.00 | ₹ 1,47,922.00 | ₹ 1,500.00 | ₹ 270.00 | ₹ 1,770.00 | 90 दिन |
| 9 | वार्ड नं0-08 में जीत लाल पटेल के घर से रामराज पटेल के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण। | ₹ 19,10,214.00 | ₹ 1,91,021.00 | ₹ 2,000.00 | ₹ 360.00 | ₹ 2,360.00 | 90 दिन |
| 10 | वार्ड नं0-08 रामबहुदर के घर से तुलसी राम के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | ₹ 19,10,214.00 | ₹ 1,91,021.00 | ₹ 2,000.00 | ₹ 360.00 | ₹ 2,360.00 | 90 दिन |
| 11 | वार्ड नं0-10 महियामऊ रोड से शिवम स्वीट हाउस तक सी0सी0 रोड निर्माण। | ₹ 12,70,093.00 | ₹ 1,27,009.00 | ₹ 1,300.00 | ₹ 234.00 | ₹ 1,534.00 | 90 दिन |
| 12 | वार्ड नं0- 02 पक्की सड़क से जवाहर टेलर के घर तक कवर्ड नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | ₹ 19,06,536.00 | ₹ 1,90,654.00 | ₹ 2,000.00 | ₹ 360.00 | ₹ 2,360.00 | 90 दिन |
| 13 | वार्ड नं0- 02 पक्की सड़क से सम्राट टेन्ट हाउस के घर तक कवर्ड नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | ₹ 16,96,634.00 | ₹ 1,69,663.00 | ₹ 1,700.00 | ₹ 306.00 | ₹ 2,006.00 | 90 दिन |
| 14 | वार्ड नं0-06 धारूपुर मार्ग से देवराज मौर्या घर तक कवर्ड नाली निर्माण एवं सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | ₹ 18,99,228.00 | ₹ 1,89,923.00 | ₹ 1,900.00 | ₹ 342.00 | ₹ 2,242.00 | 90 दिन |
| 15 | वार्ड नं0-08 संजय सरोज के घर के पीछे कवर्ड नाली व सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | ₹ 12,69,068.00 | ₹ 1,26,907.00 | ₹ 1,300.00 | ₹ 234.00 | ₹ 1,534.00 | 90 दिन |
| 16 | वार्ड नं0-05 पक्की सड़क से राम मिलन सरोज के घर तक कवर्ड नाली व सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | ₹ 10,91,745.00 | ₹ 1,09,175.00 | ₹ 1,100.00 | ₹ 198.00 | ₹ 1,298.00 | 90 दिन |
| 17 | वार्ड नं0-13 पक्की सड़क से सुरेश के घर तक कवर्ड नाली व सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | ₹ 11,98,365.00 | ₹ 1,19,837.00 | ₹ 1,200.00 | ₹ 216.00 | ₹ 1,416.00 | 90 दिन |
| 18 | वार्ड नं0-06 धारूपुर मार्ग से राम सिंह के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | ₹ 24,78,676.00 | ₹ 2,47,868.00 | ₹ 2,800.00 | ₹ 504.00 | ₹ 3,304.00 | 90 दिन |
| 19 | वार्ड नं0-05 पक्की सड़क से संजय के खेत तक सी0सी0 रोड व कवर्ड नाली निर्माण कार्य। | ₹ 27,32,174.00 | ₹ 2,73,217.00 | ₹ 2,800.00 | ₹ 504.00 | ₹ 3,304.00 | 90 दिन |

नोट- नियम व शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(अजित कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत डेरवा बाजार
प्रतापगढ़


(कुँवर बहादुर पटेल)
अध्यक्ष
नगर पंचायत डेरवा बाजार
प्रतापगढ़

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, रविवार, 20 जुलाई 2025



# हरदोई





## सीडीओ ने किया पाली बस स्टेशन का निरीक्षण



स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा द्वारा उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0, लखनऊ द्वारा निर्मित कराये जा रहे परिवहन निगम के बस स्टेशन पाली का निरीक्षण किया गया। परियोजना 01 मार्च 2024 को स्वीकृति हुई थी तथा पूर्णता की तिथि 31 मार्च निर्धारित थी। परियोजना की कुल लागत रू 1.92 करोड़ स्वीकृति हुई थी। विस्तृत आगणन के अनुसार 1.50ग177 मीटर बाउन्ड्रीवाल, 3.00ग 3.54 मीटर इन्चार्ज रूम, 6.29ग4.00 मीटर वेटिंग हाल व चार सेट शौचालय, सेप्टिंक टैंक, सोक पिट एवं ओपन एरिया में इण्टर लांकिग लगाये जाने का प्राविधान है। निरीक्षण के समय बाउन्ड्रीवाल का निर्माण का कार्य चल रहा था एवं लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण था। इन्चार्ज रूम, वेटिंग रूम एवं शौचालय निर्माण का कार्य छत स्तर तक पूर्ण है, दीवारों पर प्लास्टर का कार्य पूर्ण है, परन्तु शौचालय की दीवारों के प्लास्टर में फिनिशिंग नहीं है, जो ठीक कराये जाने योग्य है। संपूर्ण भवन में इलेक्ट्रिक स्वीच, स्वीच बोर्ड एवं सीलिंग फैन मानक के अनुसार नहीं पाये गये, जिन्हें बदल कर प्राविधानित मानक के अनुसार लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बाउन्ड्री वाल पूर्ण होने के बाद वाल पेन्टिंग में स्थानीय स्तर पर प्रसिद्ध स्थलोंध्कला कृतियों आदि की आकर्षक वाल पेन्टिंग करायी जाये। कार्य पूर्णता की निर्धारित समय सीमा 31 मार्च 2025 निर्धारित थी, जिसके सापेक्ष कार्य लगभग 04 माह विलम्बित हो चुका है। विलम्ब के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाये। मौके पर उपस्थित कार्यदायी संस्था के ए0पी0एम0 श्री अशोक कुमार त्यागी को निर्देशित किया गया कि वह 15 अगस्त, 2025 तक गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूर्ण कराकर विभाग को हस्तानान्तरित करायें। भवन में लगाये गये खिड़की एवं दरवाजे के फ्रेम में प्राइमर का कार्य भली-भॉति नहीं पायी गया, जिसे ठीक कराकर ही आगे का कार्य कराया जाये। निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही ईटों का नमूना लिया गया, जिसकी जॉच लोक निर्माण विभाग की प्रयोगशाला में करायी जाये तथा परिणाम प्राप्त होने पर पृथक से कार्यवाही की जाये। अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निख-1 ईटों की स्ट्रेन्थ की जॉच राहुल यादव, सहायक अभियंता की उपस्थित में करवाकर आख्या उपलब्ध करवायें। निरीक्षण के समय संजय अग्रहरि, उप जिलाधिकारी, सवायजपुर, श्री अशोक कुमार द्विवेदी, खण्ड विकास अधिकारी, भरखनी, राहुल यादव, सहायक अभियंता, ग्रा अभि विभाग, हरदोई, संतोष कुमार रावत, सहायक अभि लोनिवि, हरदोई, अशोक कुमार त्यागी, सहायक परि प्रबन्धक, यूपीपीसीएल, लखनऊ उपस्थित रहे।

## डीएम एसपी ने किया राजघाट व बाबा मंशानाथ मंदिर का भ्रमण



स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** कावड़ यात्रा व श्रावण मेले का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा ने आज पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के साथ राजघाट व बाबा मनसा नाथ मंदिर बिलग्राम का भ्रमण किया। राजघाट में उन्होंने मेले की समस्त व्यवस्थाओं को देखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बैरीकैटिंग को थोड़ा पीछे खिसकाया जाए ताकि काँवड़ यात्रियों को जल भरने में आसानी हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में साफ सफाई के बेहतर प्रबंध किए जाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मेले में सुरक्षा की व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए पुलिस टीमें लगातार गस्त पर रहे। राजघाट के निरीक्षण के बाद वह बाबा मंशानाथ मंदिर बिलग्राम पहुंचे। यहां उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया मंदिर परिसर में वंदन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्य को देखा तथा कार्य में आवश्यक सुधारो के संबंध में संबंधित अधिकारियों व कार्यकारी संस्था को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वंदन योजना में कराए गए कार्यों के निरीक्षण के लिए एक तकनीकी समिति का गठन किया जाए जो कराये जा रहे कार्यों की कर्मियों को चिन्हित करे तथा तदनुसार आवश्यक सुधार किए जाएं। सुधार न करने की दशा में संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था की जवाबदेही तय की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिलग्राम पूनम भास्कर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## चबूतरे पर रखी छह बैटरी चुरा ले गए अज्ञात चोर

● चोरों की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद

स्वतंत्र भारत



**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मौलागंज में शुक्रवार शनिवार की रात तकरीबन 3 बजे दीपचंद अवस्थी के चबूतरे पर रखी 6 बैटरियां चोरी कर ली। चोरों की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।सीसीटीवी फुटेज शनिवार को शाम 5 बजे से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मोहल्ला मौलागंज निवासी दीपचंद अवस्थी पुत्र छोटेलाल अवस्थी के अनुसार कल रात्रि में उनका माल आया था तो उन्होंने रिप्लेस वाली बैटरियां चबूतरे पर रख दीं । इसी बीच रात्रि में 3 बजे चोरों ने सभी 6 बैटरियां चोरी कर लीं। चोरों की यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दीपचंद अवस्थी ने बताया चार बड़ी बैटरी और दो छोटी बैटरी शामिल हैं। बैटरी की कीमत लगभग 16, 400 है तस्वीर में हमारे दर्शक देख सकते हैं कि किस तरह से बैटरियां पकड़कर चोर बेखौफ होकर जा रहे हैं। फिलहाल दीपचंद अवस्थी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस बैटरी चोरों की पहचान कर रही है। प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## रजिस्ट्रार कार्यालय सवायजपुर का हुआ शिलान्यास

**हरदोई।** सवायजपुर तहसील में कार्यालय उप निबन्धक सवायजपुर भवन का शिलान्यास रवीन्द्र जायसवाल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के कर कमलों द्वारा आज वर्चुअली सम्पन्न किया गया। उप निबन्धक कार्यालय सवायजपुर के भवन के निर्माण कार्य की लागत धनराशि 228.95 लाख स्वीकृत है। निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 लखनऊ नामित है। इस अवसर पर सवायजपुर के विधायक की धर्मपत्नी श्रीमती शैलजा सिंह एवं मण्डल प्रतिनिधि उपस्थित रहे तथा तहसील सवायजपुर की जनता भी उपस्थित रही। उप महानिरीक्षक निबन्धन, सीतापुर वृत्त, सीतापुर निरन्जन कुमार, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, हरदोई प्रवीण कुमार यादव, उप निबन्धक सदर अखिलेश प्रताप सिंह, उप निबन्धक बिलग्राम मनोज कुमार मिश्र, उप निबन्धक शाहाबाद प्रवीण कुमार एवं उप निबन्धक सवायजपुर कु0 नेहा भी उपस्थित रही।



## बिहार के मतदाता ऑनलाइन भर सकते है गणना प्रपत्र

**हरदोई।**उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने भारत निर्वाचन आयोग के पत्र के क्रम मे जनपद हरदोई मे बिहार राज्य के निवासरत मतदाताओं को सूचित किया है कि बिहार राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की अंतिम तिथि 25 जुलाई, 2025 तक, गणना प्रपत्र प्राप्त किए जाने हैं। उन्होंने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद हरदोई मे रह रहे बिहार राज्य के मतदाता ऑनलाइन माध्यम अथवा परिवार के सदस्यों के सहयोग से गणना प्रपत्र भर सकते है। प्रारूप निर्वाचक नामावली 01 अगस्त, 2025 को प्रकाशित की जाएगी और दावा-आपत्ति की अवधि 01 अगस्त, 2025 से 01 सितंबर, 2025 तक निर्धारित है। ऐसे मतदाता जो बिहार राज्य के जनपद हरदोई मे निवासरत है वह अपने मोबाइल फोन, वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन गणना प्रपत्र स्वयं भर सकते हैं। इसके अलावा वे प्री-फिल्ड फॉर्म अन्य माध्यम से बीएलओ को भेज सकते हैं, या परिवार के सदस्य के माध्यम से बीएलओ को प्रेषित कर सकते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण में गणना प्रपत्र भरने हेतु 11 दस्तावेजों में से कोई भी संलग्न किया जा सकता है।

## आरसी सेंटर बने शोपीस ग्रामीणों को गुमराह कर सरकार की धनराशि पर लगाया जा रहा चूना

**टोंडरपुर/हरदोई।** विकास खण्ड टोंडरपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आर आर सी सेंटर सो पीस बन कर रह गए हैं। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना केंद्रो का उपयोग नहीं किया जा रहा है। सरकार ने स्वच्छता अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में लाखों रुपए खर्च कर के आर आर सी सेंटर बनवाया है, लेकिन जिम्मेदारों की हीला हवाली के चलते ये शोपीस बने हुए हैं, लेकिन गांवों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है आर आर सी सेंटर तो बन चुके हैं, लेकिन संचालन नहीं किया गया है। कुछ अभी भी अधूरे पड़े हैं प् क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया आर आर सी सेंटर मुख्य रूप से खानापूर्ति के समान है, ग्रामीणों की मानें तो कही अर्द्ध निर्मित व मानक विहीन सामग्री का उपयोग किया गया है, तो कहीं मौके पर ताले लटक रहें हैं। फिर भी जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं। विकासखंड अधिकारी टोंडरपुर ने बताया संबंधित प्रधान व सचिवों को बताया गया है कि जल्द ही इनका संचालन कराया जायेगा।





## आभूषण, नगदी एवं बाइक सहित दो अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

**हरदोई।** माधौगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र में बाबा का भेष रखकर दो महिलाओं के आभूषण लेकर फरार होने के मामले में चोरी के आभूषण, नगदी और चोरी की बाइक सहित दो अंतर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



प्राप्त विवरण में पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम, चोरी, नकबजनी व टप्पेबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना माधौगंज के प्रभारी विजय कुमार और पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर इम्तियाज पुत्र विसमिल्लाह और असगर पुत्र सूभानी निवासीगण ग्राम कुंदनगंज थाना बंछरावा जनपद रायबरेली को जनपद में घटित चोरीध्टप्पेबाजी घटनाओं से संबंधित एक जोडी पायल (सफेद धातु), घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया तथा उनकी निशानदेही पर कुल पांच लाख रुपए की नगदी बरामद की गयी। पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह है जो बाबाध्फकीर बनकर लोगों के साथ टप्पेबाजी की घटना कारित करते है।24 जून को अभियुक्तों द्वारा थाना माधौगंज के मोहल्ला पूर्वी पटेलनगर में बाबा का भेष धारण कर एक महिला को अपनी बातों में उलझाकर भ्रमित कर उनके आभूषण व नगदी लेकर फरार हो गये थे। 23 जून को अभियुक्तों द्वारा थाना माधौगंज के ग्राम केवटी ख्वाजगीपुर में बाबा का भेष धारण कर एक महिला को अपनी बातों में उलझाकर भ्रमित कर उनकी एक जोडी पायल लेकर फरार हो गये थे।माधौगंज थाना पर दोनों अभियोग पंजीकृत हैं।गिरफ्तार असगर पर विभिन्न जनपदों में चार मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस ने गिरफ्तार चोरों को जेल भेज दिया है।

## मिल परिक्षेत्र का निरीक्षण

हरदोई। वीरेन्द्र सिंह निदेशक गन्ना विकास निदेशालय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार पुत्तुलाल ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, लोनी परिषद, संजय सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, हरियावां परिषद के साथ चीनी मिल लोनी से अनिल सिंह, अपर महाप्रबन्धक (गन्ना) एवं गौरव रस्तौगी, उप महाप्रबन्धक (गन्ना) द्वारा चीनी मिल लोनी के परिक्षेत्र का भ्रमण किया। उनके द्वारा गन्ना विभाग में संचालित योजनाएं यथा आरकेवीवाई और एनएसएफएम से सम्बन्धित कार्य का निरीक्षण किया गया उनके द्वारा आधार एवं प्राथमिक पौधशाला लगाने वाले कृषकों ग्राम अल्लापुर में हसीबुद्दीन, ग्राम पैगुसराय में मन्दीप, ग्राम रेभा मुरादपुर में संजय कुमार इत्यादि के प्लाटों पर भ्रमण किया गया।

## विवाहिता ने पति सहित सात पर दर्ज करायी दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद (हरदोई )।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत ग्राम जटपुरा निवासी एक विवाहिता ने अपने पति सहित सात लोगों के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इस संबंध मे पीड़िता नीरजा पुत्री राजकुमार का कहना है कि उसकी शादी हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार 31 जनवरी 24 को रामबाबू पुत्र अंकित निवासी ग्राम चित्रकूट थाना राजेपुर जिला फर्रुखाबाद के साथ हुयी थी जिसमे उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार लगभग बारह लाख रुपये खर्च कर दान दहेज दहेज दिया था लेकिन शादी के कुछ दिन बाद ही अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये नगद तथा सोने की वजनदार चेन की मांग को लेकर पति रामबाबू, ससुर अंकित, जेठ रामवीर, नन्हे, जेठानी उमा, सुशीला और सास जयदेवी आये दिन उसे प्रताड़ित कर मारपीट करने लगे । गत 10 जुलाई को इन्ही लोगो ने दहेज की मांग को लेकर उसे काफी मारा पीटा और उसके पिता को फोन कर उसके द्वारा फांसी लगा देने की सूचना दी गई। सूचना पर उसके माता पिता एवं भाई उसकी ससुराल पहुंचे और उसके ससुरालियो को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन उसके ससुरालीजन दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी किये बगैर उसे अपने घर में रखने को राजी नहीं हुए तब वह अपने पिता के साथ 6 माह की पुत्री को लेकर अपने मायके आ गई। विवाहिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध दहेज प्रताडना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सीडीओ ने अव्यवस्था पर प्रधानाध्यापक पर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा द्वारा उ0 प्रा0 विद्यालय भिठारी विकास खण्ड बावन का शनिवार को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने शिक्षण कार्य की गुणवत्ता को परखने हेतु कक्षाओं में जाकर शिक्षण कार्य को देखा गया तथा बच्चों से सामान्य श्रेणी के प्रश्न पूछे। विद्यालय की पुताई की गुणवत्ता अत्यंत ही असंतोषजनक पायी गयी।

जबकि इन्चार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा कम्पोजिट ग्रान्ट की धनराशि का उपयोग पुताई कार्य पर दर्शाया गया है। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अजय कुमार, इन्चार्ज प्रधानाध्यापक को कम्पोजिट ग्रान्ट की धनराशि का सदुपयोग न करने एवं सफाई व्यवस्था खराब पाये जाने पर नोटिस जारी कर, उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये।उन्होंने पर्यवेक्षकीय उत्तरदायित्व हेतु राम कुमार द्विवेदी खण्ड शिक्षा अधिकारी बावन का भी उत्तरदायित्व निर्धारित करने के निर्देश दिये गये। विद्यालय में पंजीकृत 117 बच्चों के सापेक्ष 82 उपस्थिति पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए अभिभावक संघ की नियमित बैठकें बुलाकर अभिभावक सम्पर्क कर शत-प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। रसोईघर का निरीक्षण करने पर एमडीएम मीनू के अनुसार बनाया जा रहा था। शौचाालय एवं दिव्यांग शौचालय का निरीक्षण किया तथा नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिये गये। विद्यालय परिसर में आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित है, जिसका निरीक्षण किया गया तथा रेण्डमली बच्चों का वजन करवाकर देखा गया। निरीक्षण के समय जिला समन्वयक एमडीएम मयंक त्रिपाठी एवं विद्यालय में इन्चार्ज प्रधानाध्यापक अजय कुमार व सहायक अध्यापक सरस्वती देवी, सुनीता शर्मा, सन्ध्या बाजपेई उपस्थित रहीं।

### परिजनों ने युवक का शव रखकर लगाया जाम

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के बावन चुंगी चैराहे पर शनिवार की दोपहर मोहल्ला सरायं थोक पश्चिमी निवासी मृतक युवक के परिजनों ने उसका शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया।परिजनों ने कोतवाली पुलिस पर आत्महत्या के जिम्मेदार मृतक की पत्नी और एक अन्य युवक के विरुद्ध कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है।सड़क जाम की सूचना पर शहर कोतवाली के प्रभारी ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर कार्यवाही का आश्वासन देकर जाम खुलवाया और शव को अंतिम संस्कार के लिए भिजवाया। प्राप्त विवरण में कोतवाली शहर क्षेत्र के मोहल्ला सरायं थोक पश्चिमी निवासी मृतक के परिजनों के अनुसार 28 वर्षीय सुमित कश्यप ने अपनी पत्नी और एक अन्य युवक की प्रताड़ना से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतक ने आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में कोतवाली पुलिस से शिकायत की थी।लेकिन पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं की गई। सीओ सिटी अंकित मिश्रा के अनुसार मृतक के भाई अमित कश्यप की लिखित तहरीर के आधार पर मृतक की आरोपी पत्नी और उसके एक अन्य साथी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।पुलिस कानूनी कार्यवाही कर रही है।

## अधिवक्ता को मारपीट कर घायल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहाबाद (हरदोई)।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी एक अधिवक्ता को मारपीट कर घायल करने वाले नामजद स्टाम्प विक्रेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में गत 30 जून 2025 को संत कुमार सिंह पुत्र छेदा सिंह निवासी मोहल्ला खत्ता जमाल खां शाहाबाद जिला हरदोई ने पुलिस को तहरीर दी थी कि सुभाष चन्द्र पुत्र राजाराम निवासी मोहल्ला पठकाना शाहाबाद ने उसे गाली-गलौज करते हुये मारपीट कर घायल कर दिया । इस संबंध में पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2)/ 351(3)61 (2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने जांच में हत्या की साजिश व अन्य किसी भी साजिश को झूठा पाते हुए 61 (2) धारा का लोप कर दिया तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1)६ 352६ 117(2) की बृद्धि कर दी है। उपनिरीक्षक राकेश कुमार और पुलिस बल ने बांछित आरोपी सुभाष चन्द्र पुत्र राजाराम को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



## हरदोई समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं





**हरदोई।** सदर तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने आमजन की समस्याओं को सुना। मौके पर ही पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन से आच्छादित कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। जिलाधिकारी ने आमजन की समस्याओं को सुनते हुए निर्देश दिए कि पैमाइश के प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण कराया जाये। बटवारे व अंश निर्धारण के प्रकरणों में अनावश्यक देरी न की जाये। चकरोड पर कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की जाये। भूमि विवाद के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि त्रुटिपूर्ण विद्युत बिल के सुधार में देरी न की जाये। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि भूमि विवाद की दशा में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर त्वरित कार्रवाई करे। सुमन नाम की एक महिला जिसके पति का देहांत हो चुका है, को समाधान दिवस में निराश्रित महिला पेंशन व उनकी बच्ची को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया गया। एक बच्चा जो देख नहीं सकता था, का जिलाधिकारी ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने व बच्चे को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बच्चे का आरबीएसके के अंतर्गत इलाज कराने हेतु निर्देशित किया। जवाहर, शिव प्रकाश नाम के व्यक्तियों को मौके पर ही वृद्धावस्था पेंशन से आच्छादित कराया गया। उमाशंकर नाम के एक व्यक्ति को दिव्यांग पेंशन व उनके दो बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया गया। उमाशंकर को दुकान संचालन योजना का भी लाभ दिलाया गया। मोहिनी नाम की एक महिला, जिनके पति नहीं हैं, के दो बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया गया। बिटोली व रम्मो नाम की बुजुर्ग महिलाओं को वृद्धावस्था पेंशन व आयुष्मान कार्ड से आच्छादित कराया गया। ब्रजलाल नाम के एक व्यक्ति को किसान सम्माननिधि दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश उप निदेशक कृषि को दिए गए। नीलम देवी नाम की एक महिला जिनके पति का देहांत हो चुका है, को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना का लाभ दिलाया गया तथा उनके दो बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया गया। रामस्वरुप का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। आज तहसील समाधान दिवस में कुल 85 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमे से 4 का तत्काल निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रभारी सीएमओ डॉ एके सचान, पीडी अशोक कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंकित मिश्रा व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीमेंट ईट उद्योग के चौकीदार की हत्या, अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद (हरदोई)।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत ग्राम हूंसेपुर के निकट स्थित सीमेंट ईट उद्योग के चौकीदार की बीती 18/19 जुलाई 2025 की रात अज्ञात लोगो ने हत्या कर दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी मार्तंड प्रताप सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना का शीघ्र अनावरण करने का निर्देश दिया है।



इस संबंध मे मृतक तेजा के पुत्र मुकेश उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम हूंसेपुर का कहना है कि गांव से कुछ दूरी पर नटवर पुत्र श्रीकान्त अवस्थी के खेत में चन्द्रप्रकाश शुक्ल पुत्र रामकिशोर शुक्ल निवासी मोहल्ला सरायसैफ कस्वा पाली जिला हरदोई ने लगभग 2 वर्ष पूर्व सीमेन्ट की ईट बनाने का प्लांट लगाया था । जिसमे सीमेन्ट रखने के लिए एक छोटी कोठरी बनी हुई है तथा लेटने के लिए एक पन्नी की झोपड़ी बनी है। इस प्लाण्ट में लगभग 20 माह से उसके पिता तेजा (62) केवल रात्रि मे चौकीदार का काम करते थे। रोज की भांति 18 जुलाई को भी नौ बजे रात मे खाना खाने के बाद चैकीदारी करने के लिए प्लांट पर गये थे।शनिवार के दिन प्रातः लगभग 6 बजे जब प्लांट में काम करने बाले मजदूर आये तो उन्होने सूचना दी कि उसके पिता की किसी ने हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही वह अपने परिवारी जनो के साथ जब वहां पर पहुंचा तब देखा कि उसके पिता तेजा का शव प्लान्ट मे बनी झोपड़ी से कुछ दूरी पर उसी खेत में पड़ा हुआ है तथा उनका गला मच्छरदानी के कपड़े से कसा है एवं शरीर में कुछ चोटे भी है जिससे प्रतीत होता है कि उसके पिता की बीती 18/19 जुलाई की रात में अजात व्यक्तियो ने हत्या कर दी है।

घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक उमेश त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं।

# सीखड़ के गौरैया, घमही, खानपुर, सोनवर्षा, आराजी लाइन सुल्तानपुर शीतला धाम गांव में पहुंचा बाढ़ का पानी





**चुनार (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में गंगा का बाढ़ अपना रौद्र रुप दिखा रहा है। सीखड़ ब्लाक के गौरैया, घमही, खानपुर,सोनवर्षा, आराजी लाइन सुल्तानपुर गांव बाढ़ की चपेट में आ गया।किसानों द्वारा खेत में बोया फसल डूब रहा है।किसान गंगा का रौद्र रूप देख कर चिंतित हो गए हैं। भारी संख्या में किसानों ने खेतों में बुआई कर चुके हैं। जहां गौरैया, घमही, रामगढ़ खानपुर, सोनवर्षा, मझरा, धनैता, फुल्हा, मेड़िया आदि गांव बाढ़ से घिर गया है। वही किसानों द्वारा बोया गया मूंग,उतैला, तिल्ली, मूंगफली, मक्का, अरहर, बैगन, लौकी, कोहड़ा, भिंडी आदि सब्जी कि फसल एवं पशुओं के लिए बोया गया चारा भी बाढ़ कि चपेट में आकर पूरी तरह से बर्बाद हो रहा हैं। इसी तरह गंगा का पानी बढ़ता रहा तो किसानों कि गाढ़ी कमाई गंगा के बाढ़ में बर्बाद हो जाएगी। किसान अखिलेश त्रिपाठी, जितेंद्र प्रकाश सिंह रिंकू, रामराज पांडेय, भास्कर दुबे, विकास त्रिपाठी आदि ने बताया कि इसी तरह गंगा में बाढ़ रहा तो सारी खेती बरबाद हो रही है।

# कोटार नाथ शिव मंदिर अदवा नदी के रपटा बारिश से हुआ क्षतिग्रस्त, प्रधान ने जेसीबी से करायी मरम्मत



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध कोटार नाथ शिव मंदिर के अदवा नदी पर स्थित रपटा अदवा नदी के क्षतिग्रस्त रपटा का ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह ने जेसीबी मशीन से क्षतिग्रस्त रपटा का मरम्मत कार्य कराया है। जिससे सावन माह में आने वाले काँवरियो को दर्शन पूजन में किसी भी प्रकार कि कोई दिक्कत परेशानी का सामना ना करना पड़े। अदवा नदी के पानी से अदवा नदी का रपटा क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे भक्तों को मंदिर में जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। भक्तो के परेशानियों को देखते हुए ग्राम प्रधान द्वारा क्षतिग्रस्त रपटा का मरम्मत कार्य कराया है। ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह ने बताया कि अदवा नदी पर स्थित क्षतिग्रस्त रपटा का जेसीबी मशीन से मरम्मत कार्य कराया गया है जिससे भक्तो को किसी भी प्रकार कि परेशानी ना होने पाए।

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम अवधेश प्रताप सिंह (AOUDHESH PRATAP SINGH) हैं। गलती से ड्राइविंग लाइसेंस में अवधेश सिंह (AWDHESH SINGH) अंकित हो गया है। अतः मुझे अवधेश प्रताप सिंह AOUDHESH PRATAP SINGH) के नाम से जाना पहचाना जाए।अवधेश प्रताप सिंह पुत्र राम बक्श सिंह नि0 ग्रा0 बहादुरपुर, त0 हैदरगढ़, जि0 बाराबंकी।

**सी.आर.-823/D-44**

### संबंध विच्छेद

मैंने पुत्र शकीर मोहम्मद पुत्रवधू शमा परवीन को दुर्व्यवहार के का जीबीरण सन 2018 में अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं । वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे अजीज पुत्र अली हसन नि, मुरादपुर थाना बंडा शाहजहांपुर।

**सी.आर.-822/D-34**

### सूचना

मैं हरी शंकर गुप्ता पुत्र रामनाथ गुप्ता नि.- राजेन्द्र नगर 508 के पीछे झोपड़पट्‌टी थाना, नाका, लखनऊ। मैंने अपने पुत्र शुभम को उसके गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सी.आर.-819/L-38**

### सूचना

मैंने अपने पुत्र आनन्द कुमार को गलत आचरण के चलते समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है अब इनसे मेरा कोई सम्बंध नहीं है। अनीता पत्नी महेन्द्र कुमार, 568क/108 कृष्णापल्ली, आलमबागबेंती, लखनऊ।

**सी.आर.-818/L-30**

### सूचना

मैं अपने पुत्र मो. हमजा के गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। इनके किसी भी कृत्यों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। मोईद अहमद पुत्र मकसूद अहमद, नि.-12/63 कैण्ट रोड उदयगंज, लखनऊ।

**सी.आर.-817/L-36**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD RAFFIUDDIN SIDDIQUI था जो अब बदलकर MOHD RAFIUDDIN SIDDIQUI हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। MOHD RAFIUDDIN SIDDIQUI S/o- MOHD MOHIUDDIN SIDDIQUI , E 115/9 GTB Nagar Kareli Prayagraj UP.

**सी.आर.-821/D-34**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम NOORJABEEN था जो अब बदलकर NOOR JABIN हो गया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। NOOR JABIN W/o- Shakil Ahmad , 171/195 Minhajpur , Prayagraj UP.

**सी.आर.-821/D-27**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम LAVKUSH था जो अब बदलकर LAVKUSH KESHARWANI हो गया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। LAVKUSH KESHARWANI S/O- Raja Ram Keshari , FF-204 Sangam Vihar,269-B Muthiganj, Prayagraj UP.

**सी.आर.-821/D-31**

# जिलाधिकारी ने कांवड़ियों के बीच किया फल वितरण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र शहर में स्थित सद्भावना पुल पर पहुंचकर श्रावण मास में चल रही पवित्र कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कांवड़ियों के बीच फल वितरण किया।

विशेष रूप से बाल कांवड़ियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### अदालती सूचना

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश द्वितीय महोदय उन्नाव
मु.नं. 1074/2024

शेखर शुक्ला उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र श्री श्याम कुमार शुक्ला नि. 1/628 ऋषि नगर शुक्लागंज पोस्ट गंगाघाट जिला उन्नाव...वादी

बनाम– नन्दिनी शुक्ला उम्र लगभग 36 वर्ष पुत्री श्री रामखेलावन तिवारी उर्फ हरिहर तिवारी पत्नी शेखर शुक्ला दि. 441 जी.आर./072 गोशाला रोड बालागंज पोस्ट बालागंज जिला लखनऊ..प्रतिवादिनी

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश बवत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24.07.2025 ई. को बवक्त दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेदलाल कराना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज अलकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैरह हाजिरी में आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 19.07.2025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम/रीडर न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश द्वितीय महोदय उन्नाव

**सी.आर.-824/K-CN**

### आवश्यकता

सर्वोदय पी0जी0 कालेज घोसी, मऊ, सम्बद्धः महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में भूगोल विषय में तीन प्राध्यापकों एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान-2, रसायन विज्ञान - 3, प्राणि विज्ञान-2, वनस्पति विज्ञान-2 व गणित 2 विषय में प्रवक्ताओं एवं स्नातक स्तर पर कृषि संकाय में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0/विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं चार पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के भीतर मंत्री/प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक / दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
**प्रबंधक मो0- 8419038468, 9935671334**

**सी.आर.-795/ D**

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र0सं0 1- ई-प्रापण निविदा संख्या :** उपमु0इं0-नि0-छपरा-04-2025, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत माँझी-बकुल्हा स्टेशनों के मध्यम घाघरा नदी पर स्थित पुल सं0 16 के दोनों छोर पर 30.5 मी0 के अतिरिक्त शोर स्पैन के फाउण्डेशन एवं सबस्ट्रक्चर के निर्माण के साथ-साथ पीयर पी-13 के बाटम बिम के जैकेटिंग तथा बियरिंग के नीचे लगे स्टील प्लेट्स के प्रोटेक्शन का कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य :** ₹ 45,71,45,201.31, **बयाना राशि (रू0) :** ₹ 24,35,700.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) :** ₹ 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 (छः) माह, **नोट** - 1- बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि-30.07.2025, 2- उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि-दिनांक 13.08.2025 को 15.00 बजे तक, 3-उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 13.08.2025 को 15.30 बजे, 4- निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट https:// ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।, 5-निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**श्री मसूद अहमद, कार्यपालक इंजीनियर/ निर्माण/छपरा, मो0 नं0 9794845239**

उप मुख्य इंजीनियर/नि0 छपरा

मुजाधि/डब्ल्यू-169

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# सेना के जवान को कांवरियों ने पीटा, मामला गाली गलौज का



**मिर्जापुर।** मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर कावरियों ने मणिपुर जा रहे सेना के जवान की पिटाई कर दी। दर्जन भर कांवरियों ने मिलकर लात घूसों से सेना के जवान की जमकर पिटाई की।कांवरियों का कहना था कि फौजी के द्वारा गाली गलौज दिया गया था। इसी को लेकर फौजी व कांवरियों में कहासुनी हो गई थी। रेलवे पुलिस ने सात कांवरियों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया।

लोगो के मुताबिक कांवरियां और सेना का जवान दोनो मिर्जापुर के ही रहने वाले बताये गये है। घटना के बाद सेना का जवान बिना शिकायत पुलिस को कराये अपने डयूटी पर चला गया। पुलिस ने गिरफ्तार कांवरियों को निजी मुचलके पर छोड़ दिया है।

# पुलिस की सख्त कार्रवाई- धार्मिक भावनाएं आहत करने और स्टंटबाजी में चार आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जिले में कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक इलामरन जी के निर्देश पर घोसी कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। इस संबंध में घोसी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक प्रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और अराजक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सतर्क है।

जिसमे प्रभारी निरीक्षक प्रमेंद्र कुमार सिंह के अनुसार, धरौली निवासी मुजाहिद पुत्र तौफीक और करीमुद्दीनपुर निवासी अहमद रजा पुत्र मुस्तफा रजा ने ट्विटर पर धार्मिक भावना को आहत करने वाला आपत्तिजनक पोस्ट किया था। पोस्ट सामने आने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय भेज दिया गया।एक अन्य मामले में पकड़ी गांव निवासी राम लखन पुत्र राधेश्याम और कृष्णा सोनकर पुत्र महेश सोनकर को सार्वजनिक स्थल पर बाइक से स्टंट करते हुए गिरफ्तार किया गया।

प्रभारी निरीक्षक प्रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे कृत्य न केवल दूसरों की जान के लिए खतरा हैं, बल्कि समाज में अराजकता फैलाने वाले हैं। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

अदालती सूचना ता. पेशी 21.07.2025 सम्मन तनकीह तलब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश / पारिवारिक न्यायालय शाहजहांपुर मूल वाद संख्या 443/2024 सचिन बनाम श्रीमती रचना श्रीमती रचना पत्नी सचिन पुत्री महेंद्र निवासी मोहल्ला दिलजाल बजरिया जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश, पिन कोड 242001 मो. नं. 7307278699, प्रतिवादिनी हरगाह सचिन वादी उक्त आपके नाम एकनालिश बावत अंतर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधि. के लिए दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि बतारीख 21 माह 07 सन् 2025 ई बवक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमे की करवाई से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज बतरीख 14 माह 05 के सन् 2025 ई. में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार न्यायालय प्रधान न्यायाधीश / पारिवारिक न्यायालय शाहजहांपुर।**

**सी.आर.-822/D-**

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली निविदा" आमंत्रित करते हैं:–

**क्रम सं.-1,** कार्य का नामः वमइं/प्रथम/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगो के लिये सुविधाओं का प्रावधान (शौचालय, टिकट बूथ, स्पर्श मार्गदर्शक और पथ)। ई-निविदा सूचना सं: एनईआर-बीएसबी-2025-89, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 1,00,41,076/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 2,00,200/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 12-08-2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन /अवधि की तिथि: 08 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-89 दिनांक 12-08-2025 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी

मुजाधि/डब्लू-168

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार महोदय कोण्डरी द्वितीय तहसील बिसवां जिला सीतापुर**

**दायरा-8-11-2023**
**वाद सं.- T202310640406392**
**ता. पेशी- 23-07-2025**
**श्यामकली ... वादी।**
**बनाम**
**राबिया बेगम .... प्रतिवादी।**
**वाद सं.-6393/2023**
**धारा 34 उ.प्र.रा.संहिता 2006**
**आदेश दिनांक 23-12-2023**

ग्रा. पखनियापुर पर. व तह. बिसवॉं। ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 23 माह 07 सन् 2025 ई. बवक्त 10 बजे दिन के असलन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिब किया गया हो और कुछ उमराय अहस मुताबिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके और कोई भाख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देहा दावा करें आपको लाजिम है कि जुमला दस्तावेज पेश करें जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तकबाल करना चाहते हैं।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकुर आज हाजिर न होंगे तो व गैर हाजिरी फैसला होगा।

अस्तु मेरे दस्तखत और मोहर अदालत को जारी किया गया।

**न्यायालय की आज्ञा से**
**नायब तहसीलदार महोदय कोण्डरी द्वितीय तहसील बिसवॉं जिला सीतापुर**

**सी.आर.-820/D-CN**

### किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सेमीखेड़ा, बरेली

**ई–निविदा सूचना**

इस चीनी मिल में सत्र 2025-26 हेतु सिविल खण्ड में निम्नलिखित कार्यपूर्ति हेतु नीचे दर्शायी गयी निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. Construction of foundations of 02 Nos. Quad Body.
2. Construction of shed at Sugar Loading point S.G. No. 1, 2, 3, 4 & 5.

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक/पंजीकृत एवं अनुभवी निविदाताओं से ई-निविदायें दिनांक 17.07.2025 से 06.08.2025 तक निर्धारित सारणी/समय-समय पर आमंत्रित की जायेगी जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.etender.up.nic.in तथा www.upsugarfed.org से अपलोड की जा सकती है।

प्रधान प्रबन्धक

# स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग रैली का आयोजन, नामांकन वृद्धि पर हुई चर्चा



स्वतन्त्र भारत जमानिया (गाजीपुर)। स्थानीय देवढी न्याय पंचायत के समस्त विद्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय करमहरी से शनिवार को ÷स्कूल चलो अभियान÷ एवं ÷संचारी रोग नियंत्रण÷ को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का शुभारंभ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ सिंह व एआरपी अरविंद कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली के माध्यम से लोगों को 6 से 14 वर्ष के प्रत्येक बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने व निपुण भारत मिशन को सफल बनाने का संदेश दिया गया। रैली में बच्चों ने हाथों में जागरूकता से संबंधित तख्तियां लेकर गाँव-गाँव घूमकर अभिभावकों को जागरूक किया। रैली के समापन पर विद्यालय परिसर में एक विशेष बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें नामांकन वृद्धि को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित विद्यालयों को दिशा-निर्देश दिए गए। वही ग्रामीणों ने भी रैली अभियान की सराहना की और बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति जागरूकता दिखायी। इस मौके पर विनोद सिंह कुशवाहा, भानु प्रताप सिंह, संजय कुमार, सोमनाथ सिंह, धर्मेंद्र पाठक, अर्चना, अन्नपूर्णा, हरिकेश यादव आदि शिक्षक, व सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# मोबाइल चोरी होने पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मवई खुर्द गांव निवासी राजेंद्र सिंह ने शुक्रवार की रात्रि में थाने में तहरीर देकर मोबाइल चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दिए गए तहरीर में बताया है की बीते 25 जून को समय लगभग दो बजे दिन हलिया बाजार में गृहस्थी का सामान लेने आया था की वापस जाते समय वहीं भीड़ भाड़ में किसी ने मेरा मोबाइल निकाल लिया मुझे पता नहीं चला कुछ देर बाद हम प्रार्थी बात करने के लिए मोबाइल जेब में खोजने लगा तो मेरा मोबाइल गायब था। अगल बगल के लोगो से पूछताछ किया लेकिन किसी ने कुछ बताया नहीं शाम को दूसरे मोबाइल से अपने मोबाइल पर फोन मिलाया तो मोबाइल लेने वाले ने फोन उठाया परन्तु अब उसकी नियत खराब हो गई है। वापस नहीं करना चाहता है मेरे मोबाइल से बीस हजार रूपये भी निकाला है। दुरूपयोग करके बिना मेरी अनुमति से जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# पशु पालक के पांच भेड़ को उठा ले गए बाइक सवार, तहरीर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरिया पिपरा गांव निवासी पशु पालक मेवा लाल पाल ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर पांच भेड़ को दो बाइक सवार द्वारा लादकर उठा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की शुक्रवार को सुबह दस बजे भेड़ कवलझर वन चौकी के पास सड़क किनारे चर रही थीं की पांच भेड़ को दो बाइक सवार बाइक पर लादकर उठा ले गए। बाइक सवार के बारे में पता करने पर पता चला है की एक बाइक सवार बगल के गांव का है जो भेड़ को अपने अन्य साथी के साथ उठा ले गया है। घर जाने पर नहीं मिला है। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया है की पशु पालक द्वारा तहरीर मिली है मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# चुनार नगर में किला मोड़ स्थित साहित्य संत धाम घाट गंगा में डूबा

**चुनार (मिर्जापुर)।** तहसील प्रशासन द्वारा बाढ़ क्षेत्र में तीन नावे लगाया गया है। वही नगर के टम्मलगंज से नगर का संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। तहसील प्रशासन द्वारा वहां पर दो नाव लगवाया गया है। जिससे प्रभावित लोग खाने,पीने,दवा आदि रोजमर्रा कि सामान कि खरीददारी कर रहे हैं। किला मोड़ स्थित साहित्य संत धाम घाट गंगा के बाढ़ में डूब गया। वहां पीपल के वृक्ष के नीचे स्थापित मां सरस्वती व गणेश भगवान की प्रतिमा पानी में डूब रहा है।

# शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लगी आग

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के रतेह चौराहा पर शुक्रवार की रात इलेक्ट्रॉनिक और मोबाइल की दुकान में बिजली के तार में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान के भीतर रखा लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। गलरा गांव निवासी राहुल चौरसिया की मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक दुकान है। शुक्रवार रात को दुकान बंद कर दुकानदार घर चले गए रात 1.00 बजे की करीब गस्त पर निकले उप निरीक्षक मनसुख यादव हेड कॉन्स्टेबल विजेंदर राय प्रमोद यादव ने दुकान से धुआं उठता देखकर मकान मालिक को सूचना दिया।

### कार्यालय-नगर पालिका परिषद खैराबाद, जनपद-सीतापुर

पत्रांक 625/न0पा0प0खैराबाद/2025–26 दिनांक : 16.07.2025

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद खैराबाद, सीतापुर द्वारा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जनहित में निम्न कार्य के लिए पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से ई–निविदा दिनांक **दिनांक 18.07.2025 से दिनांक 24.07.2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं, जो **दिनांक 24.07.2025 को पूर्वान्ह 12.00 बजे** खोली जायेगी। निविदा की समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर की जायेगी।

(टेण्डर शेड्यूल www.etender.up.nic.in पर)

| क्र. | नगर पालिका परिषद खैराबाद | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | ----- | 18-07-2025, 05.00 PM | ----- |
| 2. | ----- | Tender Download | 18-07-2025, 05.00 PM | 24-07-2025, 11.30 AM |
| 3. | ----- | Bid Submission | 18-07-2025, 06.00 PM | 24-07-2025, 11.30 AM |
| 4. | Tender Opening | ----- | 24-07-2025, 12.00 AM | ----- |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, खैराबाद, सीतापुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, खैराबाद, सीतापुर**

### कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच।

पत्रॉक 202/37–5 दिनॉक, बहराइच, जुलाई, 14/2025

**नीलाम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 हेतु लघु वन उपज की लाटों (मछली, शहद, खर फूस, जड़ी–बूटी, सेमल रूई, खस, आम का फल, बेंत का फल) का वार्षिक नीलाम दिनांक 30.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रधान कार्यालय, कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, हुजूरपुर बस स्टैण्ड फारेस्ट कालोनी, बहराइच में किया जायेगा। अतः इच्छुक क्रेतागण कृपया भाग लेने का कष्ट करें। नीलामी की शर्ते पूर्ववत् रहेगी इच्छुक क्रेतागण जमानत व विक्रय मूल्य एवं समस्त देय टैक्स आदि जमा करने हेतु अपनें साथ पर्याप्त धनराशि लायें तथा नीलाम में उपस्थित होकर बोली दें।

**(सूरज)**
**प्रभागीय वनाधिकारी**
**कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच।**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# ब्रिक्स को खत्म कर देंगे : ट्रंप



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उभरते वैश्विक गठबंधन ब्रिक्स को लेकर एक बार फिर चेतावनी है दी कि यदि ब्रिक्स संगठित होकर कोई ठोस रूप लेता है, तो वह इसे तुरंत समाप्त कर देंगे। ट्रंप ने पहले भी ब्रिक्स देशों को कड़ी चेतावनी दी थी।
ट्रंप ने कहा, अगर यह ब्रिक्स नाम का समूह वाकई कुछ बनने की कोशिश करेगा, तो मैं इसे फौरन खत्म कर दूंगा। हम किसी को भी अमेरिका के साथ छेड़छाड़ की इजाजत नहीं देंगे। ट्रंप ने ब्रिक्स देशों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की धमकी दी है, जो उन देशों पर लागू होगी जो उनकी नजर में अमेरिका-विरोधी नीतियों का समर्थन करते हैं। इस टैरिफ नीति की घोषणा उन्होंने जुलाई की शुरुआत में की थी।
ट्रंप ने जोर देकर कहा कि वे अमेरिकी डॉलर की वैश्विक रिजर्व मुद्रा की स्थिति को किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने देंगे। साथ ही, उन्होंने केंद्रीय डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को अमेरिका में लागू करने के विचार को पूरी तरह खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा, मैं डिजिटल डॉलर को कभी स्वीकार नहीं करूंगा। यह अमेरिका की वित्तीय स्वतंत्रता को नष्ट कर देगा।
ब्रिक्स ने ट्रंप के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। समूह का कहना है कि उसका मकसद विकासशील देशों को एक साझा मंच प्रदान करना है, न कि अमेरिका का विरोध करना। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। पिछले साल समूह ने ईरान और इंडोनेशिया जैसे नए सदस्यों को शामिल कर अपनी पहुंच बढ़ाई है। ब्राजील में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में नेताओं ने अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका की सैन्य और व्यापार नीतियों की आलोचना की थी।



छाया : गोपी रस्तोगी

## मुझे तोड़ने को बुशरा बीबी का इस्तेमाल कर रहे मुनीर : इमरान

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर तीखा हमला बोला है। इमरान खान ने आरोप लगाया है कि उन्हें जेल में आतंकवादियों से भी बदतर स्थिति में रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा है कि अगर जेल में उनके साथ कुछ भी होता है तो इसके लिए पूरी जिम्मेदारी आसिम मुनीर की होगी। पूर्व पीएम ने कहा, हाल के दिनों में जेल में मेरे साथ किया जाने वाला बर्ताव और भी कठोर हो गया है। यही हाल मेरी पत्नी बुशरा बीबी का भी है। उनकी कोठरी से टेलीविजन तक हटा दिया गया है।

## अमेरिका में ओबामा प्रशासन पर मुकदमे की मांग

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर एक बार फिर बवाल मच गया है। इस बार अमेरिका की खुफिया एजेंसी

### ट्रंप की जीत में रूसी दखल के आरोपों पर तुलसी गबार्ड का पलटवार

की प्रमुख और पूर्व कांग्रेस सदस्य तुलसी गबार्ड ने ओबामा प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनके प्रमुख अधिकारियों ने जानबूझकर रूस के दखल की झूठी कहानी गढ़ी ताकि ट्रंप की वैध जीत को संदेह के घेरे में डाला जा सके। गबार्ड ने इस मामले में आपराधिक जांच और मुकदमे की मांग की है।
तुलसी गबार्ड ने दावा किया कि ओबामा प्रशासन ने खुफिया जानकारी को राजनीतिक हथियार बना दिया और अमेरिकी जनता की इच्छा के खिलाफ काम किया। उन्होंने पूर्व डीएनआई जेम्स क्लैपर, सीआईए निदेशक जॉन ब्रेनन और एफबीआई निदेशक जेम्स कॉमी पर झूठी खुफिया रिपोर्ट तैयार कराने का आरोप लगाया। गबार्ड ने इसे 'देशद्रोही साजिश' करार दिया और कहा कि यह सब ट्रंप को कमजोर करने और एक लंबे समय तक चली साजिश की नींव थी।

## छह महीने और जेल में रहेंगे दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति येओल

**सियोल।** मार्शल लॉ का आदेश देने वाले दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल को अब छह महीने और जेल में रहना पड़ेगा। मार्शल लॉ मामले में येओल पर कई और आरोप तय किए गए हैं। यह आरोप उनको राष्ट्रपति पद से हटाए जाने के लगभग तीन महीने बाद लगाए गए। इसी साल अप्रैल में देश के सांविधानिक न्यायालय ने महाभियोग को बरकरार रखने का फैसला सुनाया था। इसके बाद येओल को पद से हटा दिया गया। मार्च में हुई रिहाई के समय अदालत ने उन्हें हिरासत में लिए बिना विद्रोह का मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी। पिछले दिनों सियोल कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट को मंजूरी देने के बाद यून को वापस जेल भेज दिया था।

## पाकिस्तान में बिना डिलीवरी अरबों का पेमेंट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गजब का घोटाला सामने आया है। इसमें जॉगर्स, जूतों और गर्म ट्राउजर्स पर अरबों रुपए के

### कपड़ों-जूतों पर पानी की तरह बहाए पैसे

एडवांस पेमेंट की बात सामने आई है। हैरानी की बात यह है कि इन सामनों की डिलीवरी मिली ही नहीं। तटीय रक्षा के लिए नौका खरीद में भी ऐसा ही खेल सामने आया है। यह सब पाकिस्तान के आंतरिक मंत्रालय के तहत आने वाले सिविल कानून प्रवर्तन एजेंसियों में हुआ है। ऑडिट रिपोर्ट में यह खुलासा होने के बाद वहां पर खलबली मची हुई है।
ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक इन तमाम खरीदारी में बेसिक नियमों का भी पालन नहीं हुआ है। द न्यूज इंटरनेशनल के मुताबिक रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे मामले में अनियमित खर्च, कुछ खास सप्लायर्स को फेवर करना और नियमों को तोड़ने जैसी गंभीर चीजें सामने आई हैं। यह ऑडिट पाकिस्तान के विभिन्न डिपार्टमेंट्स में हुई खरीदारी में की गई है। इनमें पाकिस्तान रेंजर्स, फ्रंटियर कोर, पाकिस्तानी तटरक्षक बल आदि शामिल हैं। ऑडिट रिपोर्ट में तमाम उदाहरण दिए गए हैं कि कैसे गलत ढंग से खरीदारी की गई।

## एक नज़र

### बोइंग स्टारलाइनर को 2026 तक ग्राउंडेड

**न्यूयॉर्क।** नासा ने क्रू कैप्सूल बोइंग सीएसटी-100 स्टारलाइनर को 2026 तक के लिए ग्राउंड (सेवा से बाहर) करने का फैसला किया है। जून 2024 में तकनीकी खराबी आने के बाद से ही बोइंग स्टारलाइनर काफी चर्चा में था। नासा के अनुसार, इसे ठीक करने में 2026 तक का समय लगेगा। तब तक के लिए बोइंग स्टारलाइनर के सभी मिशन को रद कर दिया गया है। पिछले साल सुनीता विलियम्स समेत कई अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में लेकर गया बोइंग स्टारलाइनर अचानक से खराब हो गया था। इसके कारण क्रू मेंबर्स को कई महीनों तक स्पेस में रहना पड़ा था, जिसके बाद नासा ने बोइंग स्टारलाइनर को क्रू मेंबर्स के बिना ही धरती पर वापस बुलाया था। नासा के अनुसार, जून 2024 में क्रू फ्लाइट टेस्ट के दौरान बोइंग स्टारलाइनर में गंभीर समस्याएं देखने को मिली थीं। इसमें कई जगहों पर हीलियम गैस लीक होने लगी थी। अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में पहुंचने के बाद कैप्सूल के 28 में से 5 कंट्रोल थ्रस्ट फेल हो गए थे।

### सीरिया-इजरायल संघर्ष विराम पर सहमत

**दमिश्क।** सीरिया के स्वैदा प्रांत में सीरियाई बलों और ड्रूज अल्पसंख्यक समुदाय के बीच हिंसा के बाद इजरायल ने सीरिया पर हमले किए। अब अमेरिकी दूत के हवाले से दावा किया जा रहा है कि सीरिया और इजरायल संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। सीरिया में अमेरिकी दूत टॉम बैरक ने कहा कि स्वैदा से सीरियाई बलों की वापसी के बाद इजरायल ने संघर्ष विराम कर लिया है। बैरक ने कहा कि इजरायल और सीरिया के बीच नए युद्ध विराम का तुर्किये, जॉर्डन और अन्य पड़ोसी देशों ने समर्थन किया है। इजरायल ने कहा कि वह ड्रूज समुदाय की रक्षा के लिए काम कर रहा है, जो इजरायल में एक बड़ा समुदाय है और एक वफादार अल्पसंख्यक के रूप में देखा जाता है।

### ट्रंप के दावों पर शिवसेना सांसद का कटाक्ष

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बार-बार के दावों पर कटाक्ष किया है। प्रियंका ने पूछा कि अगर ऐसा है तो समझौता कहां है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रियंका चतुर्वेदी ने ट्रम्प के नए दावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें उन्होंने कहा था कि दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच सैन्य गतिरोध के दौरान पांच जेट मार गिराए गए। एक बयान जिसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है और यह भी नहीं बताया गया है कि किस देश को नुकसान हुआ और इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम समझौते का कारण व्यापार प्रस्ताव है। चतुर्वेदी ने लिखा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप बार-बार यह दोहराते रहते हैं कि व्यापार समझौते के तहत भारत-पाकिस्तान युद्धविराम पर सहमत हुए हैं, तो फिर ऐसा क्यों है कि भारत-अमेरिका के बीच अभी तक कोई व्यापार समझौता नहीं हुआ है? क्या इसीलिए राष्ट्रपति भारत पर दबाव बनाने के लिए इसे बार-बार दोहराते रहते हैं? चूंकि अमेरिका भी जानता है कि पाकिस्तान के साथ कोई व्यापार समझौता नहीं है, सिर्फ आतंकवाद से जुड़ा समझौता है क्योंकि पाकिस्तान सिर्फ इसी में माहिर है।

### बांग्लादेश ने 34 भारतीय मछुआरों को बीच समुद्र से पकड़ा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने 34 भारतीय मछुआरों को अपनी समुद्री सीमा में कथित रूप से मछली पकड़ने के आरोप में हिरासत में लिया है। यह घटना 14-15 जुलाई की रात को मोंगला बंदरगाह के पास हुई, जहां बांग्लादेशी अधिकारियों ने दो भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं- एफबी झोर और एफबी मममल चंडी को भी जब्त कर लिया। भारतीय विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, मछुआरों पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार करने और बांग्लादेशी जलक्षेत्र में मछली पकड़ने का आरोप लगाया गया है। भारत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत राजनयिक चैनलों के माध्यम से बांग्लादेशी अधिकारियों से संपर्क किया है। भारतीय उच्चायोग ने ढाका में बांग्लादेशी अधिकारियों के साथ इस मुद्दे को उठाया और मछुआरों तक तत्काल कांसुलर पहुंच की मांग की। सूत्रों ने बताया, जैसे ही हमें इस घटना की जानकारी मिली, हमने बांग्लादेशी अधिकारियों से संपर्क किया।

### केरल में होगा आवारा कुत्तों का टीकाकरण

**तिरुचिरापल्ली।** केरल में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए, राज्य सरकार अगस्त से आवारा कुत्तों के लिए एक महीने का टीकाकरण अभियान शुरू करेगी। यह पहल स्थानीय स्वशासन विभाग और पशुपालन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। यह निर्णय स्थानीय स्वशासन विभाग के मंत्री एमबी राजेश और पशुपालन मंत्री जे चिंचुरानी की उपस्थिति में हुई एक बैठक में लिया गया। पालतू कुत्तों के लिए टीकाकरण अभियान सितंबर में शुरू होने वाला है। व्यापक योजना के तहत, सरकार पालतू कुत्तों के लिए लाइसेंस लेना भी अनिवार्य करेगी।

## जर्मनी में जन्म दर दो दशकों के निचले स्तर पर

**बर्लिन।** जर्मनी को यूरोप की आर्थिक महाशक्ति कहा जाता है। लेकिन आज यह देश एक ऐसी चुनौती का सामना कर रहा है जो न केवल उसकी सामाजिक संरचना

### सामाजिक संरचना के साथ आर्थिक स्थिरता भी खतरे में

को प्रभावित कर रही है, बल्कि भविष्य की आर्थिक स्थिरता को भी खतरे में डाल रही है। जर्मन फेडरल स्टैटिस्टिकल ऑफिस (डेस्टाटिस) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, 2024 में जर्मनी की जन्म दर 1.35 बच्चे प्रति महिला तक गिर गई, जो पिछले दो दशकों में सबसे निचला स्तर है। यह आंकड़ा न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह एक गहरे सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की ओर इशारा करता है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, जर्मनी में जन्म दर में लगातार गिरावट देखी जा रही है, जो अब लगभग दो दशकों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। 2024 में जर्मनी में कुल 677,117 बच्चे पैदा हुए, जो 2023 की तुलना में 15,872 कम है।
यह 2 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है, हालांकि पिछले वर्षों (2022 और 2023 में क्रमशः 8 प्रतिशत और 7 प्रतिशत की गिरावट) की तुलना में यह कमी धीमी हुई है। 2024 में माताओं की औसत आयु 31.8 वर्ष और पिताओं की 34.7 वर्ष रही, जो 2021 से स्थिर है। पहली बार माता-पिता बनने वालों की औसत आयु क्रमशः 30.4 और 33.3 वर्ष थी। 1991 के बाद से माता-पिता की औसत आयु में लगभग चार वर्ष की वृद्धि हुई है, जो देर से बच्चे पैदा करने की प्रवृत्ति को दर्शाता है। जर्मनी की जन्म दर दशकों से 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर (रिप्लेसमेंट लेवल) से नीचे रही है, जिससे दीर्घकालिक जनसांख्यिकीय बदलावों की चिंता बढ़ रही है। कम जन्म दर से श्रम बल में कमी, पेंशन प्रणाली पर बढ़ता दबाव और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि कोविड-19 महामारी के प्रभाव, यूक्रेन युद्ध, महंगाई और जलवायु संकट जैसे कारकों ने परिवार नियोजन को प्रभावित किया है, जिसके कारण कई लोग बच्चों को जन्म देने में देरी कर रहे हैं या इसे टाल रहे हैं।

## अमेरिकी स्कूलों को छह अरब डॉलर की शिक्षा फंडिंग पर रोक

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने से ठीक पहले पब्लिक स्कूलों के लिए तय छह अरब डॉलर की फंडिंग रोक दी

### विरोध में 20 से ज्यादा राज्य

है। यह फंडिंग खासकर उन स्कूल कार्यक्रमों के लिए होती है, जो पिछड़े, ग्रामीण, कम-आय वाले या विशेष जरूरतों वाले छात्रों की मदद करते हैं। इसमें आफ्टर-स्कूल प्रोग्राम, शिक्षक प्रशिक्षण, इंग्लिश-लर्निंग और स्टूडेंट सपोर्ट जैसी योजनाएं आती हैं। इन फंड्स की समीक्षा अब बजट विभाग कर रहा है। यह पैसा राज्य सरकारों के सामान्य शिक्षा बजट का हिस्सा नहीं होता, बल्कि विशेष फेडरल अनुदान होता है जिससे लोकल स्कूल जिले अपने जरूरी कार्यक्रम चलाते हैं। जून 30 को जारी एक सख्त मेमो में कहा गया कि जब तक समीक्षा पूरी नहीं होती, कोई अनुदान जारी नहीं किया जाएगा। यह घोषणा ऐसे समय आई है जब स्कूलों में पढ़ाई दोबारा शुरू होने वाली है। इससे स्कूलों को अपने बजट में भारी बदलाव करने की आशंका है। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले के खिलाफ अब 20 से ज्यादा राज्यों ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर दी है।

## गाजा में 50 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से में शनिवार को 50 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार ये सभी खाने के पैकेट के लिए जा रहे थे। वहीं अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, इजरायली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाईं, जिसमें कई लोग घायल भी हुए हैं। ये सभी फिलिस्तीनी गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) नाम की संस्था की तरफ से चलाए जा रहे खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे। यह संस्था अमेरिका और इस्राइल की मदद से मई महीने से गाजा में खाना बांट रही है।

## पीएम मोदी पर महुआ मोइत्रा का तंज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना भाषण मां काली और मां दुर्गा के जयघोष के साथ शुरू किया। उनके भाषण में पश्चिम बंगाल को लेकर आगे की रणनीति कि झलक साफ देखी जा सकती थी। वहीं टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि बंगाली वोटर्स को लुभाने के लिए वह हथकंडा अपना रहे हैं। उन्होंने कहा, पीएम मोदी जरा लेट हो गए हैं। मोइत्रा ने कहा, बंगाली वोटर्स को लुभाने के लिए मां काली के जयकारे लगवाने में पीएम मोदी जरा लेट हो गए। मां काली ढोकला न तो खाती हैं और न ही कभी खाएंगी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात से आते हैं और ढोकला वहां की काफी लोकप्रिय डिश है।

## अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई से भारतीयों का मोहभंग

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विश्वविद्यालयों में पढ़ाई से भारतीय छात्रों का मोहभंग हो रहा है। लगातार कड़े हो रहे वीजा नियमों के चलते अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 70 फीसदी की कमी आई

### कड़े वीजा नियमों से छात्रों की संख्या में 70 फीसदी की गिरावट

है। विशेषज्ञों का मानना है कि वीजा अप्वाइंमेंट स्लॉट पर लगी रोक और वीजा स्वीकृति में हो रही देरी के चलते यह गिरावट आई है।
अमेरिका ने हाल ही में वीजा के नियमों में सख्ती की है। इसके बाद अमेरिका जाने के भारतीय छात्रों का मोहभंग होने लगा है। हैदराबाद ओवरसीज कंसल्टेंट के संजीव राय ने एक मीडिया हाउस को बताया कि आमतौर पर इस समय तक अधिकांश छात्र अपने वीजा इंटरव्यू पूरे कर चुके होते हैं और अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे होते हैं। इस साल हम अभी भी हर दिन पोर्टल को देख रहे हैं। ताकि कोई स्लॉट खुल जाए। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है।
विंडो ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के अंकित जैन का कहना है कि जिन छात्रों ने स्लॉट बुक कर लिए हैं, उन्हें अभी तक पुष्टि पत्र नहीं मिल पाया है। बुकिंग कन्फर्म किए बिना स्लॉट खुले रहने का एकमात्र तार्किक कारण यह हो सकता है कि अमेरिका सिस्टम का परीक्षण कर रहा है। आईटू0 फीवर कंसल्टेंसी के अरविंद मंडुवा ने कहा कि अगले कुछ



दिनों में स्लॉट जारी नहीं किए गए, तो हजारों सपने चकनाचूर हो जाएंगे। हम लगभग 80 फीसदी की गिरावट देख रहे हैं। हमें हर दिन छात्रों और उनके अभिभावकों से घबराहट भरे फोन आ रहे हैं।
अमेरिका में कड़े वीजा नियमों के चलते भारतीय छात्र दूसरे देशों का रुख कर रहे हैं। एक छात्र ने कहा कि वह अब ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की पढ़ाई के लिए जर्मनी जाएगा। मैं इंतजार नहीं कर सकता था। मैं एक साल गंवा सकता था। इस समय हालात ठीक नहीं हैं, इसलिए मैंने अपना आवेदन वापस लेने का निर्णय लिया है।
**स्लॉट शुरू हो गए हैं : दूतावास**
हैदराबाद स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि स्लॉट फिर से शुरू हो गए हैं। छात्र दूतावास या वेबसाइट पर अप्वाइंटमेंट की उपलब्धता की जांच कर सकते हैं। हम वीजा आवेदकों की पूरी तरह से जांच कर रहे हैं ताकि यह तय हो सके कि उनका इरादा अमेरिका या हमारे हितों को नुकसान पहुंचाने का नहीं है। आवेदक वीजा के लिए अपनी पात्रता को साबित करें, जिसमें यह भी शामिल है कि वे अपने प्रवेश की शर्तों के अनुरूप गतिविधियों में शामिल होने का इरादा रखते हैं। हम आवेदकों को जल्द से जल्द आवेदन करने और इन वीजा श्रेणियों के लिए अतिरिक्त समय की अपेक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## टेलीविजन डेब्यू कर रही हैं उर्फी जावेद की छोटी बहन डॉली!

जल्द आ रहा है एक अनोखा रियलिटी शो - 'छोरियाँ चली गाँव'। भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़े इस शो में 11 आत्मनिर्भर लड़कियां अपने शहरी जीवन को छोड़कर गांव की जिंदगी जीने निकल पड़ती हैं, बिना किसी गैजेट या आधुनिक सुविधाओं के। 'छोरियाँ चली गाँव' एक ऐसा अनुभव है जो भावना, संस्कृति और बदलाव को एक साथ लाता है और एक नई सोच के साथ इंडिया और भारत के बीच की दूरी को कम करता है। इन लड़कियों का इस सफर में होस्ट बनकर साथ दे रहे हैं रणविजय सिंघा, जो अपनी दमदार लीडरशिप और सादगी भर अंदाज़ के लिए जाने जाते हैं। शो में हिस्सा ले रही हैं डिजिटल स्टार डॉली जावेद, जिनकी खास स्टाइल, बेबाक अंदाज़ और नई पीढ़ी से गहरा जुड़ाव उन्हें एक अलग पहचान दिलाता है। हालांकि वो इंटरनेट सेंसेशन उर्फी जावेद की छोटी बहन हैं, लेकिन डॉली ने अपने फैशन सेंस, रियल और दिल से जुड़े कॉन्टेंट के जरिए अपनी एक अलग जगह बनाई है। और अब 'छोरियाँ चली गाँव' के साथ, वो पहली बार टीवी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं एक रियलिटी शो में, जहां न कोई फ़िल्टर होगा, न रीटेक सिर्फ सच्चा और कच्चा अनुभव।डॉली जावेद कहती हैं, ''मुझे 'छोरियाँ चली गाँव' का हिस्सा बनना वाकई बहुत सम्मान की बात लगती है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं गांव में जाकर काम करूंगी, यहां तक कि गोबर तक उठाऊंगी! शो के लिए तैयार होने के दौरान मैंने थोड़ा बहुत अपना स्टाइल भी साथ रखा है - स्किनकेयर, हेयरकेयर और कुछ फैशन मस्ट-हैव्स जरूर पैक किए हैं।'' वो कहती हैं, ''और हमारे होस्ट रणविजय... मैं उन्हें हमेशा से बहुत एडमायर करती हूं। उनके होस्टिंग स्टाइल में जो सच्चाई और कनेक्शन है, वो मुझे बहुत इंस्पायर करता है। मैं लेकर आ रही हूं थोड़ा फैशन, बहुत सारी सच्चाई और शायद आपको कहीं ना कहीं सरप्राइज़ भी कर दूं।'' जी टीवी पर जल्द प्रसारित होगा नया रियलिटी शो 'छोरियाँ चली गाँव'।



## मेकअप से है इन्हें प्यार!

कई अभिनेत्रियों के लिए मेकअप सिर्फ प्रोफेशनल ज़रूरत नहीं, बल्कि खुद को बयां करने का एक तरीका और एक शौक भी है। एंडटीवी की लोकप्रिय अभिनेत्रियों- सोनल पंवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की मलाइका) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी) ने हाल ही में मेकअप के अपने शौक और उससे जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें शेयर कीं। सोनल पंवार, जोकि 'हप्पू की उलटन पलटन' में मलाइका का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, ''यह मायने नहीं रखता कि मेरे पास पहले से ही पांच ब्लश और दस लिपस्टिक हैं; अगर कुछ अच्छा दिख जाए, तो मैं उसे आज़माए बिना रह नहीं सकती। मेरे लिए मेकअप एक तरह की थेरेपी है। नए शेड्स और फिनिश एक्सप्लोर करना मुझे बेहद पसंद है। चाहे ऑनलाइन ब्राउज़ कर रही हूं या शॉपिंग मॉल से गुजर रही हूं, किसी न किसी तरह से मैं कुछ ना कुछ खरीद ही लेती हूं। मेरे लिए मेकअपएक



आज़ादी है, जैसा मन हो, वैसा लुक क्रिएट करने की।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में खूबसूरत और ग्रेसफुल अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव भी मेकअप को लेकर उतनी ही दीवानी हैं। उन्होंने बताया, ''मेकअप की खरीदारी मेरे लिए एक ऐसा शौक है जिसे मैं बहुत एंजॉय करती हूं। ये वो चीज़ है जिसके लिए मुझे कभी पछतावा नहीं होता। मुझे लिप कलर्स बदलना, टेक्सचर कंपेयर करना और नए ट्रेंड्स आजमाना बहुत अच्छा लगता है, भले ही अभी उनकी जरूरत नहीं हो। मेकअप मेरे लिए अपनी पर्सनैलिटी का एक्सटेंशन है। मैं ऐसे प्रोडक्ट्स पसंद करती हूं जो मेरी स्किन, मूड और किरदार के मुताबिक हों। मेरा मेकअप स्टाइल हमेशा सॉफ्ट और नैचुरल रहता है, जो मेरी फीचर्स को उभारता है लेकिन ज्यादा हैवी नहीं लगता। चाहे शूट की तैयारी हो या कोई हल्की-फुल्की आउटिंग, सही मेकअप पूरे मूड को उठा देता है।''


## बाजार दर्पण

